संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 01 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 88 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## नवरात्रि के तीसरे दिन देवी चंद्रघंटा की होती है पूजा



नवरात्रि का पर्व देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है, जिनका स्वरूप सौम्य और शांतिपूर्ण होने के साथ-साथ अत्यंत शक्तिशाली भी है। देवी चंद्रघंटा को शक्ति और साहस की देवी माना जाता है। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र सुशोभित रहता है, जिस कारण इन्हें 'चंद्रघंटा' नाम से पुकारा जाता है।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## पीएम मोदी हमारे नेता हैं और आगे भी रहेंगे:

**टीम एक्शन इंडिया**
**नागपुर।** पीएम मोदी के उत्तराधिकार की अटकलों को महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने खारिज कर दिया। फडणवीस ने कहा कि पीएम मोदी आने वाले कई वर्षों तक देश का नेतृत्व करते रहेंगे। नागपुर में संवाददाताओं से बातचीत में फडणवीस ने दावा किया कि 2029 में हम मोदी को चौथी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखेंगे।
**उत्तराधिकारी पर चर्चा करने की जरूरत नहीं** : महाराष्ट्र सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के उत्तराधिकारी की तलाश करने की कोई आवश्यकता नहीं है। पीएम मोदी हमारे नेता हैं और आगे भी बने रहेंगे। नेता के सक्रिय रहते हुए उत्तराधिकार पर चर्चा करना भारतीय संस्कृति में अनुचित माना जाता है।
**अभी चर्चा का समय नहीं**: फडणवीस शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने दावा किया कि पीएम मोदी का उत्तराधिकारी महाराष्ट्र से आएगा। इस पर फडणवीस ने जवाब दिया कि हमारी संस्कृति में जब पिता जीवित हो तो उत्तराधिकार के बारे में बात करना अनुचित है। यह मुगल संस्कृति है। इस पर चर्चा करने का समय अभी नहीं आया है। संजय राउत ने दावा किया कि पीएम मोदी रविवार को नागपुर

# 'आत्मनिर्भरता की दिशा में परमाणु ऊर्जा की अहम भूमिका'

● केन्द्रीय मंत्री डा. जितेन्द्र सिंह की पोस्ट पर प्रधानमंत्री मोदी ने दिया जवाब

**आत्मनिर्भर ऊर्जा**

▶▶ बजट की खास बात यह रही कि सरकार ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का फैसला किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊर्जा के क्षेत्र में स्थायित्व और आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा में परमाणु ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह की व्यावहारिक टिप्पणियों की सराहना की। उन्होंने डॉ. सिंह द्वारा एक्स पर की गई पोस्ट का जवाब देते हुए कहा कि जितेंद्र सिंह ने विस्तार से बताया कि कैसे परमाणु ऊर्जा भारत के सतत और आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य की खोज में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरी है। केंद्रीय मंत्री डा. जितेन्द्र सिंह ने अपने इस लेख में लिखा है कि इस साल के केंद्रीय बजट की खास बात यह रही कि सरकार ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का फैसला किया। यह सिर्फ इसलिए संभव हो पाया, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लीक से हटकर फैसले लेते हैं। आज भारत का परमाणु परिदृश्य बदल चुका है। 2013-14 में मात्र 4,780 मेगावाट से, परमाणु क्षमता 70 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 8,180 मेगावाट तक पहुंच गई है, जो 24 चालू रिएक्टरों में फैली हुई है। इन संयंत्रों से वार्षिक बिजली उत्पादन 2013-14 में 34,228 मिलियन यूनिट से बढ़कर 2023-24 में 47,971 मिलियन यूनिट हो गया है। जबकि परमाणु ऊर्जा वर्तमान में भारत के बिजली उत्पादन में लगभग 3 प्रतिशत का योगदान देती है, कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में 21 रिएक्टरों की कुल क्षमता 15,300 मेगावाट होने के साथ यह आंकड़ा काफी हद तक बढ़ने वाला है। डा.सिंह ने लिखा है कि ध्यान केवल क्षमता विस्तार से हटकर स्वदेशी तकनीक विकसित करने पर केंद्रित हो गया है। 2023-24 में गुजरात के काकरापार में भारत के पहले स्वदेशी 700 मेगावाट दबावयुक्त भारी जल रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) का सफलतापूर्वक चालू होना आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। देश ने परमाणु ईंधन चक्र क्षमताओं में भी प्रगति की है, प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) 2024 में महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल करेगा, जिसमें प्राथमिक सोडियम भरना और सोडियम पंपों को चालू करना शामिल है। देश ने पीएचडब्ल्यूआर के डिजाइन और निर्माण में महारत हासिल कर ली है। 500 मेगावाट प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के पूरा होने के साथ फास्ट ब्रीडर रिएक्टर तकनीक ड्राइंग बोर्ड से वास्तविकता में बदल गई है। भारत के परमाणु कार्यक्रम का यह दूसरा चरण महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह ईंधन उपयोग दक्षता को बढ़ाता है।



## 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' बना योग दिवस का थीम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। उन्होंने कहा कि यह दिन एक भव्य उत्सव का रूप ले चुका है। स्वस्थ विश्व जनसंख्या के लिए भारत के दृष्टिकोण को साझा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हम योग के माध्यम से पूरी दुनिया को स्वस्थ बनाना चाहते हैं। फिटनेस के साथ-साथ गिनती करना भी एक आदत बनती जा रही है, उन्होंने लोगों के ऐसे उदाहरण दिए, जिसमें वे एक दिन में उठाए गए कदमों, खपत की गई कैलोरी और बर्न की गई कैलोरी की संख्या पर नजर रखते हैं।

## सरकार संसद में लाने जा रही वक्फ बिल

**कर रहे गुमराह**

▶▶ वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर कुछ राजनीतिक दल, संगठन और समूह भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर कुछ राजनीतिक दल, संगठन और समूह भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें इससे बाज आना चाहिए। उन्होंने अपील की कि सरकार इस विधेयक को संसद में लाने जा रही है और विपक्ष से अनुरोध है कि इसपर तार्किक बहस की जाए। वक्फ संशोधन विधेयक पर पत्रकार वार्ता कर मंत्री रिजिजू ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है लेकिन झूठ नहीं फैलाया जाना चाहिए। विधेयक के बारे में तरह-तरह के भ्रम फैलाए जा रहे हैं। इसे असंवैधानिक बताया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि इससे मुसलमानों की जमीन छीन ली जाएगी। इस तरह के झूठ देश और समाज के लिए नुकसान दायक हैं। इसी तरह का झूठ सीएए के दौरान भी फैलाया गया था। हमें गर्व होना चाहिए कि इस देश में अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा सुरक्षित और स्वतंत्र हैं। रिजिजू ने कहा कि वक्फ विधेयक व्यापक विचार-विमर्श हुआ है। इसपर संयुक्त संसदीय समिति ने भी परामर्श प्रक्रिया और लोकतांत्रिक ढंग से सभी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए विधेयक तैयार किया है। वे सभी राजनीतिक दलों से विधेयक पर होने वाली चर्चा में भाग लेने का अनुरोध करते हैं।

## निधि तिवारी को पीएम का निजी सचिव नियुक्त किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आईएफएस अधिकारी निधि तिवारी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निजी सचिव नियुक्त किया गया है। इस बात की जानकारी कार्मिक मंत्रालय ने एक आदेश जारी करते हुए दिया है। आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने निधि तिवारी की निजी सचिव के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। निधि पहले भी कई अहम जिम्मेदारियां निभा चुकी हैं, जिसमें वो प्रधानमंत्री के साथ काम कर चुकी हैं।

## सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र



**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर केरल, गुजरात और अंडामान एवं निकोबार द्वीप समूह के तटों पर अपतटीय खनन की अनुमति देने वाले टेंडरों को रद्द करन की मांग की है। राहुल गांधी ने अपने पत्र के माध्यम से कहा कि ये टेंडर समुद्री जीवन के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि बिना किसी कठोर आकलन के निजी क्षेत्रों को टेंडर देना चिंताजनक हो सकता है। इससे तट पर रहने वाले और अपना पारंपरिक व्यवसाय करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।
**राहुल गांधी ने पत्र में क्या लिखा ?:** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी को लिखे अपने पत्र में कहा कि मैं केरल, गजरात और अंडामान निकोबार के तटों पर अपतटीय खनन की अनुमति देने के केंद्र सरकार के फैसले की कड़ी निंदा करता हूं। बता दें कि राहुल गांधी ने कहा कि वह उस तरीके का विरोध कर रहे हैं, जिसमें पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन किए बिना अपतटीय खनन के लिए टेंडर जारी किए गए। राहुल गांधी ने लिखा कि लाखों मछुआरों ने अपनी आजीविका और जीवन शैली पर पड़ने वाले इसके प्रभाव के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की है। रविवार को सार्वजनिक किए गए पत्र में लोकसभा के नेता पीएम मोदी को संबोधित करते हुए कहा कि मैं केरल, गुजरात और अंडामान निकोबार द्वीप समूह में अपतटीय खनन की अनुमति देने के केंद्र सरकार के फैसले की निंदा करता हूं।
राहुल गांधी ने आगे कहा कि यह अपतटीय खनन लाखों मछुआरों की आजीविका को प्रभावित करेगा और हमारे विविध समुद्री जीवन को अपूरणीय क्षति पहुंचाएगा।

**मांग**

▶▶ सांसद राहुल गांधी ने अपतटीय खनन की अनुमति देने वाले टेंडरों को रद्द करने की मांग की

## केंद्र की शिक्षा नीति पर सोनिया गांधी ने उठाए सवाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सोनिया गांधी ने शिक्षा प्रणाली पर केंद्र की मोदी सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में तीन सी (उ) पर काम कर रही है। सरकार केंद्रीयकरण, व्यावसायीकरण और सांप्रदायिकरण पर जुटी है। शिक्षा के क्षेत्र में इसके घातक परिणाम होंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने समाचार पत्र में लिखे सोनिया गांधी के लेख को सोशल मीडिया पर साझा किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आलोचना अपने लेख में सोनिया गांधी ने लिखा कि केंद्र राज्य सरकारों को समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाले अनुदान को रोककर पीएम-श्री योजना को लागू करने का दबाव बना रहा है।
इस हाई-प्रोफाइल राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने देश के बच्चों और युवाओं की शिक्षा के प्रति बेहद उदासीन सरकार की वास्तविकता को छिपा दिया है।



नई दिल्ली के जामा मस्जिद में ईद-उल-फितर की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

## 8वीं कक्षा तक शैक्षिक आवश्यकता की प्रवेश बाधा हटाने की सिफारिश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद तिरुचि शिवा की अध्यक्षता में उद्योग पर विभाग-संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के निष्पादन की समीक्षा से सम्बन्धित अपनी 328वीं रिपोर्ट संसद में पेश कर दी है। इसमें समिति ने पारंपरिक कारीगरों के लिए आठवीं कक्षा तक की शिक्षा संबंधी आवश्यकता की प्रवेश बाधा को हटाने की सिफारिश की है। समिति ने कहा है कि नैनो श्रेणी के तहत आवेदकों को विशेष विशेषाधिकार या अतिरिक्त लाभ प्रदान किया जाए, क्योंकि 327वें प्रतिवेदन (2025-26) में पहले ही एक नई ' नैनो ' श्रेणी (मौजूदा सूक्ष्म, लघु या मध्यम श्रेणियों के अलावा) बनाने की सिफारिश की जा चुकी है। इसलिए पारंपरिक कारीगरों के लिए आठवीं कक्षा तक की शिक्षा संबंधी आवश्यकता की प्रवेश बाधा को हटा दिया जाए। तेजी से अनुमोदन की सुविधा और प्रक्रियागत देरी को कम करने के लिए एकल खिड़की मंजूरी प्रणाली लागू करें। अयोग्य आवेदकों को छांटने के लिए एक स्वचालित, मेन्यू-संचालित आवेदन प्रपत्र स्थापित करें। सेवा वितरण में सुधार के लिए पीएमईजीपी परिचालन में एआई प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की सिफारिश की गई है।
भाषाओं में पीएमईजीपी आवेदनों पर वास्तविक समय अपडेट प्रदान करने के लिए एक मोबाइल-आधारित अधिसूचना प्रणाली लागू करने की सिफारिश करते हुए कहा है कि लाभार्थियों के लिए फॉर्म सभी 22 अनुसूचित भाषाओं में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित किया जाए।

**रिपोर्ट**

▶▶ नैनो श्रेणी के तहत आवेदकों को विशेष विशेषाधिकार या अतिरिक्त लाभ प्रदान किया जाए

## इलाज के लिए मिले मुआवजे से नहीं कटेगी मेडिक्लेम राशि

**टीम एक्शन इंडिया**
**मंबुई:** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मेडिक्लेम पॉलिसी को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत मिलने वाली राशि को मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत चिकित्सा व्यय के लिए मिले मुआवजा राशि से नहीं काटा जा सकता। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। अदालत के इस फैसले से बीमाधारकों को बड़ी राहत मिल सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर, मिलिंद जाधव और गौरी गोडसे की पूर्ण पीठ ने 28 मार्च को अपने फैसले में कहा कि मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत हासिल राशि दावेदार द्वारा बीमा कंपनी के साथ किए गए करार को देखते हुए हासिल की जाती है।

## ट्रंप की धमकी पर ईरान ने कहा-जवाब देने के लिए मिसाइलें तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**तेहरान।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से तनाव के बीच कहा कि ईरान के परमाणु समझौता न करने पर बमबारी की जाएगी। साथ ही ट्रंप ने ईरान पर द्वितीयक टैरिफ लगाने की भी धमकी दी है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कठोरता के साथ देश के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ बातचीत करने से इनकार करके कहा है कि किसी भी तरह का जवाब देने के लिए उनकी मिसाइलें तैयार हैं। ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा कि ईरान परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन के साथ सीधी बातचीत नहीं करेगा।

## म्यांमार में भूकंप के बाद भारत ने तेज किया ऑपरेशन 'ब्रह्मा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** म्यांमार में आए भूकंप के बाद भारत ने तीनों सेनाओं के जरिए अपना ऑपरेशन 'ब्रह्मा' तेज कर दिया है। नौसेना के दो जहाजों ने यांगून पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया है। इसके अलावा दो और जहाज म्यांमार के लिए रवाना किये गए हैं, जो मंगलवार को पहुंचकर ऑपरेशन में शामिल होंगे। भारतीय सेना की 118 सदस्यीय फील्ड अस्पताल इकाई भी सोमवार को आगरा से मांडले के लिए रवाना की गई है। यह टीम 60 बिस्तरों वाला चिकित्सा उपचार केंद्र स्थापित करके भूकंप प्रभावितों को आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराएगी। भारतीय वायु सेना ने तीन परिवहन विमानों के जरिए अब तक 96.3 टन राहत सामग्री पहुंचाई है। भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के साथ मिलकर भूकंप प्रभावित म्यांमार में मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) प्रयासों को आगे बढ़ाया जा रहा है। नौसेना के कमोडोर रघुनाथ नायर ने आज बताया कि म्यांमार में 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत सरकार ने सहायता प्रदान करने के लिए शुरू किया ऑपरेशन 'ब्रह्मा' तेज कर दिया है।



**राहत**

▶▶ वायुसेना ने तीन परिवहन विमानों के जरिए अब तक 96 .3 टन राहत सामग्री पहुंचाई

**स्पष्ट किया** केसीबीसी) ने विधेयक का समर्थन किया है, केसीबीसी ने सांसदों से इसके पक्ष में वोट देने की भी अपील की

## वक्फ संशोधन बिल को केसीबीसी का समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक को इस हफ्ते लोकसभा में पेश किए जाने की संभावनाओं के बीच केरल कैथोलिक बिशप्स काउंसिल (केसीबीसी) ने विधेयक का समर्थन किया है। केसीबीसी ने सांसदों से इसके पक्ष में वोट देने की भी अपील की है। भाजपा ने काउंसिल के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह विधेयक के विरोधियों को करारा जवाब है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोमवार को एक्स पोस्ट में कहा कि जो वक्फ का इस्तेमाल करके ध्रुवीकरण करने और मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं उन्हें केसीबीसी ने स्पष्ट भाषा में जवाब दे दिया है। यह कभी भी अल्पसंख्यक बनाम बहुसंख्यक का मुद्दा नहीं था। वक्फ को दी गई असीमित शक्तियों ने ईसाई समुदाय तक की भूमि हड़पने को बढ़ावा दिया है। आज यह भूमि हड़पने वालों और गरीब मुसलमानों के बीच का मुद्दा है, लेकिन जो लोग इसे हिंदू बनाम मुस्लिम या बहुसंख्यक बनाम अल्पसंख्यक बना रहे हैं, उन्हें केसीबीसी से करारा तमाचा मिला है। केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने दिल्ली स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में कहा कि केरल कैथोलिक बिशप्श काउंसिल और कई अन्य ईसाई संगठन केरल के सांसदों से वक्फ (संशोधन) विधेयक पर अपना रुख स्पष्ट कर इसके पक्ष में मतदान करने के लिए कह रहे हैं। क्योंकि केरल में कोचीन के पास मुनंबम नामक स्थान पर सैकड़ों गरीब परिवारों को वक्फ से उनकी जमीन जब्त किए जाने का खतरा है। यह एक ऐसा मुद्दा है जिसके लिए वे कई वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि केरल के सांसद अपना कर्तव्य निभाएं।




**मुद्दा**

▶▶ भाजपा ने काउंसिल के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह विधेयक के विरोधियों को करारा जवाब है

# हल्के की हर समस्या का समाधान मेरी प्राथमिकता : गहलावत

**प्रतिबद्ध**

**विशेष रूप से बिजली, पानी, सफाई तथा गलियों एवं सड़कों की समस्याएं प्रस्तुत की गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने अपने कैंप कार्यालय में जनता दरबार लगाकर जनसमस्याओं का समाधान किया। मौके पर ही समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। विशेष रूप से बिजली, पानी, सफाई तथा गलियों एवं सड़कों की समस्याएं प्रस्तुत की गई, जिनकी उन्होंने गंभीरता से सुनवाई की। लगभग समस्याओं का समाधान मौके पर ही करवाया। शेष समस्याओं के समाधान का भी पूर्ण भरोसा दिया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि राई उनका परिवार है और परिवार की समस्याओं का समाधान करवाना उनका नैतिक दायित्व है। राईवासियों की हर समस्या का समाधान करवाना मेरी प्राथमिकता है। हर प्रकार की मूल सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। राई को अत्याधुनिक सेवाओं से लैस विधानसभा बना रहे हैं जो कि प्रदेश ही नहीं अपितु देश की नंबर-एक विधानसभा होगी। विधायक कृष्णो गहलावत ने कहा कि राई क्षेत्र और क्षेत्रवासियों की समस्याओं को वे स्वयं संज्ञान लेती है, जिसके उपरांत समाधान की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाये जाते हैं। सामूहिक समस्याओं व मांगों को तुरंत प्रभाव से पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर जयपाल खेवड़ा, अमित दहिया, संजय वाल्मीकि, हरपाल मछरौला, रविंद्र दीपालपुर, छोटू पतला, नरेंद्र वर्मा खेवड़ा, प्रदीप कमासपुर, वेदपाल शास्त्रीम, कृष्णव झुंडपुर, प्रेस सचिव योगेश शर्मा के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## हैप्पी क्लास रूम कार्यशाला में शिक्षण विधियों से करवाया अवगत



**संचालन**

**कार्यशाला का संचालन ट्रेनर और सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन अनिल कुमार गोयल ने किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** ओम शांति शिक्षा सदन में हैप्पी क्लास रूम कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मां सरस्वती शिक्षा सदन, आइटीबीपी पब्लिक स्कूल, स्वस्तिक इंटरनेशनल स्कूल और ओम शांति शिक्षा सदन विद्यालय के 80 से अधिक अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन दिल्ली के ट्रेनर और सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन अनिल कुमार गोयल ने किया। कार्यशाला की शुरूआत मां सरस्वती को पुष्प अर्पित करके की गई। प्रशिक्षक गोयल द्वारा अध्यापकों को विभिन्न प्रकार की शिक्षण विधियां और तकनीको से अवगत कराया गया ताकि वह अपनी कक्षा में अध्यापन को प्रभावशाली, रोचक एवं दबाव मुक्त बना सके।

## जी. किशन रेड्डी ने विकासशील भारत उद्यमी नेटवर्क कार्यालय का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को हैदराबाद के जुबली हिल्स में विकासशील भारत उद्यमी नेटवर्क कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि जुबली हिल्स में आज विकासशील भारत उद्यमी नेटवर्क का उद्घाटन करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं को अपने स्वयं के उद्यम और स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, ताकि वे अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान कर देश को 2047 तक विकसित देश बना सकें। उन्होंने कहा कि विकाशसील भारत उद्यमी नेटवर्क जैसे संगठन युवाओं को अपना उद्यम शुरू करने के लिए सभी आवश्यक प्रशिक्षण, जागरूकता और सहायता प्रदान कर रहे हैं।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नसीमा पत्नी** वसीम उर्फ वजीर अहमद, **निवासी** नूरी का मकान, गली नं0–05, ए–ब्लॉक, नूरानी मस्जिद, श्री राम कॉलोनी, खंजूरी खास, दिल्ली–94, ने **FIR No. 711/2024, पुलिस स्टेशन मंडावली, पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नसीमा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नसीमा** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 711/2024, पुलिस स्टेशन मंडावली, पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **नसीमा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
पूर्व जिला, कोर्ट नं0–16,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4070/ED/2025
(Court Matter)

# हयूमन क्रेडिट सोसाइटी के विरुद्ध कारवाई के लिये 7 को सीएम को मिलने का फैसला



**निर्णय**

**संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल 7 अप्रैल को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से मिलेगा और आंदोलन को अंजाम तक पहुँचाया जायेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** हयूमन सोसाइटी जमाकर्ता एवं एजेंट्स संघर्ष समिति हजारों करोड़ की ठगी के खिलाफ आंदोलन तेज करेगी । संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल 7 अप्रैल को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से मिलेगा और आंदोलन को अंजाम तक पहुँचाया जायेगा। यह फैसला आज आज समालखा में जमा कताओं व एजेंट्स की संघर्ष समिति में लिया गया । आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में आंदोलन को मजबूत करने व अंजाम तक पहुँचाने की रणनीति बनाई गई । हयूमन सोसाइटी के प्रबंधकों समीर अग्रवाल, हरियाणा प्रमुख बिजेंद्र रोहल आदि की गिरफ्तारी, जमा कताओं की जमा राशि वापिस कराने, बेकसूर एजेंटों का पुलिस उत्पीड़न बंद कराने के लिये आंदोलन तेज करने का फैसला किया गया । इसके समिति का प्रतिनिधि मंडल 7 अप्रैल को चंडीगढ़ जा कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलेगा । न्याय न मिला तो चंडीगढ़ में धरने प्रदर्शन किये जाएंगे व इशतिहार, पर्चे निकाल कर हजारों करोड़ के घोटाले को जनता तक ले जाया जायेगा ।
समिति के नेता पवन शर्मा व विपुल अंतिल ने बताया कि प्र्देश के हजारों जमा कताओं व एजेंटों ने गत 5 मार्च को कुरुक्षेत्र में प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री को मांगपत्र दिया था।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश, पुत्रः राम शंकर, पताः (1) मकान नं. डी–1/39/1, मायापुरी फेज–2, नई दिल्ली, (2) मकान नं. 310, एच, सेक्टर 52, गांव कजहरी, चंडीगढ़, (3) मकान नं. 243, मटगावन गौरीगंज, जिला सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 266/14, dated 22.06.2014, U/s 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना सागरपुर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजेश** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **राजेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 266/14, dated 22.06.2014, U/s 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना सागरपुर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **राजेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.05.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
18, प्रथम तल, मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/3863/SW/2025


## घरौंडा, असंध व इंद्री अनाज मंडियों में हो रही सरसों की निरंतर खरीद : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि अनाज मंडी घरौंडा, असंध व इंद्री में सरसों की निरंतर खरीद की जा रही है। उपायुक्त ने किसानों एवं आढ़तियों की समस्याओं से सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के सम्बन्ध में निर्देश दिए हैं कि मंडी में फसल बिक्री में कोई समस्या आड़े नहीं आने दें। उन्होंने किसानों से सरसों सुखाकर मंडी में लाने की अपील की ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो। मंडी में बिजली और पानी सहित सभी व्यवस्था बेहतर हों। आढ़तियों को बारदाने को लेकर सम्बंधित समस्या का अधिकारी उचित प्रबंध करें। खरीद कार्य के साथ.साथ उठान का कार्य भी सुचारू रूप से रहे।

## ढाबा की पार्किंग में खड़ी गाड़ी चोरी

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित शाने पंजाब ढाबा की पार्किंग में खड़ी एक इको गाड़ी चोरी हो गई। गाड़ी मालिक ने इसकी सूचना बड़ी थाना में दी। भिगान गांव के संदीप ने बताया कि उसने अपनी इको गाड़ी 28 मार्च की शाम शाने पंजाब ढाबा की पार्किंग में खड़ी की थी। अगले दिन वह गाड़ी लेने पहुंचा तो वहां गाड़ी नहीं मिली। उसकी गाड़ी को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भिगान टोल से गुजरना हुआ और महंगा, 15 से 25 रुपये अतिरिक्त भरने होंगे




**भुगतान**

**अब सिंगल यात्रा करने पर 15 से लेकर 25 रुपए अतिरिक्त टोल टैक्स का भुगतान करना पड़ेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** अब एनएच-44 स्थित भिगान टोल से गुजरने पर अपनी जेब और ढीली करनी होगी। नेशनल हाईवे आथोरिटी आफ इंडिया (एनएचएआई) ने टोल प्लाजा पर टोल दरों में वृद्धि कर दी है। वाहन चालकों को यहां अब सिंगल यात्रा करने पर 15 से लेकर 25 रुपए अतिरिक्त टोल टैक्स का भुगतान करना पड़ेगा। नई दरें रात 12 बजे से लागू हो गई हैं।
भिगान स्थित टोल प्लाजा पर मासिक पास की दरों में बढ़ोतरी हो गई है। पहले जहां निजी कार के मासिक पास के लिए 3835 रुपए देने पड़ते थे तो वहीं अब 3975 रूपए का भुगतान करना होगा। इसके अलावा 120 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के लोगों की कार व छोटे वाहनों के पास के लिए 350 रुपए देने होंगे।

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अर्जुन उर्फ कौशल पुत्रः** श्री किशन **पताः** वेगाबॉन्ड सुभाष नगर, रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली, ने **E- FIR No. 016123/2024 U/s 379/411 IPC थानाः राजिंदर नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन उर्फ कौशल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन उर्फ कौशल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E- FIR No. 016123/2024 U/s 379/411 IPC थानाः राजिंदर नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अर्जुन उर्फ कौशल,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 150
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3999/CD/2025
(Court Matter)

# मुखबाधिर खिलाड़ी अनुज ने भाला फेंक में नेशनल प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण

**प्रथम**

**प्रतियोगिता में दिल्ली की ओर से खेलते हुए अनुज ने अंडर-18 भाला फेंक प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः तिरुवनंतपुरम** केरल में 26वीं नेशनल एथेलेटिक्स चैंपियनशिप फॉर द डेफ 26 से 28 मार्च तक हुई । प्रतियोगिता में दिल्ली की ओर से खेलते हुए अनुज ने अंडर-18 भाला फेंक प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। अनुज बचपन से मुखबधिर है न ये सुन सकता न ये बोल सकता है । अनुज के डॉक्टर संतोष गुप्ता ने बताया कि अनुज का परिवार मेरे पास बचपन मे आया था जोकि काफी परेशान था । जब जांच हुई तो पता लगा बच्चा मुखबधिर है । तब से लेकर आज तक अनुज का इलाज मेरे पास चल रहा है पहले से अब में इतना अंतर आया है कि इशारों में ये कुछ समझ सकता है पहले नही समझ पाता था । अनुज के कान में श्रवण यंत्र लगा है जिससे उसे 90% सुनाई देता है लेकिन बोल नही सकता । अनुज के पिता अरुण कुमार , माता मंजू व दादी राजबाला ने कोच प्रमोद , अनुज के डॉक्टर व अनुज का स्टेडियम पहुचने पर स्वागत किया।
कोच प्रमोद ने बताया कि प्रतियोगिता में देश के 25 राज्यों के एथलीटों ने भाग लिया। अनुज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। उसने अपने माता-पिता, गांव और कोच का नाम रोशन किया। राजीव गाँधी खेल स्टेडियम सेक्टर 4 ग्राउंड पहुंचने पर अनुज का जोरदार स्वागत हुआ। सभी खिलाड़ियों और कोचों ने फूल-मालाएं पहनाकर सम्मान किया। स्वागत करने वालों में कोच संदीप, कुलदीप, प्रवीन और रामचंद्र शामिल रहे। सभी को मिठाईयां खिला कर मुँह मीठा करवाया गया ।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

जो कि राजेश पुत्र राम किशन निवासी वार्ड नंबर 1 गाँधी नगर, गन्नौर, हाल निवासी गांव बिलंदपुर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का निवासी हूं मैं हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका रोहित व उसकी पली रचना मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है । मैं अपने लडके रोहित व उसकी पली रचना को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी वह मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

## बेदखली सूचना

**मै जोकि राजेंदर पुत्र तुलसीदास निवासी मकान नंबर 172/7, गन्नौर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि सोनिया मेरी सगी पुत्री है जोकि मेरे ओर मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करती है। इस लिए मैं सोनिया को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं यदि आज के बाद वह कोई भी उचित या फिर अनुचित कार्य करती है या फिर किसी से कोई लेना-देना करती है तो उसकी वह स्वयं जिम्मेदार होगी आज के बाद हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# विधानसभा में सीएजी की चौथी रिपोर्ट आज होगी पेश

## सीएजी की यह रिपोर्ट दिल्ली में वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम से संबंधित

**पटल पर**

▶▶ वाहन वायु प्रदूषण रोकथाम और लेखा परीक्षा प्रतिवेदन की प्रतियां सदन पटल पर पेश करेंगी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की आठवीं विधानसभा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मंगलवार को बजट सत्र के दौरान भारत नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की चौथी रिपोर्ट सदन में पेश करेंगी। सीएजी की यह रिपोर्ट दिल्ली में वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम से संबंधित है। विधानसभा की कार्यसूची के मुताबिक मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री रेखा गुप्ता 31 मार्च 2021 में समाप्त हुए साल के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार से संबंधित भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के दिल्ली में वाहन वायु प्रदूषण रोकथाम और शमन पर निष्पादन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन की प्रतियां सदन पटल पर पेश करेंगी। मुख्यमंत्री बजट सत्र के पहले दिन (24 मार्च) दिल्ली परिवहन निगम से संबंधित सीएजी रिपोर्ट सदन में पेश की। इस रिपोर्ट में डीटीसी को वर्ष 20221-22 में 8,433 करोड़ रुपये का घाटा उजागर हुआ है। 2015-16 में घाटा 3,411.10 करोड़ रुपये था। इस तरह इस अवधि में डीटीसी का घाटा दोगुने से भी ज्यादा बढ़ गया। यह सीएजी की सदन में पेश तीसरी रिपोर्ट रही। इससे पहले मुख्यमंत्री ने आठवीं विधानसभा के पहले सत्र में दिल्ली सरकार की आबकारी नीति और शराब की आपूर्ति से संबंधित सीएजी की रिपोर्ट सदन में पेश की थी। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि आबकारी विभाग की नीतियों और उनके क्रियान्वयन में पारदर्शिता की कमी रही, जिससे सरकार को लगभग 2,026.91 रुपये करोड़ का नुकसान हुआ। इस बाद मुख्यमंत्री सदन में सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर सदन के समक्ष दूसरी सीएजी ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### भाजपा विधायक ने सीएम रेखा को लिखा पत्र, बोले-दुकानों के बाहर नेम प्लेट के लिए जारी हो गाइडलाइन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के बाद अब देश की राजधानी दिल्ली में भी दुकानों के बाहर नेम प्लेट लगाने पर सियासत तेज हो गई है। भाजपा विधायक तरविंदर सिंह मारवाह ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा। पत्र में आग्रह किया है कि दुकानदार नवरात्रि और ईद के दौरान अपनी दुकानों के बाहर नेम प्लेट लगाएं। सरकार से इसके लिए गाइडलाइन जारी करने की मांग की गई है।

# शिक्षा मंत्री ने किया जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में सीवर लाइन डालने

**विकास कार्य**

▶▶ यह परियोजना क्षेत्र में बेहतर जल निकासी और स्वच्छता सुनिश्चित करेगी: शिक्षा मंत्री आशीष सूद



**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र जनकपुरी में मेजर पीश्री कुमार मार्ग के पास सी2सी पॉकेट 12 और सी2बी गेट नंबर एक के पास सेटल्ड सीवर लाइन डालने के काम का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र में बेहतर जल निकासी और स्वच्छता सुनिश्चित करेगी और विकसित दिल्ली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है। मंत्री से स्थानीय लोगों ने इलाके की सीवर लाइन बैठने और गंदे पानी के ओवर फ्लो होने की शिकायत की थी। इसके बाद मंत्री ने समस्या का संज्ञान लेते हुए दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को तुरंत सीवर लाइन बदलने का निर्देश दिया। मंत्री ने बताया कि इस सीवर लाइन की कुल लंबाई 126 मीटर है और यह काम एक महीने के भीतर खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए इस क्षेत्र के साथ-साथ जनकपुरी क्षेत्र की सभी सीवर लाइन की जांच भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो सीवर लाइन या तो पुरानी हो गई है या फिर उसकी क्षमता कम हो गई है उसको जल्द बदलने या मरम्मत करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने दिल्ली जल बोर्ड और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात आने से पहले सभी सीवर लाइनों को आधुनिक तकनीक की मशीनों का इस्तेमाल कर साफ कर दिया जाए। इसके अतिरिक्त जहां-जहां नालियां और सीवर आदि टूटे हुए हैं। उनको तत्काल प्रभाव से मरम्मत करने के आदेश दे दिए गए हैं। सूद ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली को साफ सुथरा शहर बनाने के प्रयास जारी हैं। इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित दिल्ली के ढांचे को मजबूत करने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है।



दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की जयंती पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव व अन्य।

### पंजीकरण के लिए डॉक्टर हो रहे परेशान, डीएमसी में नहीं है रजिस्ट्रार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली मेडिकल काउंसिल (डीएमसी) में रजिस्ट्रार के अभाव में डॉक्टर परेशान हैं। पंजीकरण के लिए डॉक्टर लगातार आवेदन कर रहे हैं। अभी तक 350 से ज्यादा आवेदन आ गए हैं, लेकिन इस दिशा में कोई काम नहीं हो पा रहा है। दरअसल, दिल्ली सरकार के आदेश के बाद तत्कालीन रजिस्ट्रार डा. गिरीश त्यागी ने दस फरवरी को डीएमसी से त्याग पत्र दे दिया। उन्हें फरवरी 2019 में पांच वर्ष के लिए सेवा विस्तार दिया था। यह अवधि पूरी होने के बाद पिछले वर्ष नवंबर में डीएमसी ने उन्हें दोबारा एक वर्ष के लिए सेवा विस्तार दिया।

# ईएमआई चुकाने के लिए अपने ही घर में की चोरी

**काबू**

▶▶ पुलिस से बचने के लिए चोरी होने की झूठी कहानी गढ़ी। सख्ती से पूछताछ की तो आरोपित की चोरी पकड़ी गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। कर्ज के** मकड़जाल में फंसे एसी मैकेनिक उत्तम नगर निवासी बत्ता सिंह (43) को ईएमआई चुकाने के लिए कोई रास्ता नहीं सूझा तो उसने घर से पत्नी के गहने ही चुरा लिये। इतना ही नहीं, पुलिस से बचने के लिए चोरी होने की झूठी कहानी गढ़ी। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो आरोपित की चोरी पकड़ी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर चुराए गए गहने बरामद कर लिये। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने सोमवार को बताया कि बत्ता सिंह परिवार के साथ उत्तम नगर में रहता है। परिवार में उसकी पत्नी और दो बेटे हैं। वह सेवक पार्क में एसी रिपेयरिंग शॉप चलाता है। दोनों बच्चे एसी रिपेयरिंग में पिता का हाथ बंटाते हैं। 21 मार्च को पुलिस को बत्ता सिंह ने अपने घर में चोरी होने की सूचना दी। शिकायत में बताया गया कि दोपहर 3 से 5 बजे के बीच चोर घर से सोने के गहने व 45 हजार रुपये चुरा ले गए। घटना के समय उसकी पत्नी बाजार गई थी जबकि बच्चों के साथ वह दुकान पर था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। स्थानीय पुलिस के अलावा जिले की जेल बेल सेल यूनिट ने घटनास्थल पर जाकर बत्ता सिंह की पत्नी इंद्रजीत कौर से पूछताछ की तो उसने भी वही बात दोहराई। जांच के दौरान पुलिस को घर में जबरन घुसने के कोई निशान नहीं मिले। घर का ताला या कुंडी भी तोड़ी नहीं गई थी। पुलिस टीम ने आसपास लगे

# मामूली कहासुनी के दौरान बुजुर्ग की चाकू घोपकर हत्या

**वारदात**

▶▶ मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बुजुर्ग को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जाफराबाद इलाके में मामूली कहासुनी के दौरान पड़ोसी ने एक बुजुर्ग की चाकू घोपकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बुजुर्ग को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सोमवार को उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक बुजुर्ग की पहचान रहीसुद्दीन (60) के रूप में हुई है। जाफराबाद थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित रफीक (46) और उसके नाबालिग लड़के को पकड़ा है। फिलहाल पुलिस रफीक के दो अन्य बेटों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर करीब 1:35 बजे विजय मोहल्ला, मौजपुर में चाकूबाजी की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल रहीसुद्दीन (60) को जी.टी.बी. अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में पता चला कि मामूली विवाद को लेकर घायल के पड़ोसी रफीक ने अपने बेटे महमूद, जुबैद और नाबालिग के साथ मिलकर उस पर हमला किया है। इस बीच सोमवार सुबह अस्पताल से सूचना मिली कि उपचार के दौरान रहीसुद्दीन की मौत हो गई। उसके बाद मामले में हत्या की धारा जोड़ दी गई है।

### दिल्ली में पांच दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने रामनवमी और गुड फ्राइडे सहित महत्वपूर्ण धार्मिक त्योहारों पर शराब की दुकानें बंद रखने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में पांच ड्राई डे घोषित किए हैं। आबकारी विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, दिल्ली में शराब की दुकानें राम नवमी (6 अप्रैल), महावीर जयंती (10 अप्रैल), गुड फ्राइडे (18 अप्रैल), बुद्ध पूर्णिमा (12 मई) और ईद-उल-जुहा (6 जून) को बंद रहेंगी।

**दुकानों के बाहर आदेश प्रदर्शित करने के निर्देश**

आबकारी आयुक्त सनी सिंह ने कहा कि दिल्ली आबकारी नियम, 2010 के नियम 52 के प्रावधानों के अनुसार शराब लाइसेंसधारियों के लिए ड्राई डे घोषित किए गए हैं। लाइसेंसधारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे अपने लाइसेंस प्राप्त परिसर में आदेश को प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करें।

# ईडी ने मेसर्स प्रमोटर की 94 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की

## अधिनियम-2002 के प्रावधानों के तहत किया कार्य




**जब्त**

▶▶ व्यक्तियों से संबंधित 94.82 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियां अनंतिम रूप से जब्त की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विभिन्न घर खरीदारों को धोखा देने के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत सिद्धार्थ बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर सिद्धार्थ चौहान और अन्य की 94.82 करोड़ रुपये की संपत्ति को जब्त किया है। ईडी ने सोमवार को एक बयान में बताया कि विभिन्न घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के एक मामले में मेसर्स सिद्धार्थ बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड (मेसर्स एसबीपीएल) के प्रमोटर सिद्धार्थ चौहान, उनकी कंपनियों और अन्य व्यक्तियों से संबंधित 94.82 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियां अनंतिम रूप से जब्त की गई हैं। ईडी, गुरुग्राम जोनल कार्यालय ने ये कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम-2002 के प्रावधानों के तहत किया है। जब्त की गई संपत्तियों में हरियाणा के गुरुग्राम स्थित जमीन का कुछ हिस्सा, घर और वाणिज्यिक भवन शामिल हैं। ईडी ने मामले की जांच दिल्ली की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की ओर से दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। ईओडब्ल्यू ने मेसर्स एसबीपीएल और अन्य के खिलाफ प्रोजेक्ट एस्टेला और एनसीआर वन तथा गुरुग्राम के विभिन्न घर खरीदारों की शिकायतों के आधार पर एफआईआर दर्ज की थी। इन लोगों ने साल 2002 में होम बायर्स को घर देने का वादा किया था।

# एक इमारत की तीसरी मंजिल पर लगी आग, झुलसकर दो बच्चों की मौत

**हादसा**

▶▶ बच्चों को बचाने के दौरान मकान मालिक झुलस गए। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पंजाबी बाग के मनोहर पार्क इलाके में एक इमारत की तीसरी मंजिल पर आग लग गई। आग में झुलसकर दो बच्चों की मौत हो गई, वहीं बच्चों को बचाने के दौरान मकान मालिक झुलस गए। घायल का आचार्य भिक्षु अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृत बच्चों की पहचान 14 साल की साक्षी और 7 साल के आकाश और घायल की पहचान संदीप पाठक के रूप में हुई है। दमकल विभाग के मुताबिक रविवार रात 8.21 बजे दमकल विभाग को मनोहर पार्क के एक मकान की तीसरी मंजिल पर घर में आग लगने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। तब तक पुलिस आग में झुलसे तीन लोगों को पास के अस्पताल लेकर जा चुकी थी। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। जांच में पता चला कि मकान में लाल बहादुर अपनी पत्नी सविता और तीन बच्चों 14 साक्षी, 11 साल की मिनाक्षी और 7 साल के आकाश के साथ रहते थे। लाल बहादुर अशोक पार्क इलाके में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। रविवार रात सविता घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान सिलिंडर के रेगुलेटर से गैस रिसाव होने से आग लग गई। आग कमरे में फैल गई। आग लगते ही सविता और मीनाक्षी अपनी जान बचाकर घर से बाहर निकल गई, लेकिन साक्षी और आकाश कमरे में फंस गए। शोर शराबा होने पर मकान मालिक संदीप पाठक वहां पहुंचे और आग में फंसे बच्चों को निकालने की कोशिश की, इस दौरान वह भी आग की चपेट में आकर झुलस गए।

### दिल्ली-एनसीआर में 27.4 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, 5 गिरफ्तारः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम ने 27.4 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थों का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है और पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने इस बड़ी सफलता के लिए एनसीबी और दिल्ली पुलिस की सराहना की है। केंद्रीय गृह मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, ड्रग व्यापार के खिलाफ हमारी अथक खोज जारी है। मोदी सरकार की ड्रग्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत दिल्ली-एनसीआर में एक बड़े नार्को-नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया। एनसीबी और दिल्ली पुलिस ने गिरोह को पकड़ लिया और 27.4 करोड़ रुपये मूल्य के मेथामफेटामाइन, एमडीएमए और कोकीन बरामद किए और पांच लोगों को गिरफ्तार किया। मैं इस बड़ी सफलता के लिए एनसीबी और दिल्ली पुलिस की सराहना करता हूं।



शहजादा हुसैन बुरहानुद्दीन के नेतृत्व में दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।

# फिर गूंजेगी घंटाघरों की घंटीः एनडीएमसी ने शुरू की पहल

**पारंपरिक**

▶▶ शंकर रोड और मंदिर मार्ग के जंक्शन पर घंटाघर स्थापित करने का निर्णय लिया है



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी के प्रमुख स्थानों पर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के घंटाघरों की पुनर्स्थापना की दिशा में नई शुरुआत की जा रही है। जल्द ही लोगों को घंटाघरों की घंटी सुनाई देगी। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने शंकर रोड और मंदिर मार्ग के जंक्शन पर घंटाघर स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय दिल्ली अर्बन आर्ट कमीशन (डीयूएसी) के परामर्श से लिया गया है। अगले वित्तीय वर्ष में योजना पूरी होने की संभावना है। शंकर रोड और मंदिर मार्ग का जंक्शन एनडीएमसी क्षेत्र की सीमा को चिह्नित करता है। यही कारण है कि एनडीएमसी ने अपने इलाके में प्रवेश करने वाले इन प्रमुख स्थानों पर घंटाघर स्थापित करने की योजना बनाई है। यह पहल सिर्फ एक सौंदर्यीकरण परियोजना नहीं, बल्कि नई दिल्ली क्षेत्र में प्रवेश को विशिष्ट और ऐतिहासिक रूप देने का भी प्रयास है। इसके तहत एनडीएमसी की अन्य प्रवेश बिंदुओं पर भी घंटाघर बनाने की संभावना है, ताकि नई दिल्ली क्षेत्र में प्रवेश करने वाले लोगों को यह संकेत मिले कि वे एक विशेष प्रशासनिक व ऐतिहासिक क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। आधुनिक डिजाइन व पारंपरिक कला का संयोजन : शंकर रोड और मंदिर मार्ग के जंक्शन पर बनने वाले घंटाघर आधुनिक डिजाइन और पारंपरिक स्थापत्य कला का संयोजन होंगे। एनडीएमसी इन्हें न केवल एक समय संकेतक के रूप में स्थापित करेगी, बल्कि इसे एक टूरिस्ट आकर्षण और सांस्कृतिक स्थल के रूप में भी विकसित करने की योजना बना रही है। घंटाघर के आसपास की सड़कें और पैदल मार्ग को भी सुव्यवस्थित किया जाएगा, ताकि यह स्थान दिल्लीवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने।

**हेरिटेज सिटी का रूप दिया जाएगा**

एनडीएमसी न केवल घंटाघर स्थापित कर रही है, बल्कि उसने चौक, चौराहों और प्रमुख सड़कों पर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण मूर्तियां भी स्थापित करने की शुरुआत की है। इस पहल के तहत कई स्थानों पर महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों और ऐतिहासिक प्रतीकों की मूर्तियां लगाई जा चुकी हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नई दिल्ली को स्मार्ट सिटी के साथ-साथ हेरिटेज सिटी का रूप देना है। एनडीएमसी चाहती है कि नई दिल्ली न केवल आधुनिकता का प्रतीक बने, बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षित रखे।

# शाह ने किया महाराजा अग्रसेन की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण

## कॉलेज परिसर में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त आईसीयू ब्लॉक का उद्घाटन एवं पीजी हॉस्टल का भी किया शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को जिला हिसार के अग्रोहा स्थित मेडिकल कॉलेज के परिसर में महाराजा अग्रसेन जी की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण किया और कॉलेज में नव-निर्मित आईसीयू कक्ष का उद्घाटन तथा और पीजी हॉस्टल की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में 20 फीट ऊंची और 800 किलोग्राम वजनी महाराजा अग्रसेन की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण किया गया है। प्रतिमा का निर्माण फाइबर ग्लास और माइल्ड स्टील से किया गया है, जिस पर करीब दो करोड़ रुपये की लागत आई है। प्रतिमा के नीचे 10 फीट ऊंचा प्लेटफार्म बनाया गया है, जिससे इसकी भव्यता और अधिक प्रभावशाली नजर आती है। महाराजा अग्रसेन की इस प्रतिमा का अनावरण क्षेत्र में एक नई ऐतिहासिक पहचान स्थापित करेगा। महाराजा अग्रसेन मेडिकल एजुकेशन एंड साइंटिफिक रिसर्च सोसाइटी अग्रोहा की स्थापना 8 अप्रैल, 1988 को हुई थी। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष स्व. ओ.पी. जिन्दल का सपना इसे चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता का केंद्र बनाना था। आज यह संस्थान



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। आज उद्घाटन किए गए नव-निर्मित आईसीयू आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित है। इससे गंभीर मरीजों को त्वरित एवं सटीक उपचार उपलब्ध होगा। इस आईसीयू ब्लॉक में 32 बेड हैं और इसके निर्माण पर 3.5 करोड़ की लागत आई है। इसके अलावा, पीजी हॉस्टल के शिलान्यास के साथ ही मेडिकल छात्रों को आवासीय सुविधा का विस्तार मिलेगा। इस अवसर पर लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती राव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, सांसद नवीन जिंदल, विधायक श्रीमती सावित्री जिंदल, विधायक विनोद भयाना, रणधीर पनिहार और उपायुक्त अनीश यादव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

**शांत और सौम्य दिखने वाले नायब सैनी सख्त प्रशासक भी हैं: अमित शाह**-केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को हिसार पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्व मंत्री ओपी जिंदल की पुण्यतिथि पर अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही मेडिकल कॉलेज में 30 बेड के गहन चिकित्सा इकाई का लोकार्पण और पोस्टग्रेजुएट हॉस्टल का शिलान्यास किया। अमित शाह ने अपने संबोधन की शुरूआत हरियाणा वालों को धाकड़ कहकर की। मुख्यमंत्री नायब सैनी की तारीफ में किस्सा सुनाते हुए शाह ने कहा, "सैनी को जब आप देखोगे तो वह शांत, सौम्य और मुस्कुराते हुए दिखेंगे। अंदर से वे कठोर शासक भी हैं। प्रशासन पर



उनकी पूरी पकड़ है। जब हरियाणा में चुनाव की बारी आई तो मेरे घर पर एक मीटिंग हुई, जहां 22 निर्णय हुए। मैंने सैनी को अकेले में कहा, "बहुत कठिन है। ढाई महीने ही हैं।" तब सैनी ने कहा, "कोई बात नहीं जी, हो जाएगा जी।" जब चुनाव आया तो उससे पहले उन्होंने सब पूरा कर दिया। शाह ने कहा कि हरियाणा सरकार ने बिना पर्ची और खर्ची के 80 हजार युवाओं को नौकरी दी है। हरियाणा का बजट आप देखेंगे तो हुड्डा साहब 36 हजार करोड़ पर छोड़कर गए थे, सीएम सैनी ने इसे 2 लाख करोड़ के पार कर दिया है। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट कैंसर अस्पताल की मांग रखी, लेकिन इसकी घोषणा नहीं हुई। सैनी ने कहा कि झज्जर में कैंसर इंस्टीट्यूट बन रहा है। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि गुरुओं के बलिदान से हमारा अस्तित्व बचा है। हरियाणा की इस भूमि ने पुरातन काल से इस देश की संस्कृति और संस्कारों को सींचा है। मैं हरियाणा के धाकड़ लोगों का अभिनंदन करता हूं। आज सिखों के दूसरे गुरु, अंगद देव जी की जन्म शताब्दी है। जब देश पर संकट था, तब 10 गुरुओं ने हमारे देश की संस्कृति को न केवल लचीला बनाया, बल्कि जरूरत पड़ने पर बलिदान भी दिया। उनके बलिदान की बदौलत ही हमारा अस्तित्व बचा हुआ है। ओपी जिंदल कारोबार से पहले लोगों की चिंता करते थे। आज ओपी जिंदल की पुण्यतिथि भी है। वे इस प्रदेश के बड़े राजनेता रहे हैं और देश के अग्रणी उद्योगपतियों में भी उनका नाम लिया जाता है। इन सबके साथ-साथ, उनके संस्कार ऐसे थे कि वे कारोबार से पहले समाज की चिंता

### विकास पर बल

**कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट कैंसर अस्पताल की मांग रखी**

करते थे। इसी का सुफल है कि आज इतना बड़ा अस्पताल है, जहां करीब पांच लाख लोग ओपीडी में सेवा लेते हैं। लगभग हर साल 180 के आसपास बच्चे यहां से मेडिकल ग्रेजुएट और पीजी में आगे बढ़ते हैं। महाराजा अग्रसेन वीर योद्धा थे। उन्होंने युवावस्था में महाभारत के युद्ध में हिस्सा लिया था। उन्होंने पूरे राज्य के संस्कारों को सींचने का काम किया। उनके शासन काल में कोई भी व्यक्ति कभी भूखा नहीं सोया। हजारों साल बाद भी अग्रवाल समाज के जितने भी गोत्र के लोग हैं सभी उद्यमी है और समाज सेवा भी करते है।

हजारों सालों में भी ये संस्कार जरा भी नहीं बदले। अमित शाह ने कहा कि एम एस पी पर सबसे ज्यादा 14 फसलें खरीदने वाला सबसे पहला राज्य हरियाणा है। तब नायब सैनी ने शाह को कहा, "24 फसलों वाला राज्य"।

# समालखा में कल से भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** समालखा पानीपत में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 2 अप्रैल बुधवार से शुरू होगा। इस प्रशिक्षण शिविर में भाजपा जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और मंडल अध्यक्षों को प्रशिक्षित किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में होने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, सह-प्रभारी सुरेंद्र नागर, संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा समेत केंद्र व राज्य के मंत्रियों के अलावा केंद्रीय आईटी एवं सोशल मीडिया प्रमुख अमित मालविया भी मंच पर उपस्थित रहेंगे और अपने विचार रखेंगे।

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि 2 और 3 अप्रैल को पानीपत समालखा के पट्टी कल्याण में होने वाली कार्यशाला की पार्टी ने तैयारियां कर ली है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है

### प्रशिक्षित

**स प्रशिक्षण शिविर में भाजपा जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और मंडल अध्यक्षों को प्रशिक्षित किया जाएगा**

और समय-समय पर कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषयों की जानकारी देने व प्रशिक्षित करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन नियमित रूप से होता रहता है। संगठन और पार्टी की विचारधारा की कार्यकर्ताओं को जानकारी दी जाती है और संगठनात्मक विषयों पर प्रशिक्षित किया जाता है। अरविंद सैनी ने बताया कि हरियाणा में भाजपा का संगठन पर्व चल रहा है। बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां हो चुकी हैं। नवनियुक्त जिला अध्यक्षों और जिला प्रभारियों व मंडल अध्यक्षों को इस कार्यशाला में बुलाया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठन के पदाधिकारियों और नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। पदाधिकारियों को मीडिया, सोशल मीडिया व पार्टी की परिपाटी के बारे में बताया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### एमएसपी कानून की गारंटी बहुत जरूरी है: अभय सिंह चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने अनाज मंडियों में किसानों की फसल को एमएसपी पर न खरीदने के आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों की सरसों 500 से 600 रूपए कम पर खरीद कर सरेआम लूटा जा रहा है। बीजेपी सरकार किसानों की फसलों को एमएसपी पर खरीदने के झूठे दावे करती है। लेकिन हकीकत बीजेपी के दावों से बिलकुल उलट है और सरसों की खरीद-फरोख्त में जमकर धांधली की जा रही है। बीजेपी पूरी तरह से किसान विरोधी है जिसके कारण आज प्रदेश का किसान हर साल डेढ़ लाख रूपए नुकसान में जा रहा है इसकी एक अधिकारिक रिपोर्ट एचएयू के प्रोफेसर द्वारा जारी की गई थी। बीजेपी सरकार का संरक्षण प्राप्त दलाल मंडियों में किसानों की सरसों की फसल में अलग अलग कमियां बताकर परेशान करते हैं। कभी सरसों के दानों को छोटा बताकर और कभी उनमें नमी बताकर किसानों को गुमराह कर रहे हैं। किसान दलालों के बहकावे में आकर अपनी फसल को सस्ते में बेच रहे हैं और दलाल उसी सरसों को एमएसपी पर बेच कर भारी मुनाफा कमा रहे हैं। भोले भाले किसानों के साथ मंडियों में सरेआम धोखाधड़ी की जा रही है, उन्हें लूटा जा रहा है यह सब बिना सरकार के संरक्षण के संभव नहीं है। किसानों को शोषण से बचाने के लिए ही एमएसपी कानून की गारंटी बहुत जरूरी है। सरकार किसानों को परेशान करना बंद करे और झूठे दावे करने की बजाय उनकी फसलों को एमएसपी पर खरीदें।

### अग्निशमन सेवाएं के कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करने के लिए कार्रवाई शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विभाग के कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में पहले ही विभाग के अधिकारियों की नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ दो बैठकें हो चुकी हैं।
हरियाणा अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि संघ के प्रतिनिधियों ने विभाग के अधिकारियों के समक्ष जो मुद्दे मांग-पत्र के माध्यम से उठाये थे, उन पर विस्तार चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिन मुद्दों पर दोनों पक्षों में सहमति बनी है उनको सरकार को आगे की कार्रवाई हेतु भेज दिया है।

# युवा पीढ़ी जितना संस्कारवान होगी, उतना देश करेगा तरक्की: डॉ अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के सहकारिता व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मैकाले शिक्षा पद्धति को बदल कर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करके देश के युवाओं को रुचि और योग्यता अनुसार शिक्षा ग्रहण कर राष्ट्र, समाज को मजबूत बनाने का अवसर दिया है। आज हमारी युवा पीढ़ी जितना संस्कारवान होगी, उतना ही देश तरक्की करेगा।सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा बीती देर शाम जिला सोनीपत के गोहाना में गीता विद्या मंदिर विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे थे।
पर्यटन मंत्री ने अपने संबोधन में विक्रमी



सम्वत नववर्ष व नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि हमारा युवा रचनात्मक बने, संस्कारवान बने। इसके लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करते हुए इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को तेजी से लागू करते हुए अन्य राज्यों के सामने मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री खुद नवाचार और अनुसंधान पर जोर दे रहे हैं और इसके लिए उन्होंने बजट में भी आवश्यक प्रावधान

### सकारात्मक

**शिक्षकों व अभिभावकों से आह्वान किया कि वो युवाओं के साथ जुड़ें और उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें**

किया है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद युवाओं से जुड़ते हैं, उनसे परीक्षा पर चर्चा करते हुए उनको प्रोत्साहित करते हैं। इसलिए उनका मकसद है कि देश की युवा पीढ़ी ज्ञानवान व संस्कारवान बने। तभी देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने में उनकी भागीदारी हो सकेगी। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों से आह्वान किया कि वो युवाओं के साथ जुड़ें और उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने खुशी जताई कि गीता विद्या मंदिर विद्यालय गोहाना इलाके में 46 सालों से शिक्षा की अलख जगा रहा है। आज अलग-अलग क्षेत्र में इस विद्यालय से पढ़कर युवा अच्छे पद पर जा कर जनसेवा, देशसेवा कर रहे हैं।

# युवा सकारात्मक राजनीति में लें भाग: कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने युवाओं से सकारात्मक राजनीति में भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि युवाओं को विकसित भारत-2047 के लिए अपनी भूमिका तय करनी चाहिए। इसके लिए कड़ी मेहनत और दूरदर्शिता से आगे बढ़ने की जरूरत है। कल्याण सोमवार को हरियाणा विधान सभा में आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2025 को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केंद्र संगठन की ओर से किया गया, जिसमें



प्रदेश भर से 86 युवाओं ने भाग लिया। प्रत्येक प्रतिभागी ने विकसित भारत बनाने के उद्देश्य से 3 मिनट तक संवैधानिक मूल्यों पर अपने विचार रखे। विकसित भारत युवा संसद 2025 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिसार की निमिशा सूर्यवंशी प्रथम, रोहतक की भूमिका द्वितीय तथा झज्जर की दक्षिता गुलिया तृतीय स्थान पर रहीं। विस अध्यक्ष ने इन सभी को सम्मानित कर सभी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि भारतीय संविधान की 75 वर्ष की यात्रा के संबंध में आज युवाओं ने तय समय सीमा में अपनी बात रखी है। इससे उनका अध्ययन और विषय की समझ स्पष्ट रूप से प्रकट हुई है। उन्होंने कहा कि वे इन युवाओं को भविष्य के नेता के तौर पर देख रहे हैं। विस अध्यक्ष ने संविधान निर्माताओं का संदेश देते हुए कहा कि अब समाज में राजनीति के प्रति अवधारणा बदल रही है।
अच्छी और सकारात्मक सोच के साथ युवा जनसेवा की भावना से इस क्षेत्र में आने लगे हैं। वास्तव में आज राजनीति को बेस्ट ब्रेन की जरूरत है, जिसमें मेहनत और दूरदर्शिता के साथ अपने से पहले समाज के हित निहित हो।

# धनखड़ ने सीएम योगी के साथ की एक राष्ट्र-एक चुनाव पर चर्चा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने नववर्ष के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से शिष्टाचार भेंट की और नववर्ष 2082 की शुभकामनाएं दीं। शिष्टाचार भेंट के दौरान दोनों नेताओं ने एक राष्ट्र -एक चुनाव सहित अन्य तात्कालिक विषयों पर सार्थक चर्चा की।
राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने अपने उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, यूपी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह,कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मुलाकात की और संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्य योजनाओं के बारे में चर्चा की।
**वर्चुअल माध्यम से विधायकों व कार्यकर्ताओं को दिए दिशा निर्देश**
धनखड़ ने उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के साथ संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न विषयों पर विस्तार से सार्थक चर्चा की।
इस उपरांत वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के सभी विधायकों, मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष और चेयरमैन के साथ सीधा संवाद किया, आगामी कार्य योजनाओं और संगठनात्मक विषयों पर दिशा निर्देश दिए।

# 34वीं सब जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में बजा हरियाणा का डंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भू- विज्ञान मंत्री और हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार ने बिहार में बौद्धगया के जी.डी गोइंका पब्लिक स्कूल में आयोजित 34वीं सब जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों को पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा के लड़कों की कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक और लड़कियों की टीम ने रजत पदक अपने नाम किया।



कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि अंडर - 17 वर्ग में हरियाणा के लड़कों की कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में साई की टीम को 54-41 के विशाल अंतर से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वही अंडर - 17 वर्ग में हरियाणा की लड़कियों की टीम ने राजस्थान की टीम के साथ उम्दा प्रदर्शन करते हुए कड़ा मुकाबला किया और 39–37 के अंतर से सिल्वर पदक से संतोष करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत ने हरियाणा कबड्डी को एक और नया मुकाम दिया है और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण को सिद्ध किया है। उन्होंने कबड्डी एसोसिएशन के चेयरमैन कुलदीप दलाल, सचिव नसीब जाँघु, लड़कों व लड़कियों की टीम के कोचों और सभी पदाधिकारियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए नई-नई नीतियां बनाई गई है।

### परचम लहराया

**कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा के लड़कों की कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक और लड़कियों की टीम ने रजत पदक अपने नाम किया**

# बढ़ती गर्मी के दौर में हरियाणा में बिजली दरें दे सकती हैं झटका

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा में बिजली महंगी होने के आसार है। बिजली निगम को 4,520 करोड़ का घाटा हुआ है और इसकी भरपाई के लिए हरियाणा बिजली विनियामक आयोग ने नए वित्तीय वर्ष में बिजली की दरों में बढ़ोतरी की अनुमति मांगी है।
अगर बिजली दरें बढ़ीं तो 3 साल बाद यह बढ़ोतरी होगी। इससे पहले सरकार फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट को भी एक साल के लिए बढ़ा चुकी है। इससे दक्षिणी और उत्तरी हरियाणा बिजली निगम से जुड़े प्रदेश के करीब 81 लाख उपभोक्ताओं को झटका लगेगा। प्रदेश में 2022 में प्रति यूनिट 25 पैसे बिजली दर बढ़ाई गई थी। हरियाणा में बिजली की दरें एक अप्रैल से लागू होती हैं। 3 साल से बिजली की दरों में बढ़ोतरी नहीं की गई है। अंतिम बार वर्ष 2022-23 में 150 यूनिट तक के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाए गए थे। वर्तमान में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में 12.37फीसदी और उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम का में 9.15फीसदी लाइन लास है। आयोग के चेयरमैन नंद लाल शर्मा आपरेशनल दक्षता को बढ़ाने और औसत आपूर्ति लागत और औसत राजस्व वसूली के बीच के अंतर को कम करने के लिए पहले ही निर्देश दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार बिजली निगमों को जहां कार्यकुशलता में सुधार को कहा गया है, वहीं थोड़ी राहत देते हुए बिजली शुल्क में आंशिक बढ़ोतरी को मंजूरी दी जा सकती है।
बीजेपी सरकार ने एफएसए को साल 2026 तक पहले ही बढ़ा दिया है। बिजली उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट बिजली बिल के हिसाब से 47 पैसे अतिरिक्त एफएसए देना होगा। 200 यूनिट से अधिक बिजली की खपत पर 94.47 रुपए अतिरिक्त भुगतान करना होगा।

# हरियाणा सरकार कृषि को लाभप्रद बनाने के लिए प्रयासरत

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने आगामी सीजन और वर्षों के लिए वर्तमान मूल्य नीति की समीक्षा के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। इस समिति का प्राथमिक उद्देश्य राज्य में प्रमुख खरीफ और रबी फसलों की खेती की लागत की जांच करना है, जो राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था में योगदान करती हैं। हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण के प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार किसानों के हित को देखते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि आने वाले वर्षों में राज्य का कृषि क्षेत्र मजबूत, प्रतिस्पर्धी और



टिकाऊ बना रहे। इस समिति के माध्यम से सरकार का लक्ष्य ऐसी नीतियां तैयार करना है, जो किसानों, उपभोक्ताओं और राज्य की आर्थिक प्राथमिकताओं के हितों को संतुलित करें। उन्होंने बताया कि इस समिति की वर्ष में दो बार बैठक होगी। इस समिति को मौजूदा मूल्य नीति, खेती की लागत का मूल्यांकन करने और हरियाणा में किसानों की जरूरतों के प्रति अधिक प्रभावी और उत्तरदायी बनाने के लिए आवश्यक कार्यों पर व्यापक सिफारिशें देने का काम सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि इस समिति का गठन एक स्थायी और किसान-हितैषी मूल्य नीति की आवश्यकता के जवाब में किया गया है, जो कृषि उपज के लिए उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित करती है, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देती है और बढ़ती उत्पादन लागत से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करती है। प्रवक्ता ने कहा कि खेती की लागत की जांच करना, मूल्य नीति की समीक्षा करना, सिफारिशें प्रदान करना और किसान कल्याण को प्राथमिकता देना आदि इस समिति के प्रमुख उद्देश्य हैं। उन्होंने कहा कि समिति इनपुट लागत, श्रम, सिंचाई और अन्य संबंधित खर्चों जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए हरियाणा में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों की खेती की वर्तमान लागत का आकलन करेगी। इसके अलावा, यह फसलों के लिए मौजूदा मूल्य नीति का मूल्यांकन करेगी और उत्पादन की लागत के साथ किसानों के लिए उचित और लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए सुधार का सुझाव देगी। उन्होंने कहा कि यह समिति अपने निष्कर्षों के आधार पर राज्य सरकार को रणनीतिक कार्यों पर सिफारिशें प्रदान करेगी जो मूल्य नीति की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए की जा सकती हैं।

### प्रतिस्पर्धा

**आने वाले वर्षों में राज्य का कृषि क्षेत्र मजबूत, प्रतिस्पर्धी और टिकाऊ बना रहे: उच्च स्तरीय समिति**

# अनाज मंडी से जुड़े संपर्क मार्गों की तुरंत करायें मरम्मत: जालुका

## नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की आरसी रद्द करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक आज यहां जिला सचिवालय सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें जालुका ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला की अनाज मंडियों से जुड़े संपर्क मार्गों की प्राथमिकता से मरम्मत कराई जाए, ताकि गेहूं सीजन में जिन्स लेकर मंडी पहुंचने वाले किसानों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिये कि बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के लाइसेंस और वाहन की आरसी को रद्द किया जाए। अतिरिक्त



उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि सडकों में गड्ढ़ों से संबंधित कोई भी सूचना उनके संज्ञान में आती है तो न केवल उस गड्ढ़े को भरा जाए, बल्कि अन्य सडकों पर भी गड्ढों की जांच कर उन्हें भरने के लिये उचित कदम उठाये जाएं। साथ ही सभी जेब्रा-क्रासिंग पर पेंट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राइवेट स्कूलों के सभी वाहन चालकों को आईडीटीआर (चालक प्रशिक्षण एवं रिसर्च संस्थान) से ट्रेनिंग दिलाने वास्ते कार्यक्रम तय कर उसे संबंधित एसडीएम को भी भेजा जाये। यदि वाहन चालक तय तिथि पर किसी कारणवश आईडीटीआर नहीं पहुंचते हैं तो उन्हें एक महीने का अतिरिक्त समय दिया जाये। फिर भी न पहुंचने वालों को वाहन चलाने की अनुमति न दी जाये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राइवेट अस्पतालों या ट्रामा सेंटर पहुंचने वाले सडक दुर्घटनाओं के

**दिशा-निर्देश**

**बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के आरसी को रद्द करें**

घायलों (जो आयुष्मान में कवर नहीं होते) व उनके परिजनों को टीएमएस के प्रति जागरूक करने के लिये फलेक्स अथवा पोस्टर लगवायें।

आज पिछली बैठक के लंबित 14 ऐजेंडों पर विचार किया गया। उन्होंने घरौंडा के अराईपुरा रोड पर बिजली की तारों को ऊंचा उठाने के लिये मई तक काम शुरू करने के निर्देश दिये।

# वर्तमान में लड़कियां हर क्षेत्र में आगे : प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा

**चयन**

**धरती से सोना निकालने का कार्य करने वाली कंपनी कुंदन ग्रुप में छात्राओं का चयन हुआ**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जियोलॉजी विभाग की एमटेक अप्लाइड जियोलॉजी से मुस्कान एवं तनु शर्मा का कुंदन गोल्ड माइंस प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली में चयन हुआ है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने दोनों छात्राओं एवं विभागाध्यक्ष व केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान में लड़कियां हर क्षेत्र में आगे हैं। आईआईटी, आईआईएम और मेडिकल जैसी



प्रतिष्ठित संस्थाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त कर देश में प्रतिष्ठित पदों पर सुशोभित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि धरती से सोना निकालने का कार्य करने वाली प्रतिष्ठित कंपनी कुंदन ग्रुप में जियोलॉजी विभाग की छात्राओं का चयन हुआ है। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मुस्कान एवं तनु शर्मा को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. एआर चौधरी ने भी दोनों छात्राओं को बधाई दी व बताया कि विभाग में 12वीं के बाद पांच वर्ष का एमटेक अप्लाइड जियोलॉजी व बीएससी के बाद दो वर्ष के लिए एमएससी अप्लाइड जियोलॉजी कोर्स संचालित है। उन्होंने बताया कि केयू जियोलॉजी विभाग के छात्र-छात्राओं का चयन हर वर्ष देश के प्रतिष्ठित सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों एवं प्रतिष्ठित कंपनियों में उच्च पदों पर होता है।

# विजय इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय सैम्बो बीच चैंपियनशिप का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना में राष्ट्रीय सैम्बो बीच चैंपियनशिप का आयोजन 29 से 31 मार्च तक किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि महेंद्रगढ़ विधायक, विशिष्ट अतिथि राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य मेजर मनीराम लांबा रहे। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था संरक्षक महेंद्र सिंह ने अपने कर-कमलों से किया। संस्था चेयरमैन विजय यादव टूमना ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दिल्ली, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड सहित कई राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

**शानदार**

**प्रतियोगिता में लगभग 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया**

इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य नत्थू सिंह, एनआईएस महासचिव सैम्बो फेडरेशन ऑफ इंडिया के डिप्टी राम शर्मा, समस्त अध्यापक एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया, जिससे इस आयोजन को अत्यंत सफल और यादगार बनाया गया। राष्ट्रीय सैम्बो बीच चैंपियनशिप का यह आयोजन खेलों के प्रति युवाओं में जागरूकता बढ़ाने और उनके प्रतिभा विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# जीटी रोड पर पुलिसकर्मी की रेंज रोवर में लगी आग

**बाल-बाल बचे**

**रेंज रोवर कार में अचानक आग लग गई। कार में पुलिसकर्मी और उसके परिवार के 3 लोग सवार थे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नेशनल हाईवे-44 पर रेंज रोवर कार में अचानक आग लग गई। कार में पुलिसकर्मी और उसके परिवार के 3 लोग सवार थे। ये परिवार दिल्ली से पंचकूला जा रहा था। आग लगते ही परिवार गाड़ी से बाहर आ गया। इससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। प्राथमिक जांच



में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट सामने आया है। हालांकि परिवार की तरफ से पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है। जानकारी के मुताबिक पंचकूला के रहने वाले पुलिसकर्मी परिवार के साथ दिल्ली से चंडीगढ़ जा रहे थे। जब वह करनाल के नीलोखेड़ी के पास पहुंचे तो बोनट से अचानक धुआं उठने लगा। ये देख पुलिसकर्मी ने गाड़ी को साइड में लगाया और खुद व परिवार को बाहर निकाला। परिवार के निकलते ही गाड़ी में आग भडक गई। कुछ ही सेकेंड में पूरी गाड़ी आग की लपटों में घिर गई। आग इतनी तेज थी कि गाड़ी कुछ ही देर में जलकर खाक हो गई। हाईवे पर गुजरने वाले वाहनों के चालकों ने भी सुरक्षा के मद्देनजर अपने वाहन रोक दिए, जिससे मौके पर जाम लग गया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाडीं मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। नीलोखेड़ी चौकी इंचार्ज संदीप कुमार ने बताया कि हमें करीब 4 बजे सूचना मिली थी कि अंबाला साइड जा रही रेंज रोवर गाड़ी में ही-मैन होटल के पास अचानक आग लग गई है। कार में चार लोग सवार थे, जिनको सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

# हवन कर मनाया नववर्ष, 3232 यूनिट रक्तदान का रिकॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: माँ** भारती रक्तवाहिनी ने हिन्दू नववर्ष के मौके पर संस्था कार्यालय में हवन किया। अधिकतर सदस्य पहुंचे। सभी ने आहुति दी। रक्तदाताओं के अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई। कार्यकारी अध्यक्ष सोमप्रकाश ने सभी का स्वागत किया। कहा, संस्था हर साल नववर्ष पर हवन करती है। इस बार भी रक्तदाताओं के स्वास्थ्य की कामना की गई। क्योंकि रक्तदाता स्वस्थ रहेंगे, तभी जरूरतमंदों की जान बचा सकेंगे। वर्ष की शुरूआत में संस्था ने आम सभा की बैठक बुलाई। इसमें 2024-25 के कार्यों पर चर्चा हुई। कार्यकारिणी ने

**हवन किया**

**अधिकतर सदस्य पहुंचे। सभी ने आहुति दी। रक्तदाताओं के अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई**

बताया, इस साल 31 रक्तदान शिविर लगाए गए। इनमें 3232 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। इनमें से 2209 यूनिट भारतीय सेना के लिए दिया गया। बाकी 1023 यूनिट पीजीआई खानपुर और नागरिक अस्पताल सोनीपत के रक्तकोष को दिया गया।

# छात्रों ने नृत्य प्रदर्शन में अभिभावकों का मन मोहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में दीक्षांत समारोह बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्या अनिता यादव ने अभिभावकों के सहयोग से दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। जिसमें छात्रों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने नृत्य का प्रदर्शन करते हुए सभी अभिभावकों का मन मोह लिया। उन्होंने अपने नृत्य के द्वारा बताया कि हमें किस प्रकार



से दूरसंचार और इंटरनेट ,मोबाइल से दूर रहते हुए अपने खिलौने, पेड़ -पौधों से हम किस प्रकार से दोस्ती करते हुए जीवन को व्यतीत कर सकते हैं। शक्तिमान, शिन-चैन आदि की ड्रेस पहन कर बच्चों ने सभी अभिभावकों को ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया था। जिसमें महिला की तस्वीर पर बिंदी लगाने की प्रतियोगिता पिरामिड बनाना प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में रुचि लेते हुए सभी अभिभावकों ने उपहार भी ग्रहण किया।

# महापौर रेणू बाला गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय में पदभार किया ग्रहण

**जिम्मेदारी**

**भाजपा जिंदाबाद के नारों व तालियों की गडगड़ाहट के बीच अपना पदभार ग्रहण किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** निकाय चुनावों में मेयर पद की हैट्रिक लगाने वाली रेणू बाला गुप्ता ने पूर्वान्ह नगर निगम कार्यालय में आकर, भारत माता की जय, भाजपा जिंदाबाद के नारों व तालियों की गडगड़ाहट के बीच अपना पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर इन्द्री के विधायक राम कुमार कश्यप, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेन्द्र राणा, नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीर पंथी, जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, करनाल भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल के अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा मौजूद रही। इस मौके पर विधायकों के साथ-साथ नगर निगम अधिकारियों व समर्थकों ने मेयर



का बुके देकर स्वागत किया। इसके पश्चात नगर निगम कार्यालय के सभागार में स्वागत कार्यक्रम में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने मेयर रेणू बाला गुप्ता व निगम पार्षदों का स्वागत करते हुए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने करनाल शहर के विकास की निरंतरता को बनाए रखने की उम्मीद जाहिर की। उन्होंने कहा कि मेयर, पार्षद एवं निगम अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर मिलजुल कर कार्य करें। सभी स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ नगर निगम के तौर पर कार्य करें। असंध के विधायक योगेन्द्र राणा ने भी महापौर व पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार जनता ने तीसरी बार भाजपा की सरकार पर अपना भरौसा जताया है, हमें उनकी उम्मीद पर खरा उतरना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मेयर ने पिछले 10 वर्षों में बेमिसाल कार्य किए हैं, उसी प्रकार वह विकास के पहिएं को आगे बढ़ाते रहें। नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने मेयर व निगम पार्षदों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि महापौर के नेतृत्व में करनाल शहर का चहुंमुखी विकास होगा। वह करनाल में विकास कार्यों को गति से चलाते हुए सपनों का शहर बनाने की ओर अग्रसर होंगी। भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर ने भी रेणू बाला गुप्ता को तीसरी बार महापौर बनने व सभी पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि वह इन 5 वर्षों में करनाल की जनता की अपेक्षाओं पर काम करते हुए शहर में सामान रूप से विकास कार्य करवाए जाएं।

# चौथी औद्योगिक क्रांति के लिए छात्रों को दिया गया प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा 31 मार्च ( कुलदीप सिंह )** विश्व इस समय चौथी औद्योगिक क्रांति के दौर से गुजर रहा है। यह संभव हो रहा है आर्टिफिशल इंटेलीजेंस के माध्यम से। छात्र जब तक प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा हासिल नहीं करेंगे, तब तक तकनीक को समझ नहीं सकेंगे। यह बात पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कही। दरअसल, पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग ने आइहब दिव्यसम्पर्क, आइआइटी रूड़की और डीक्रस्ट मुरथल के सहयोग से बिल्डिंग द



फ्यूचर : आइओटी, सेंसर्स और एमआइ/एमएल फॉर इंडस्ट्री 4.0 शीर्षक से पांच दिवसीय स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम किया। यह विशेष पहल अनुसूचित जाति (एससी) के छात्रों के लिए की गई। छात्रों को चौथी औद्योगिक क्रांति की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया। राकेश तायल ने बताया कि 210 छात्रों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 110 छात्र एससी श्रेणी से थे। समाज के सभी बच्चे जब कुशल होंगे, तो निश्चित ही भारत विकसित होगा। बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम अकादमिक और उद्योग के बीच की खाई को दूर करते हैं। छात्रों को आज के तकनीकी-प्रेरित रोजगार बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करते हैं। डीन डॉ. जेएस सैनी ने प्रैक्टिकल शिक्षा का महत्व बताया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ.

**फोकस**

**छात्रों ने स्मार्ट सिस्टम डिजाइन का कौशल प्राप्त किया। आधारित अधिगम पर फोकस किया**

मनोज अरोड़ा ने कहा कि छात्रों द्वारा विकसित किए गए प्रोजेक्ट इस बात का प्रमाण हैं कि इस तरह के केंद्रित प्रयासों से अपार संभावनाएं खोली जा सकती हैं। छात्रों ने स्मार्ट सिस्टम डिजाइन का कौशल प्राप्त किया। अश्विनी ने प्रोजेक्ट-आधारित अधिगम पर फोकस किया।

# सिसाना के तालाब में मिला युवक का शव, नही हो पाई शिनाख्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**सोमवार** को खरखौदा के गाँव सिसाना स्थित तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव काफी दिनों पुराना होने के कारण क्षत-विक्षत हो चुका था, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर खानपुर मेडिकल कॉलेज के शवगृह में रखवा दिया है। सोमवार दोपहर गाँव सिसाना के गोहाना मोड़ व खरखौदा-रोहतक मार्ग स्थित दूषित पानी के तालाब में शव पड़े होने की सूचना खरखौदा पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही



थाना प्रभारी बीर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। शव को तालाब से बाहर निकालने के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने क्षेत्र में लापता लोगों के परिजनों को मौके पर बुलाया, लेकिन किसी ने शव को नहीं पहचाना। शव लंबे समय से तालाब में पड़ा होने के कारण पूरी तरह खराब हो चुका था। पुलिस ने शव को 72 घंटे के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज के शवगृह में रखवा दिया है। ताकि उसकी पहचान करवाई जा सके।

# जेई के तबादले के बाद अब एमई के खिलाफ पार्षदों ने खोला मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** नगर पालिका पार्षदों ने एकजुट होकर गन्नौर पालिका में जेई को गन्नौर से बदलने की मांग सरकार से की थी। पार्षदों का आरोप था कि जेई का पार्षदों के प्रति रवैया सही नही और न वो उनके कहने पर उनके वार्डों में कोई विकास कार्य करवाते हैं बल्कि ठेकेदारों की सहूलियत के हिसाब से कार्य करवाते है। पार्षदों की मांग पर सरकार ने जेई का तत्काल प्रभाव से ट्रांसफर किया । जिसको लेकर पार्षदों ने हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया है। नगरपालिका पार्षदों ने अब एमई के पार्षदों के साथ व्यवहार व विकास कार्यों में रुचि न लेने को लेकर अभियंता जयदेव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।




पार्षदों का आरोप है कि अभियंता शहर के विकास कार्यों में कोई रुचि नहीं ले रहे है। पार्षदों का कहना है कि जब कोई पार्षद वार्ड के लोगों के हित के लिए किसी विकास कार्य की डिमांड करता है या काम करने का आग्रह करता है तो अभियंता का पार्षद के साथ व्यवहार अच्छा नहीं होता । उन्होंने कहा कि जब उनके कार्य न हुए तो मजबूरन पार्षदों ने फिर 13 पार्षदों ने एक हस्ताक्षर युक्त

**मांग**

**नगर पालिका पार्षदों ने एकजुट होकर गन्नौर पालिका में जेई को गन्नौर से बदलने की मांग सरकार से की थी**

पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को भेजा है जिसमें अभियंता जयदेव का गन्नौर से तबादला किया जा सके वहीं पार्षदों ने स्टेट विजिलेंस को भी लिखा है उन्होंने मांग की है कि तत्कालीन जेई व अभियंता जयदेव के कार्यकाल में जो जो विकास कार्य शहर में हुए हैं उनके सभी के सैंपल लिए जाएं तो बहुत बड़ा गड़बड़झाला निकलकर सामने आ सकता है। पार्षद नरेश वर्मा,शमशेर सैनी,अजय सरोहा,विकास,सतबीर शर्मा एडवोकेट,ममता पांचाल,अंकित त्यागी,सचिन कोच,राजेश शर्मा,संगीता त्यागी,एडवोकेट कृष्ण लाल टांक,राखी व शालिनी ने सयुक्त रूप से हस्ताक्षर कर तबादले की मांग की है।

**प्रधान व सचिव के कहने पर काम करवा रहे : एमई**

-- नपा के एमई जयदेव ने मामले को लेकर बताया कि नगरपालिका प्रधान व सचिव के हिसाब से सही कार्य करवा रहे है। उन्होंने कहा कि पार्षदों को कार्य के बारे प्रधान व सचिव को बताना चाहिए वो शहर का विकास प्रधान व सचिव के कहने अनुसार करवा रहे है। किसी से कोई गलत व्यवहार नही कर रहे।

## संपादकीय

# मिशन बिहार 2025, सक्रिय हुए शाह

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मिशन बिहार 2025 पर पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। इसके लिए उन्होंने राजनीतिक बिसात भी बिछाना प्रारंभ कर दिया है। सरकारी योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यासों के साथ ही अपने इस मिशन के लिए उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगियों के साथ अपने समीकरणों को भी साधना प्रारंभ कर दिया है। गृह मंत्री ने बिहार के पटना में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की 800 करोड़ रूपए से अधिक लागत वाली विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में उन्होंने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि विगत 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के करोड़ों गरीबों के कल्याण के लिए कई काम किए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी सरकारों ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने 10 साल में गरीबों को घर, बिजली, गैस, पेयजल, शौचालय, दवाएं और 5 किलो मुफ्त अनाज दिया है। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी ने 80 करोड़ लोगों को प्रति माह प्रति व्यक्ति 5 किलो मुफ्त अनाज, 4 करोड़ लोगों को घर, 11 करोड़ गैस सिलेंडर, 12 करोड़ से अधिक शौचालय और 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसान, महिलाएं, डेयरी, मत्स्यपालन और कृषि से जुड़ी गतिविधियों को गति देने के लिए आजादी के 75 साल बाद देश में सहकारिता मंत्रालय का गठन किया।

उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल तक देश में किसी को भी सहकारिता को मजबूत करने के बारे में सोचने की फुरसत नहीं थी। उन्होंने कहा कि बिहार, भूमि, जल और अन्य प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर राज्य है और आने वाले समय में इस राज्य को सहकारिता क्षेत्र का सबसे अधिक फायदा होगा। इस पूरे कार्यक्रम में अमित शाह के निशाने पर विपक्ष रहा। उन्होंने कहा कि विपक्षी सरकारों के शासनकाल में बिहार में सहकारिता को पूरी तरह चौपट कर दिया गया था और सैकड़ों चीनी मिलें बंद हो गईं थीं। उन्होंने कहा कि एक जमाने में बिहार का चीनी उत्पादन देश के चीनी उत्पादन का 30 प्रतिशत से अधिक था जो विपक्षी सरकारों के कार्यकाल में घटकर 6 प्रतिशत से भी कम रह गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार बिहार में बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनर्जीवित करने का काम करेगी।उन्होंने कहा कि 1990 से 2005 तक विपक्षी सरकारों ने बिहार में हत्या, अपहरण, फिरौती, डकैती और लूटपाट की एक इंडस्ट्री चलाई जिसने राज्य को पूरी तरह से बरबाद कर दिया। बिहार में विपक्षी सरकारों के शासनकाल में जातीय नरसंहार हुए, सत्तापोषित भ्रष्टाचार हुआ और चारा घोटाले से राज्य को देश और दुनिया में बदनाम करने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि विपक्षी सरकार को बिहार के इतिहास में हमेशा के लिए जंगलराज के रूप में जाना जाएगा।

बिहार में नीतीश सरकार के 10 साल के कार्यकाल में हर गांव तक सड़क, बिजली और नल से जल पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने घर, शौचालय, पानी, दवाएं, राशन देकर बिहार के गरीबों के कल्याण के काम किए हैं।

# नवरात्रि: आस्था और संस्कृति की शाश्वत गाथा



प्रसांत वीर सिंह

> "उदाहरणतः खजुराहो के मंदिर (10वीं-12वीं शताब्दी ईस्वी), जो अपनी कामुक मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध हैं, में महिषासुरमर्दिनी (महिषासुर का वध करती हुई देवी दुर्गा) की जटिल नक्काशियाँ भी मिलती हैं। इसी प्रकार, एलोरा की गुफा संख्या 16 (6वीं-8वीं शताब्दी ईस्वी) में देवी दुर्गा को सिंह पर सवार, हाथ में त्रिशूल लिए दशार्या गया है, जो आज एक प्रतीक के रूप में सम्पूर्ण भारत में प्रचलित है। ध्यातव्य है कि कला इतिहासकार जे.सी. हार्ले (द आर्ट एंड आर्किटेक्चर ऑफ द इंडियन सबकॉन्टिनेंट, 1994) इन चित्रणों को राजकीय संरक्षण के तहत उत्सव के प्रसार के संदर्भ में परिभाषित करते हैं। इस क्रम में, असम का प्रसिद्ध शक्तिपीठ कामाख्या मंदिर प्रासंगिक है, जहाँ 8वींझ9वीं शताब्दी ईस्वी के शिलालेख मिलते हैं"

**नवरात्रि** मात्र एक पर्व नहीं,बल्कि आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता की शाश्वत गाथा है। शताब्दियों से यह पर्व हमें हमारे सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ता रहा है। नवरात्रि अर्थात दिव्य नारी शक्ति की पूजा को समर्पित नौ-रातों का उत्सव, भारत में गहरे ऐतिहासिक मूल रखता है। इसकी जड़ें सहस्त्राब्दियों प्राचीन ऐतिहासिक पवित्र ग्रंथों, मंदिरों के शिलालेखों और राजकीय घोषणाओं इत्यादि में गुथी हुई हैं। यदि हम साहित्यिक विवरणों को देखे तो सबसे प्राचीन ज्ञात ग्रंथों में से एक, ऋग्वेद (लगभग 1500-1200 ईसा पूर्व), देवी उपासना के आरम्भिक संकेत प्रस्तुत करता है। इसका देवी सूक्त (10.125) ब्रह्मांडीय नारी शक्ति को विश्व की जीवनदायिनी के रूप में वंदित करता हैः मैं राज्ञी हूँ, संपदाओं की संग्राहिका... मैं सभी प्राणियों में प्राण फूंकती हूँ। यद्यपि यहाँ नवरात्रि शब्द स्पष्ट रूप से उल्लेखित नहीं है, किन्तु विद्वान डेविड किंस्ले (हिंदू गॉडेसेस, 1988) का तर्क है कि इन स्तुतियों ने बाद के शक्ति-केंद्रित उत्सवों के लिए वैचारिक आधार तैयार किया। वहीं यदि हम देवी महात्म्य (5वीं-6वीं शताब्दी ईस्वी) की बात करें, जो मार्कंडेय पुराण का एक महत्त्वपूर्ण अंश है, तो यह नवरात्रि के पौराणिक केंद्र को स्पष्ट करता है। यह महिषासुर के विरुद्ध देवी दुर्गा के नौ-दिवसीय युद्ध का वर्णन करता है, जो बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इस संदर्भ में थॉमस बी. कोबर्न (देवी महात्म्यः द क्रिस्टलाइजेशन ऑफ द गॉडेस ट्रेडिशन, 1984) का विचार प्रासंगिक है कि, इस ग्रंथ ने स्थानीय देवी पंथों को एक अखिल भारतीय परंपरा में बदल दिया, जिसमें व्रत और अखंड दीया (निरंतर ज्योति) जैसे अनुष्ठान निर्धारित किए गए, जो आज भी प्रचलित हैं। उपर्युक्त दावों की पुष्टि के संदर्भ में पुरातात्विक साक्ष्य भी मध्यकालीन नवरात्रि अनुष्ठानों की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। उदाहरणतः खजुराहो के मंदिर (10वीं-12वीं शताब्दी ईस्वी), जो अपनी कामुक मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध हैं, में महिषासुरमर्दिनी (महिषासुर का वध करती हुई देवी दुर्गा) की जटिल नक्काशियाँ भी मिलती हैं। इसी प्रकार, एलोरा की गुफा संख्या 16 (6वीं-8वीं शताब्दी ईस्वी) में देवी दुर्गा को सिंह पर सवार, हाथ में त्रिशूल लिए दशार्या गया है, जो आज एक प्रतीक के रूप में सम्पूर्ण भारत में प्रचलित है। ध्यातव्य है कि कला इतिहासकार जे.सी. हार्ले (द आर्ट एंड आर्किटेक्चर ऑफ द इंडियन सबकॉन्टिनेंट, 1994) इन चित्रणों को राजकीय संरक्षण के तहत उत्सव के प्रसार के संदर्भ में परिभाषित करते हैं। इस क्रम में, असम का प्रसिद्ध शक्तिपीठ कामाख्या मंदिर प्रासंगिक है, जहाँ 8वींझ9वीं शताब्दी ईस्वी के शिलालेख मिलते हैं, जो नवरात्रि जैसे शरदकालीन अनुष्ठानों का विवरण देते हैं। इसकी पुष्टि मध्यकालीन ग्रंथ योगिनी तंत्र से भी होती है, जिसमें पशु बलि और रात्रि जागरण (जागरण) का वर्णन है, जो आज भी शारदीय नवरात्रि के दौरान यहाँ प्रचलित हैं। नवरात्रि के राजकीय उत्सव के रूप में उद्भव का विवरण कई शासकीय अभिलेखों के रुप में पाषाणों पर भी अंकित हैं। गुप्त साम्राज्य (4वीं-6वीं शताब्दी ईस्वी), जो हिंदू पुनरुत्थान का स्वर्ण युग था, के दौरान उदयगिरि गुफाओं (मध्य प्रदेश) में दुर्गा पूजा का उल्लेख करने वाले शिलालेख लिखे गए। सम्राट स्कंदगुप्त के 5वीं शताब्दी ईस्वी के भितरी स्तंभ अभिलेख में देवी दुर्गा को उसकी सैन्य विजयों का श्रेय दिया गया है, जो धर्म और साम्राज्यवाद के मिश्रित प्रचार-प्रसार का एक जीवंत उदाहरण है। शताब्दियों बाद, विजयनगर का महानवमी डिब्बा (समारोह मंच) भी भव्य नवरात्रि जुलूसों का साक्षी बना। फारसी दूत अब्दुर रज्जाक, जो 1443 ईस्वी में विजयनगर आया था, ने लिखाः राजा का दरबार सोने से ढके हाथी, तलवारें लिए सैनिक योद्धाओं के सागर में बदल जाता है। उपर्युक्त महोत्सव के संदर्भ में इतिहासकार रॉबर्ट सीवेल (ए फॉरगॉटन एम्पायरः विजयनगर, 1900) कहते हैं कि, यह प्रदर्शन विजयनगर साम्राज्य की शक्ति को प्रतिबिंबित करते हुए देवी दुर्गा को परम रक्षक के रूप में स्थापित करता था। इतना ही नहीं बल्कि इसके साथ यह भी तथ्य ध्यातव्य है कि भारत की भौगोलिक एकता में एकांग रूप से शामिल क्षेत्रीय विविधताओं ने भी नवरात्रि उत्सव के क्षेत्रीय स्वरूपों के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक विविधता को उजागर किया है। मसलन, बल्लाल चरित में वर्णित एक उल्लेख के अनुसार, बंगाल में 12वीं शताब्दी में सेन वंशीय शासक बल्लाल सेन ने शारदीय दुर्गा पूजा को औपचारिक रूप प्रदान किया। आगे चलकर मुगल और ब्रिटिश शासनकाल के दौरान, (कोलकाता के राजा नबकृष्ण देव जैसे धनाढ्य जमींदारों के सहयोग से) बंगाल में दुर्गा पूजा सामुदायिक उत्सव के रूप में बदल गया, इस दौरान शक्ति संबंधित वैदिक अनुष्ठानों को लोक नाट्य (जात्रा) के साथ जोड़ दिया गया। ऐसी ही कुछ कहानी भारत के सबसे पश्चिमी राज्य गुजरात की है, जहाँ के गरबा नृत्यों की जड़ें मैत्रक वंश (5वींझ8वीं शताब्दी ईस्वी) से जुड़ी हुई हैं, जिन्होंने सामुदायिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामूहिक नृत्य को प्रोत्साहित किया। आगे चलकर मध्यकाल में भक्ति आंदोलन ने इन नृत्यों में आध्यात्मिकता का समावेश किया, जहाँ 15वीं शताब्दी के कवि नरसी मेहता ने ऐसे स्तुति गीतों (भजनों) की रचना की, जिनका गायन आज भी होता है। गरबा नृत्य के संदर्भ में सोनल शुक्ला (गरबा एंड गुजराती आइडेंटिटी, 1997) का दावा है कि, ब्रिटिशकालीन शहरीकरण ने गरबा को क्षेत्रीय गौरव के प्रतीक में बदल दिया। नवरात्रि उत्सव के बारे में उपर्युक्त विवरण से भिन्न राय रखते हुए ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रशासक जेम्स टॉड अपनी पुस्तक एनल्स एंड एंटिक्विटीज ऑफ राजस्थान, 1829 में, नवरात्रि पर्व को स्थानीय राजपूतों द्वारा किये जाने वाले एक सैन्य प्रदर्शन के रूप में दर्ज करते हुए कहते हैंः राजपूत सरदार पैतृक तलवारों के साथ परेड करते हैं... देवी की रक्त पिपासा को शांत करने के लिए भैंसों की बलि दी जाती है। यदि इसे हम आज के गरबा-रात्रियों से तुलना करें, जहाँ लेजर लाइट्स और बॉलीवुड गीत-संगीत का प्रभाव है, तो यह मौलिक परिवर्तन भारत के शहरी रूपांतरण को दशार्ता है। हाल ही में वर्ष 2023 में, यूनेस्को द्वारा गुजरात के गरबा नृत्य को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता दी गई, इसके माध्यम से गरबा नृत्य की सामाजिक एकता में सतत भूमिका को रेखांकित किया गया। यह वैश्विक स्वीकृति नवरात्रि के परंपरा और आधुनिकता के सहज मिश्रण को उजागर करती है।

केवल पौराणिकता की अंतस में ही नहीं बल्कि भारतीय कृषि-संस्कृति एवं कृषि ऋतुओं के संदर्भ में भी नवरात्रि उत्सव का महात्म्य है। शारदीय नवरात्रि,मुख्यतः आश्विन-कार्तिक (सितंबरझअक्टूबर) के महीनों से जुड़ी हुई है, जो मानसूनोत्तर फसल से भी संबंधित है। इस अवधि में खरीफ की फसलों की कटाई होती है। अतः यह कृषकों हेतु प्रसन्नता, उत्सव एवं कृतज्ञता का अवसर होता है क्योंकि प्रकृति उन्हें अच्छी फसल के रूप में वर्ष भर के परिश्रम का पुरस्कार देती है। जबकि चैत्र नवरात्रि चैत्र मास (मार्चझअप्रैल) से संबंधित है,जो वसंत ऋतु के आगमन का अवसर होता है, जब पेड़-पौधों में पुष्पन, फलों के अंकुरण द्वारा प्रकृति में नवप्राण का संचार होता है.इस समय कृषक रबी की फसलों की कटाई के बाद नए बीज बोने और आगामी फसल चक्र के आरम्भ की तैयारी करते हैं। अतः पारंपरिक रूप से, हिंदू पंचांग में चैत्र मास नई योजनाओं, बीजारोपण और खेतों के पुनर्निर्माण हेतु शुभ माना जाता है। इस संदर्भ में चैत्र नवरात्रि कृषकों को प्रकृति के नवीन दौर के आगमन के प्रति आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से सजग करती है। इस संदर्भ में,वराहमिहिर की बृहत्संहिता (6वीं शताब्दी ईस्वी), जो विश्वकोश के रूप में भारतीय खगोल विज्ञान का एक मौलिक ग्रंथ है, का प्रसंग उल्लेखनीय है, जो उपर्युक्त अवधियों को अयनांत की परिघटना से सम्बद्ध करती है। इसके साथ ही साथ तमिल संगम काव्य ग्रंथ (300 ईसा पूर्व-300 ईस्वी) अकनानुरु (नेदुनथोकाई) में वर्णित श्लोक कोर्रवाई (देवी दुर्गा का आरम्भिक रूप) की स्तुति करते हुए धान के खेतों को आशीर्वाद देने का प्रसंग उल्लेखित करते हैं।

इस प्रकार, वैदिक मंत्रों से लेकर वायरल गरबा रील्स तक, नवरात्रि की यात्रा भारत की जीवंत विरासत का प्रमाण है। जैसा कि इतिहासकार रोमिला थापर अपनी पुस्तक कल्चरल पास्ट्स, 2000 में टिप्पणी करती हैंः नवरात्रि जैसे उत्सव पैलिम्पसेस्ट हैं, प्रत्येक युग अपनी छाप छोड़ता है, लेकिन मूल सार स्थिर रहता है।

अतः आज के आधुनिक नवरात्रि उत्सवों के दौरान भी जब देश-विदेश में करोड़ों लोग एकजुट होकर इस पर्व का साक्षी बनते हैं, तो कहीं न कहीं अनजाने में ही सही लेकिन वे सहस्त्राब्दियों पुरानी शाश्वत भारतीय परम्परा एवं पवित्र आस्था का भी हिस्सा बन जाते हैं।

## कविता

### पराए होते रिश्तों का एहसास'

जब तक थे साथ,
अकेलेपन से घबराए,
शमार्ये सकुचाये ,
साथ साथ हम कदम,
चलना मुस्कुराना हंसना,
खिलखिलाना, रोना,
सब कुछ एक साथ,
सांसों की महक, बदन की खुशबू,
खुश गवार हवा के झोंके,
पत्तों की चरमराहत,
खामोश कदमों की आहट,
बदन की खुशबूओं का स्पर्श,
हमकदम से सब कुछ,
संबंधों के अजनबी होने का
एहसास हवा में था,
अब दूर है
एहसास सभी से,
सब कुछ दूर बहुत दूर,
अजनबी सांसों की छांव,
कितने अलग-थलग,
हवा की सनसनाहट भी पराई,
अजनबी खुशबू,
पराई पगढंडिया,
फिजाएं भी अजनबी,
सब कुछ तन्हा, आदत भी,
अलग होने का एहसास,
बंधन टूटने का,
दूर बहुत दूर होने का

संजीव

## मानवीय आदर्श की कीमत पर विकास निरर्थक

**संजीव**

**हर बड़ा** व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।

यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है' मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए।

## विचार

## एक जरूरी बचाव, लेकिन क्या लोग ऊब गए हैं?

**प्रियंका सौरभ**

**कभी-कभी ऐसा** लगता है कि अगर किसी को गुप्त एजेंसी के लिए जासूसी करनी हो, तो उन्हें साइबर क्राइम से बचें जैसे संदेशों को बैकग्राउंड म्यूजिक बना देना चाहिए। जितनी बार हम अपने फोन, टीवी, बैंक मैसेज, या सोशल मीडिया खोलते हैं, 1930 हेल्पलाइन और साइबर ठगी की चेतावनी हमारे सामने आ जाती है। एक वक्त ऐसा आता है जब दिमाग कहता है, भाई, अब तो हमें खुद स्कैमर्स भी पहचानने लग गए होंगे! आजकल साइबर अपराध इतने आम हो गए हैं कि हर दिन हजारों लोग किसी न किसी ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। इसी को रोकने के लिए सरकार ने 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन शुरू की, ताकि लोग धोखाधड़ी के तुरंत बाद इसकी शिकायत कर सकें और पैसे वापस पाने की कोशिश कर सकें। लेकिन समस्या यह है कि इस हेल्पलाइन और साइबर सुरक्षा से जुड़ी चेतावनियाँ इतनी बार दोहराई जा रही हैं कि कुछ लोगों को यह कान पकाने वाली चीज लगने लगी है। बैंक, फोन कंपनियाँ, सोशल मीडिया, और न्यूज चैनल्स–हर जगह साइबर फ्रॉड से बचने के लिए अलर्ट्स आ रहे हैं।

**क्या लोग इसे नजरअंदाज करने लगे हैं? हेल्पलाइन या रेडियो स्टेशन?**

आपके अकाउंट से संदिग्ध ट्रांजैक्शन हुआ है... अगर यह लाइन आपको सपनों में भी सुनाई देने लगी है, तो आप अकेले नहीं हैं! साइबर सुरक्षा जागरूकता इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि अब लोग ठगी से कम और चेतावनी से ज्यादा परेशान हैं। बैंकः ध्यान दें! कोई भी आपकी डळढ मांगे, तो उसे दें मत! फोन कंपनियाँः साइबर क्राइम से बचें। 1930 पर कॉल करें। न्यूज चैनल्सः आज हम बताएँगे कैसे साइबर ठगी का नया तरीका आपको चूना लगा सकता है! वॉट्सएप ग्रुपः ये पढ़िए, एक आदमी ने लिंक पर क्लिक किया और उसका बैंक बैलेंस गायब! अब स्थिति यह हो गई है कि असली कॉल आए तो भी शक होता है कि कहीं यह स्कैम तो नहीं? कुछ लोग इतनी बार ये चेतावनियाँ सुन चुके हैं कि अब उन्हें गंभीरता से नहीं लेते। कई बार लोग मान लेते हैं कि मुझे तो कुछ नहीं होगा, और लापरवाही बरतने लगते हैं। कुछ मामलों में, लगातार चेतावनी देने के बावजूद लोग फर्जी कॉल्स या मैसेज का शिकार हो जाते हैं।

**लेकिन साइबर फ्रॉड क्यों बढ़ रहे हैं? जब बचाव भी संदेहास्पद लगे**

आजकल साइबर सतर्कता के कारण भरोसा करने की कला भी खत्म हो रही है। अगर कोई दोस्त सच में पैसे माँग ले, तो दिमाग कहता है, स्कैम लग रहा है, पहले वीडियो कॉल कर! कोई रिश्तेदार डळढ माँग ले तो जवाब आता है, पहले आधार कार्ड भेजो! सिर्फ इतना ही नहीं, कई बार लोग 1930 पर कॉल करके खुद की पहचान वेरिफाई कराने लगते हैं! भैया, मैं असली हूँ, स्कैमर नहीं! टेक्नोलॉजी का दुरुपयोगः जैसे-जैसे डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन बैंकिंग बढ़ी है, वैसे-वैसे साइबर ठग भी स्मार्ट होते गए हैं। सोशल इंजीनियरिंग फ्रॉडः जालसाज लोगों की भावनाओं और आदतों का फायदा उठाकर उन्हें ठग लेते हैं। जैसे–फर्जी नौकरी ऑफर, लॉटरी, केवाईसी अपडेट, आदि। बहुत से लोग लिंक पर क्लिक करने या ओटीपी शेयर करने से पहले सोचते नहीं हैं।

**तो क्या करना चाहिए? समाधान क्या है?**

1930 जरूरी है, लेकिन इसे पढ़ाई की किताब मत बनाओ। मजेदार तरीके से लोगों को जागरूक करो–मेम्स बनाओ, स्टैंड-अप कॉमेडी करो, रोबोटिक आवाज में मत सुनाओ! हर अलर्ट को सिरियस मत लो, लेकिन हर लिंक पर क्लिक भी मत करो। एक बैलेंस बनाओ, वरना या तो कान पकेंगे या जेब। हर बार स्कैम का डर मत पालो, लेकिन होशियार रहो। नहीं तो एक दिन सच में जरूरत पर कोई मदद माँगेगा, और तुम कहोगे–पहले आधार कार्ड और पैन नंबर भेज! तो अगली बार जब कोई 1930 का ज़िक्र करे, तो कान मत पकड़ो–बल्कि समझदारी से इसे अपनाओ। वरना साइबर ठगी तो दूर, भरोसे की ठगी के शिकार हो जाओगे! 1930 हेल्पलाइन को हल्के में न लेंः यह नंबर आपकी मेहनत की कमाई बचाने में मदद कर सकता है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## जल संकट का समाधानः परंपरागत ज्ञान

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**जल संकट** आज की दुनिया के सबसे गंभीर मुद्दों में से एक है। बढ़ती जनसंख्या, अनियंत्रित औद्योगीकरण, और जलवायु परिवर्तन ने पानी की उपलब्धता पर गंभीर प्रभाव डाला है। इस संकट से निपटने के लिए हमें परंपरागत जल संरक्षण तकनीकों और आधुनिक विज्ञान व तकनीक के समन्वय की आवश्यकता है।जल संरक्षण का अर्थ है पानी के स्त्रोतों का समझदारी से प्रबंधन करना ताकि भविष्य में पानी की कमी न हो। भारत के पास दुनिया का केवल 4% मीठा पानी है, लेकिन इसकी 18% आबादी जल संकट से जूझ रही है। इस समस्या को हल करने के लिए सरकार और समुदायों की भागीदारी जरूरी है। आंध्र प्रदेश में जल शक्ति अभियान और नीरू-चेट्टू जैसी योजनाओं ने पानी की उपलब्धता बढ़ाने में मदद की है। स्थानीय समुदाय अपने पारंपरिक ज्ञान और नए तकनीकी उपायों को अपनाकर पानी का बेहतर उपयोग कर सकते हैं। महाराष्ट्र का हिवरे बाजार मॉडलः इस गाँव में पारंपरिक और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके भूजल स्तर बढ़ाया गया। वर्षा जल संचयन और कुओं की सफाई से यहाँ जल उपलब्धता बढ़ी। राजस्थान की जोहड़ प्रणालीः छोटे-छोटे तालाबों (जोहड़) के निर्माण से भूजल स्तर सुधरा और सूखे की समस्या कम हुई। उत्तराखंड की चाल-खाल प्रणालीः ये छोटे जलाशय वर्षा जल को संग्रहीत कर भूजल पुनर्भरण में मदद करते हैं। पानी के कुशल उपयोग के लिए पारंपरिक तरीकों और नई तकनीकों को अपनाना जरूरी हैं। नागालैंड की जाबो कृषि पद्धतिः यह विधि बारिश के पानी को इकट्ठा कर खेती के लिए उपयोग करती है, जिससे सूखे की मार कम होती है। राजस्थान के टांके वर्षा जल संग्रहण के लिए बनाए गए छोटे जल भंडार हैं, जिनमें अब आधुनिक निस्पंदन तकनीक भी जोड़ी जा रही है। तमिलनाडु में एरियों (तालाब) प्रणालीः यह प्रणाली वर्षा जल को संग्रहित कर सिंचाई और पेयजल आपूर्ति में मदद करती है। जल संरक्षण के लिए जंगल, नदी, तालाब और मिट्टी को संतुलित बनाए रखना जरूरी है। राजस्थान में ओरण (पवित्र वन) क्षेत्रों में जल स्त्रोतों और जैव विविधता की सुरक्षा होती है।

## सरकारी दफ्तर की महाभारत

**डॉ. सुरेश कुमार**

**सरकारी** दफ्तर! अरे, वो जगह जहाँ घड़ी की सुइयाँ भी ऊँघती हैं और फाइलें इतनी स्थायी होती हैं कि लोग बदल जाते हैं, लेकिन वे अपनी जगह से टस से मस नहीं होतीं। वहाँ एक मेज होती है, जिस पर सरकारी बाबू ऐसे विराजमान होता है, जैसे द्वारका में श्रीकृष्ण। सामने अर्जुन जैसी जनता, जो अपने काम की अर्जी लेकर हाथ जोड़कर खड़ी रहती है, और बाबूजी, भगवान विष्णु की मुद्रा में, अपने कर-कमलों से हस्ताक्षर का वरदान देने में संकोच करते हैं। "आज नहीं, कल आना," यह उनका प्रिय श्लोक है, जो हजारों वर्षों से सरकारी ग्रंथों में अनवरत प्रवाहित हो रहा है।

दफ्तर का माहौल एकदम राम-रावण युद्ध जैसा था। फरियादी आते, बाबूजी उन्हें चकमा देकर, अदृश्य हो जाते। कहीं चाय का दौर, कहीं गप्पों की फुहार। एक बुजुर्ग किसान, जिसका पेंशन फाइल पिछले तीन वर्षों से दुर्लभ ग्रंथ बनी पड़ी थी, हाथ जोड़कर खड़ा था। "बाबूजी, बस एक दस्तखत कर दीजिए, बहुत परेशानी है!" बाबूजी ने चश्मा ठीक किया, और गीता के अर्जुन वाले अंदाज में बोले, "देखो दद्दा, हम कुछ कर सकते हैं, लेकिन फाइल अभी नीचे वाले सेक्शन में अटकी है। ऊपर से परम आदेश नहीं आया है। परम आदेश मतलब...?" किसान चकराया। "मतलब बिना चाय-पानी के इंजन स्टार्ट नहीं होगा, समझे कि नहीं?" बाबूजी ने रहस्य खोल दिया। बगल में बैठे एक अन्य बाबू ने कानाफूसी की, "अरे भाई, काम करवाना है तो थोड़ा प्रसाद चढ़ाओ, बिना तेल दिए मशीन नहीं चलती!" किसान के चेहरे पर आशा और निराशा के बादल उमड़-घुमड़ कर बरस पड़े। "बेटा, मेरी फाइल ऐसे दौड़ाओ, जैसे मुंबई की लोकल ट्रेन!"

लेकिन बाबू ने हाथ झटक दिया, "बाबा, सरकारी दफ्तर है, यहाँ चीजें घोंघे की चाल से चलती हैं, चीते की नहीं!" किसान ने जेब से पान निकाला, और धीरे से बोला, "बेटा, एक छोटे बाबू को पान खिलाया था, तो फाइल दो दिन में निपट गई थी।" बाबूजी मुस्कुराए, "तो फिर पान नहीं, गिलौरी खिलाओ, तब शायद भाग्य खुल जाए!"

## न्यूज फ्लैश

### ईद की नमाज के माध्यम से भाईचारे का दिया संदेश



**टीम एक्शन इंडिया, गोहाना/ भंवर सिंह**
गोहाना की ईद गाह कालोनी में ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को मिठाइयां बांटी और खुशियां साझा की।
मौलाना मोहम्मद मोमिन ने कहा कि बीते एक महीने से मुस्लिम समुदाय के लोग रमजान के पाक महीने में रोजे रख रहे थे और इबादत में लगे हुए थे। आज एक महीने के रोजों की समाप्ति के मौके पर ईद-उल-फितर का पर्व मनाया गया। सुबह नौ बजे नमाज अता की गई। नमाज में आसपास के हजारों लोग पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है। हमें आपसी मनमुटाव को छोड़कर एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए। यह मीठी ईद है, सभी ने नमाज अता करने के बाद अपने दिलों में भाईचारे की मिठास लेकर गए हैं। इस मौके पर डॉ दिलबाग खान ने सभी के लिए अपने निवास पर खीर खिलाई और आपसी भाईचारे को बढावा दिया। इस मौके पर अल्हा मेहर, सलीम, समीर, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद नसीम आदि मौजूद रहे।

### खुशियों व भाईचारे का त्योहार ईद उल-फितर हर्षोल्लास के साथ मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** खुशियों व भाईचारे का त्योहार ईद उल-फितर सोमवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने सुबह आठ बजे पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास ईदगाह में नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी। नमाज को लेकर खासा उत्साह नजर आया। ईद की मुख्य नमाज महेंद्रगढ़ मस्जिद के इमाम मौलवी मुबारक हुसैन ने करवाई। उन्होंने कहा कि धैर्य और सौहार्द का नाम ही ईद है। पवित्र रमजान माह में पूरे धैर्य के साथ धार्मिक नियमों का पालन करते हुए प्रतिदिन रोजा रखना धैर्य ही है। इस त्याग और बलिदान के पश्चात ही महीने के प्रथम दिन ईदगाह में नमाज अदा कर हम ईद की खुशियां मनाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि हमें एक-दूसरे को दर्द को समझना चाहिए। अल्लाह से सबके के लिए दुआ करनी चाहिए। ऐसा कोई काम न करें, जिससे किसी की भावनाएं आहत हों। नमाज से पहले मौलानाओं ने मुसलमानों को बुराइयों से बचने और अच्छाई के रास्ते पर चलने की सीख दी। उन्होंने कहा कि दुनिया और देश में अमन-शांति बरकरार रहनी चाहिए। ईद उल फितर अमन और शांति का प्रतीक है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि यह त्योहार हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है। जिले में दशकों से हिंदू-मुस्लिम एकता बरकरार रही है। यही इस इलाके की सबसे बड़ी पहचान है। भविष्य में भी अमन व शांति बरकरार रहे, इसकी हर संभव कोशिश करनी चाहिए। इस अवसर पर मुस्लिम युवाओं ने कहा कि लोगों को जाति-धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश हो रही है, लेकिन यह इलाका न कभी बंटा है और न ऐसी ताकतों को कामयाब होने देगा। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। वहीं, ईदगाहों के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसबल तैनात किया गया था। पुलिस ने लगातार ईदगाहों का दौरा कर सुरक्षा का जायजा भी लिया। इस मौके पर मंगतु खान, दिन मोहम्मद, हाजी रफीक, यासीन मोहम्मद, रहीश खान, नईम अंसारी, फतेह मोहम्मद, सरवर शेख, रमजान, बरकत अली, किरोड़ी, फारूक अली व अलताफ सहित आसपास के गांवों के मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

### महिला को डिजिटल अरेस्ट कर सवा लाख की ठगी

**जींद।** एक महिला को डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी कर, उससे एक लाख 20 हजार रुपये ठग लिए गए। साइबर ठग ने पहले यूनाइटेड किंगडम से भाई बनकर बात की और एप्पल का फोन, गहने और पाउंड करंसी भेज इसे चेंज करवाने, कूरियर रिसीव करवाने के नाम पर रुपये ट्रांसफर करवाए। इसके बाद पुलिस कर्मचारी बन केस में फंसाने की धमकी देकर रुपये मांगे। साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# विद्यार्थियों के लिए साइबर धोखाधड़ी विषय पर कार्यशाला का आयोजन

### वित्तीय शिक्षा वित्तीय संसाधनों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने में मदद करती है: विश्वदीप शर्मा, सेबी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन )**
एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों के लिए वित्तीय शिक्षा, निवेशक जागरूकता और साइबर धोखाधड़ी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य वक्ता विश्वदीप शर्मा सेबी स्मार्ट प्रशिक्षक ने शिरकत की और विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान के आधार को बढ़ाया और उन्हें बचत के महत्व को समझाया । मंच संचालन डॉ दीपिका अरोड़ा मदान ने किया । माननीय मेहमान का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, डॉ पवन कुमार और वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों ने किया । कार्यशाला में 40 विद्यार्थियों के दो बैच बनाकर उन्हें अलग-अलग प्रशिक्षण दिया



गया । कार्यशाला में एमकॉम, बीकॉम, बीकॉम आनर्स और बीबीए के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों ने विश्वदीप शर्मा से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे । विदित रहे कि विश्वदीप शर्मा वित्तीय शिक्षा संसाधन व्यक्ति (एफईआरपी) एवं प्रमाणित प्रशिक्षण संकाय के रूप में वित्तीय शिक्षा और निवेशक जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने के लिए सेबी के स्मार्ट ट्रेनर के साथ सूचीबद्ध है और इस क्षेत्र में विश्वदीप का लम्बा अनुभव है ।
विश्वदीप शर्मा ने कहा कि वित्तीय शिक्षा, निवेशक जागरूकता और साइबर धोखाधड़ी वर्तमान युग में अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन गए हैं । वैश्वीकरण और डिजिटल प्रौद्योगिकी के विस्तार के साथ लोगों की वित्तीय आदतों में भी बदलाव आया है । हालांकि इन परिवर्तनों ने नए अवसरों के साथ-साथ कई जोखिम भी प्रस्तुत किए हैं जिनमें साइबर धोखाधड़ी प्रमुख है ।
वित्तीय शिक्षा का तात्पर्य उन कौशलों और ज्ञान से है जो किसी व्यक्ति को अपने वित्तीय संसाधनों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने में सहायता करता हैं और इसमें बजटिंग, निवेश, ऋण प्रबंधन, कर योजना और धन संचय जैसी अवधारणाएँ शामिल होती हैं ।

**महत्वपूर्ण**
▶▶ निवेशक जागरूकता और साइबर धोखाधड़ी वर्तमान युग में अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन गए हैं

### खेलों से मिलती है नई ऊर्जा: विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि खेलों से जीवन में नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने खिलाड़ियों का आह्वान किया कि वे हरियाणा सरकार की खेल नीति का लाभ उठाएं और खेलों में अच्छा प्रदर्शन करके अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन करें। हरविंद्र कल्याण गांव कुटेल के पीएमश्री स्कूल में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने प्रतियोगिता में आए बच्चों के साथ मिलकर क्रिकेट भी खेला। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरकार की कोशिश है कि प्रदेश के खिलाड़ियों को जरूरी बुनियादी सुविधाएं मिलें, ताकि वे खेलों में और अधिक बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश-प्रदेश का नाम रोशन कर सके। हरविंद्र कल्याण ने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे खेलों में बढ़-चढकर भाग लें। उन्होंने बुजुर्गों से भी अपील की कि वे बच्चों को खेलों में आगे बढने के अवसर प्रदान करें।

### सरकारी स्कूल में दाखिले करने के लिए किया प्रेरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए स्कूलों के अध्यापक गांव-गांव गली-गली घूमकर लोगों को अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी कड़ी में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महेंद्रगढ़ के प्राचार्य जयपाल व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या अनीता ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से 23 मार्च से 30 अप्रैल तक प्रवेश उत्सव कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में चेन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने 25 फरवरी को सेक्टर-6 चौक पर एक महिला से चांदी की चेन छीनकर फरार हो गए थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी करनाल में मौजूद हैं। इसके बाद सीआईए-1 की टीम ने यश ढाबा अंसध के पास नाकाबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया।
सीआईए-1 टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर करनाल के यश ढाबा अंसध पर नाकाबंदी की। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की जांच शुरू की, तभी एक एक्टिवा पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। टीम ने उन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम चिराग अर्जुन गेट करनाल और पवन गांव कटेबाग करनाल बताया। तलाशी में वारदात में इस्तेमाल की गई एक्टिवा, एक मोबाइल फोन और छीनी गई चांदी की चेन बरामद हुई। अनुसंधान अधिकारी मुख्य सिपाही मनोज कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने 25 फरवरी को सेक्टर-6 चौक पर एक महिला से चांदी की चेन छीनकर फरार हो गए थे। पुलिस ने जब मामले की जांच की तो सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर इनकी संलिप्तता की पुष्टि हुई। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इन आरोपियों का किसी अन्य वारदात से कोई संबंध है या नहीं। अधिकारियों का कहना है कि इस गिरफ्तारी से चैन स्नैचिंग की घटनाओं पर लगाम लगेगी।



### ऑनलाइन फ्रॉड के शिकार हो तो 1930 पर तुरंत शिकायत दर्ज करें

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
उपायुक्त डॉक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि आजकल के डिजिटल युग में इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग, और डिजिटल भुगतान के बढ़ते चलन के साथ-साथ साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने पानीपत के निवासियों से अपील की कि वे यदि कभी ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो तुरंत केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ऑनलाइन शॉपिंग का चलन बढने के साथ ही लोग सोशल मीडिया पर मिलने वाली आकर्षक छूट, लॉटरी या पुरस्कारों से जुड़े विज्ञापनों के जाल में फंस जाते हैं। उन्होंने सलाह दी कि उपभोक्ता यदि किसी वेबसाइट से खरीदारी कर रहे हैं, तो पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वह वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। साथ ही, यदि संभव हो तो ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान कैश ऑन डिलीवरी का विकल्प चुनें, ताकि आपकी बैंक या कार्ड संबंधी जानकारी साइबर अपराधियों के हाथों में न जाए। डीसी विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाए, तो उसे तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करनी चाहिए और अपनी शिकायत साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी दर्ज करनी चाहिए।

## पानीपत पुलिस के 9 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
जिला पुलिस से आनरेरी इंस्पेक्टर विष्णु दत्त, आनरेरी इंस्पेक्टर रामनिवास, आनरेरी इंस्पेक्टर जसमेर सिह, ईएसआइ रामनिवास, ईएसआइ शक्ति सिह, ईएसआइ रामरतन, ईएसआइ हरिदत्त, सिपाही भीम सिह व वाटर कैरियर बोम्ब बहादुर का विभाग में कायार्काल पूरा होने पर सोमवार को सेवानिवृति के अवसर पर सम्मान में जिला पुलिस विभाग की और से लघु सचिवालय के तृतीय तल पर स्थित सभागार में विदाई



पार्टी का आयोजन किया गया। उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार वत्स ने विदाई समारोह के दौरान सम्मान के साथ अपनी शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि वे अपने आने वाले जीवन में अपने परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत करने का प्रयास करें, समाज में रहकर पुलिस के प्रति लोगों की सोच को बदलने की कोशिश करें। अपने रिटायरमेंट की प्लानिंग से पहले अपने जज्बे और जनून के बारे में सोचें और उस काम को करें जो आप हमेशा करना चाहते थे। रिटायरमेंट के बाद आपको एक नया जीवन जीने को मिलेगा। अपने इस जीवन में अपने अनुभव और खुशियां बांटें और अपने आस-पास खुशियों का माहौल बनाकर रखें। उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार ने इस दौरान संबोधित करते हुए कहा कि सेवानिवृत होने वाले सभी पुलिस अधिकारियो व कर्मचारियो ने पूरी लगन, मेहनत, इमानदारी से कार्य करते हुए समर्पित होकर विभाग में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की है। इनका कार्यकाल अति सराहनीय रहा है, इसके लिए ये विशेष रूप से बधाई के पात्र है। उप पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के सर्विस के दौरान किये गय कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृति के बाद भी पुलिस अफसर अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए समाज की बुराइयों को दूर कर सकता है। भविष्य में आपको पुलिस विभाग से किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ती है तो विभाग सदैव आपके लिए तत्पर रहेगा।

## हरियाणा-यूपी सीमा पर पिलरों को लगाने का कार्य 30 जून तक होगा पूरा: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा की वित्तायुक्त डॉ. सुमित्रा मिश्रा ने सोमवार को प्रदेश के सभी उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों व सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर हरियाणा - यूपी सीमा पर पिलरों को लेकर स्थिति जानी। उन्होंने एक-एक कर-के सभी जिलों के उपायुक्तों से बात की व कितनी बाउण्डरी पिल्लर लगने है व कितने लग चुके है तथा यह कार्य कितने दिन में सम्पन्न होगी की वर्तमान स्थिति जानी। उपायुक्त ने वित्तायुक्त को बाउण्डरी पिल्लर लगाने का काम जल्द निपटाने का




आश्वासन दिया। वित्तायुक्त ने अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों से 12 अप्रैल तक रिपोर्ट भेजने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि जिले में 212 बाउण्डरी पिल्लर लगने हैं। इन की टैण्डर प्रक्रिया जारी है। 30 जून तक उन्होंने सभी पिल्लरों को लगाने का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने बताया कि विभाग की इस सन्दर्भ में बैठक भी ली गई थी। जिसमें अधिकारियों को कार्य को लेकर दिशानिर्देश भी दिए गए थे।

### अवैध खनन का कार्य करने वालों को नहीं बख्शा जायेगा: उपायुक्त

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
खनन विभाग के महानिदेशक के.एम. पाण्डुरंग के निर्देश पर व उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए विभाग की टीम द्वारा भृषक प्रयास किए जा रहे हैं। पूरे जिले में अवैध खनन रोकने को लेकर चौकसी बरती जा रही है। संयुक्त टीम के सदस्य सम्भावित स्थानों पर दबिश दे रहे हैं। जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि सोमवार को गोयलाकलां के पास अवैध रूप से दो ट्रेक्टर-ट्रालियों को अपने कब्जे में लिया व उन्हें आवश्यक कार्यवाही करने के बाद सीज कर दिया गया।

## पट्टी कल्याण में लगेगा भाजपा का प्रशिक्षण शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
समालखा पानीपत में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 2 अप्रैल बुधवार से शुरू होगा। इस प्रशिक्षण शिविर में भाजपा जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और मंडल अध्यक्षों को प्रशिक्षित किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में होने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, सह-प्रभारी सुरेंद्र नागर, संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा समेत केंद्र व राज्य के मंत्रियों के अलावा केंद्रीय आईटी एवं सोशल मीडिया प्रमुख अमित मालविया भी मंच पर उपस्थित रहेंगे और अपने विचार रखेंगे। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि 2 और 3 अप्रैल को पानीपत समालखा के पट्टी कल्याण में होने वाली कार्यशाला की पार्टी ने तैयारियां कर ली है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है और समय-समय पर कार्यकताओं को संगठनात्मक विषयों की जानकारी देने व प्रशिक्षित करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन नियमित रूप से होता रहता है। संगठन और पार्टी की विचारधारा की कार्यकताओं को जानकारी दी जाती है और संगठनात्मक विषयों पर प्रशिक्षित किया जाता है। अरविंद सैनी ने बताया कि हरियाणा में भाजपा का संगठन पर्व चल रहा है। बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां हो चुकी हैं। नवनियुक्त जिला अध्यक्षों और जिला प्रभारियों व मंडल अध्यक्षों को इस कार्यशाला में बुलाया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में कार्यकताओं को संगठन के पदाधिकारियों और नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। पदाधिकारियों को मीडिया, सोशल मीडिया व पार्टी की परिपाटी के बारे में बताया जाएगा। इन दो दिनों में भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धिंयां से भी कार्यकर्ताओं को अवगत कराया जाएगा।
अरविंद सैनी ने बताया कि भाजपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करते हैं।

**तैयारी**
▶▶ भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई

## आम जन की समस्याओं का समाधान हो सकता है: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
पानीपत, कमाल हुसैन )
हरियाणा सरकार के जनता से जुड़े बड़े कार्यक्रम जनता समाधान शिविर की सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जिम्मेदार दृष्टिद्दकोण के साथ ही आम जन की समस्याओं का समाधान हो सकता है। अधिकारी शिविर में आने वाली समस्याओं को गंभीरता से ले व बार-बार विचार करें व उचित निर्णय लेकर इनका समाधान करें। अधिकारी बहुआयामी रणनीति से कार्य करें व शिकायतकताओं को पूरी तरह प्रोत्साहित करें। अधिकारियों की निष्पक्षता, ईमानदारी के मूल्यों की



झलक उनके प्रतिनिधित्व में दिखाई देनी चाहिए।
उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं पर गहराई से समीक्षा की जाएगी। अधिकारी कम से कम समय में अपने विभाग की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों में पर्याप्त कौशल है। इसका उपयोग समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के समाधान में करें। उपायुक्त ने कहा कि जो भी शिकायतकर्ता समाधान शिविर में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचता है अधिकारी संतुलन साधकर उनकी समस्याओं का समाधान करें। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में हर समस्या का समाधान हो रहा है। अधिकारी अपनी पूरी ताकत का उपयोग लोगों की समस्याओं का समाधान करने में खर्च कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस विभाग से सम्बंधित आई समस्याओं पर गंभीरता से कार्य करके उनका समाधान किया व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सही प्रकार से अपना कार्य समझकर के लोगों की समस्याओं का जिम्मेदार अधिकारी बनकर समाधान करें। सीईओ डॉ. किरण सिंह ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि धीरे - धीरे जनता समाधान शिविर में समस्याएं कम आ रही है। इसका प्रमुख कारण अधिकारियों द्वारा शिविर में रूचि लेना व तत्काल उनका समाधान करना है। सोमवार को समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 48 समस्याएं शिकायतकताओं द्वारा दी गई। इनमें ज्यादातर समस्याएं फैमिली आईडी में इनकम करवाने से सम्बंधित मिली। उपायुक्त ने क्रिड विभाग को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द समस्याओं का निदान करें। शिविर में पुलिस विभाग से जुड़ी हुई कई समस्याएं पहुंची जिनका पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकर्ता से बात करके समाधान करने का प्रयास किया।

**समाधान**
▶▶ अधिकारी शिविर में समस्याओं को गंभीरता से ले व बार-बार विचार करें व उचित निर्णय लेकर समाधान करें

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव होना जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव होना जरूरी है ये शब्द डॉ राजबीर आर्य एकता क्लोनी स्थित साईं बाबा मंदिर सभा के सेमिनार मे बोलते हुए कही, उन्होंने कहा बार बार चुनाव होने से देश का विकास अवरुद्ध होता है इसलिए हम सब एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए जागरूक करे। कार्यक्रम के आयोजक सत्यनारायण गुप्ता रहे उन्होंने आये हुए अथितियों का स्वागत किया और इस विषय को लेकर जनजागृत अभियान मे पूर्ण



सहयोग देंगे, कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सुखबीर जगाड़ा, रमेश, कर्मबीर, जयभगवान, सेठी, आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे, कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव के जिला संयोजक ईश कुमार राणा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कहा बार बार चुनाव से देश का विकास बाधित होता है । शासनिक व प्रशासनिक कार्य बाधित होते हैं, मतदाताओं की चुनाव मे रूचि कम हो जाती है।

न्यूज फ्लैश

## स्वस्थ व्यक्ति जीवन के हर लक्ष्य को सहजता से कर सकता है पूरा: सोमनाथ सचदेवा




टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति अपने जीवन के हर लक्ष्य को सहजता से पूरा कर सकता है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य और फिटनेस की तरफ विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके साथ ही अपने खान-पान की आदतों को भी ठीक रखना होगा। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के निदेशालय शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के सहयोग से फिट इंडिया फिटनेस फिस्टा कार्यक्रम में बोल रहे थे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने फिट इंडिया फिटनेस मूवमेंट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि फिटनेस केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और ऊर्जावान जीवनशैली की कुंजी है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नियमित शारीरिक गतिविधियां न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि फिटनेस केवल एक शब्द नहीं है बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आवश्यक स्तंभ होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य सिर्फ रोग या दुर्बलता की अनुपस्थिति ही नहीं बल्कि एक पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक खुशहाली की स्थिति होती है। ऐसे में फिट इंडिया का महत्व भारत के लिए बढ़ जाता है। आज प्रौद्योगिकी ने हमारी शारीरिक क्षमता कम कर दी है और हमारी फिटनेस की आदत भी छीन ली है। साथ ही हम अपनी परंपरागत कार्यप्रणालियों और जीवनशैली से अनभिज्ञ होते जा रहे हैं, जो हमें स्वस्थ रख सकती हैं। ऐसे में यह मुहिम प्रदेश को अपनी परंपरागत कार्यप्रणालियों और जीवनशैली से जोडने. का काम करेगी। इस कार्यक्रम में 300 से अधिक प्रतिभागियों, जिनमें विद्यार्थी, संकाय सदस्य ने भाग लिया। इस अवसर पर निदेशक खेल दिनेश एस. राणा, साई की सहायक निदेशक मीता भारद्वाज,बाबू राम रावल, हॉकी प्रशिक्षक नरेन्द्र ठाकुर उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्णा स्कूल में अध्यापक-अभिभावक मिलन व अनुवल एकेडिमक अवार्ड-डे कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल में अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह व अनुवल एकेडिमक अवार्ड-डे का आयोजन किया गया। पीआरओ सुधीर यादव ने बताया कि कार्यक्रम में कक्षा एलकेजी से कक्षा प्रथम से 12वीं तक के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। समारोह में विद्यार्थियों के सत्र 2024-25 के वार्षिक रिर्पोट व विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों सहित अन्य गतिविधियों से अभिभावकों को अवगत करवाया गया।

# लाडवा में आधुनिक सुविधाओं से लैस तीन मंजिला बनेगा विश्राम गृह: नायब

### इस परियोजना की अनुमति लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दे दी: सीएम नायब सिंह सैनी

हरी झंडी

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रोजेक्ट को दी हरी झंडी, प्रोजेक्ट पर खर्च होगा करीब 16 करोड़ का बजट**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/लाडवा** : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लाडवा में आधुनिक सुविधाओं से लैस तीन मंजिला विश्राम गृह बनाया जाएगा। इस परियोजना की अनुमति लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दे दी है। इस प्रोजैक्ट पर लगभग 16 करोड़ रुपए का बजट खर्च होगा। इस प्रोजैक्ट पर शीघ्र कार्य शुरू करने के आदेश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए गए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को देर सायं पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लाडवा हल्का में सडकों, गलियों, पीने के पानी, सीवरेज, सामुदायिक केन्द्रों,चौपालों सहित गांव और शहरों में समान रूप से छोटी और बड़ी परियोजनाओं पर तेज गति के साथ कार्य किया जा रहा है। इस हल्का में करोड़ों रुपए के विकास कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लाडवा में लोक निर्माण विभाग का पुराना विश्राम गृह है। इस विश्राम गृह के साथ ही विभागीय जमीन पर आधुनिक सुविधाओं से लैस नए विश्राम गृह का निर्माण करने के प्रोजेक्ट को अनुमति दे दी है। उन्होंने कहा कि नया रेस्ट हाउस तीन मंजिला होगा, इसमें सीएम सूट सहित करीब 7 कमरों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा 70 लोगों की कैपेसिटी का आधुनिक सुविधाओं से लैस कॉन्फ्रेंस रूम का निर्माण भी इस विश्राम गृह में होगा। इस विश्राम गृह में डायनिंग हॉल के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस विश्राम गृह के निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए गए है। यह अधिकारी जल्द ड्राइंग बनाने के साथ-साथ अन्य औपचारिकताओं की टेंडर प्रक्रिया शुरू करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडवा शहर में अंबेडकर चौक से कुरुक्षेत्र की तरफ नगरपालिका की सीमा तक फैंसी लाईट लगाने के आदेश दिए गए है। इस विकास कार्य पर सरकार की तरफ से 1 करोड़ 9 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इस परियोजना पर जल्द कार्य शुरू करने के आदेश नपा अधिकारियों को दिए गए है। इसके साथ ही शहर में 16 और छोटे और बड़े विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। इन विकास कार्यों के लिए सरकार की तरफ से 4 करोड़ 96 लाख रुपए का बजट पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूरा करने के साथ-साथ निर्माण कार्य की सामग्री की गुणवत्ता पर भी विशेष फोकस रखना होगा। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी,भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, नपा अध्यक्षा साक्षी खुराना, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच उपस्थित थे।

## यमुना नहर से जल शोधन संयंत्र को पानी मिलना शुरू हुआ



टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत।** गांव ककरोई के पास पश्चिमी यमुना नहर से जल शोधन संयंत्र को पानी मिलना शुरू हो गया है, नगर निगम मेयर राजीव जैन ने मौके पर पहुंचकर सिंचाई विभाग द्वारा डाली गई लाइन के वाल्व खुलवाकर पानी छुड़वाया, अभी तक संयंत्र में पानी 23 सेक्टर स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के टैंक से मिल रहा था। राजीव जैन ने मेयर बनते ही जल संशोधन यंत्र का दौरा किया था और 31 मार्च तक पानी की सप्लाई शुरू करने के निर्देश दिये थे। राजीव जैन ने बताया कि ककरोई रोड पर स्थित दो दर्जन कॉलोनियों में वर्षों से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही थी, कॉलोनीवासी पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर थे। कविता जैन के मंत्री रहते सभी कालोनियों में पेयजल के लिए पानी लाईन बिछाई गई और 2018 में संयंत्र बनाने का काम शुरू हुआ। संयंत्र के लिए निर्धारित जमीन का कब्जा लेने में ही 2 वर्ष का समय लग गया उसके बाद सिंचाई विभाग ने पानी देने में आनाकानी की तो राजीव जैन में कई बैठकों का दौर कर पानी मंजूर करवाया जिस कारण संयंत्र चलाने का रास्ता साफ हो गया था 15 एम एल डी के ककरोई रोड पर स्थित नवनिर्मित जल संयंत्र को अभी टैम्परेरी तौर पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से पानी मिल रहा था और जो बीच-बीच में बंद हो जाता था। संयंत्र शुरू होने के बाद महलाना रोड स्थित जल संयंत्र में अतिरिक्त पानी उपलब्ध हो जायेगा जिससे लाईन पार क्षेत्र की कई कॉलोनी में पानी की सप्लाई शुरू हो जायेगी।

## जन सहयोग संस्था ने तिलक कैटर्स के सहयोग से नव वर्ष के उपलक्ष्य में लगाया भंडारा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : शहर की सुप्रसिद्ध संस्था द्वारा आज नय साल के आगमन पर तिलक कैटर्स के विशेष सहयोग से विशाल भंडारा लगाया। यह भंडारा नागरिक हस्पताल के सामने लगाया गया जिसमें सैंकड़ो मरीजों ने व राहगीरों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के अध्यक्ष अंगुरीलाल व संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि



संस्था द्वारा कोई भी तीज त्योहार इस तरीके से ही मनाया जाता है औ? इसमें तिलक कैटर्स का हर बार विशेष सहयोग रहता है। राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण करते हुए संस्था के ऐसे प्रयासों की खूब सराहना की व कहा कि ऐसी संस्थाओं के साथ अन्य लोगों को जुड़ कर भी सामाजिक कार्य करने चाहिए। मिथुन समाना ने भण्डारा वितरित करते हुए बताया कि संस्था मरीजों की हर मदद के लिए सरकारी हस्पताल में 24 घण्टे उपस्थित रहती है।

## सीजन-6 की जर्सी और ट्रॉफी लान्च के कार्यक्रम का किया आयोजन

टूर्नामेंट

**ट्रॉफी लॉच के कार्यक्रम का आयोजन पीकेआर जैन स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया**



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** इस वर्ष होने जा रहे चार दिवसीय जैन क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन-6 की जर्सी और ट्रॉफी लॉच के कार्यक्रम का आयोजन पीकेआर जैन स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नवकार मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्यसहयोगी पी. के आर जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की प्रबंधक समिति का स्वागत श्री मणिभद्र वीर यंग सोसायटी के सदस्यों द्वारा किया गया। धर्मपाल जैन के साथ स्कूल की प्रबंधक समिति ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस कार्यक्रम के इस वर्ष होने जा रहे जेसीपीएल सीजन-6 के सभी स्पॉन्सर उपस्तिथ रहे। सोसायटी के प्रधान भविक जैन जी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री माणीभद्र वीर यंग सोसायटी अंबाला की पहली ऐसी संस्था है जिसने अंबाला में डेनाइट टूर्नामेंट करवाकर अपना नाम इतिहास में दर्ज करवाया है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एक मंच पर लाना और आपसी भाईचारा बढ़ाना है। सचिव नवयम जैन ने टूनामेंट की जानकारी देते हुए बताया कि इस सीजन में 8 टीम और 104 खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह खेल 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक पी.के.आर. जैन वाटिका में खिलाया जाएगा। समाजसेवी जैन जी ने सोसायटी द्वारा करवाए जा रहे इस आयोजन की प्रशंसा की। श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ के सचिव ऋषभ जैन जी ने भी सोसायटी द्वारा करवाए जा रहे कार्यों की अनुमोदना की।समाजसेवी श्री संजीव जैन जी ने कहा कि सोसायटी द्वारा युवाओं का खेल के माध्यम से एक मंच पर लेकर आना सराहनीय कदम है। साथ ही प्पीकेआर की प्रबंधक समिति का सम्मान सोसायटी की प्रबंधक समिति द्वारा किया गया।

## कला एवं संस्कृति के संरक्षण में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका : राजू दास

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : विद्यार्थी अपनी कला संस्कृति से जुड़कर ही आगे बढ़े ताकि जीवन में अपनी कला संस्कृति, नाटक विधाओं को विश्वस्तर पर पहुंचा सके, क्योंकि युवा ही कला को अपने प्रचार-प्रसार माध्यम से आगे बढ़ा सकते हैं, ये कहना है संगीत नाटक अकादमी, कल्चर मिनिस्ट्री के सचिव भारत सरकार से जुड़े राजू दास का जो जनसंचार एवं मीडिया



प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से रू-ब-रू हो रहे थे। उन्होने कहा कि कला का प्रचार प्रसार युवाओं के हाथ में और जब वे मंच पर कला का प्रदर्शन नहीं करेगे तब तक कला विस्तार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि संगीत

कला

**जीवन में अपनी कला संस्कृति, नाटक विधाओं को विश्वस्तर पर पहुंचा सके: राजू दास**

नाटक अकादमी का मुख्य उद्देश्य देशभर के लोक कलाओं का संरक्षण करना एवं उनसे जुड़े कलाकारों का मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में संगीत नाटक अकादमी में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ दो दिवसीय ह्यकला समीक्षाह्न पर कार्यशाला का आयोजन करेंगे जिससे विद्यार्थियों में कला के प्रति अच्छी समझ के साथ भविष्य में ना केवल रिर्पोटिंग बल्कि कला समीक्षा में भी अपना करिअर बना सकेगे।

उन्होंने कहा कला समीक्षक के क्षेत्र पत्रकारिता के विद्यार्थियों के रोजगार की भरपूर संभावनाएं है।

## विश्व होम्योपैथी सप्ताह के तहत निशुल्क चिकित्सा कैंप 6 अप्रैल से

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र।** : डॉक्टर वसुंधराज होम्योपैथी एडवांस होम्योपैथिक हेल्थकेयर सेंटर द्वारा विश्व होम्योपैथी सप्ताह मनाया जा रहा है। विश्व होम्योपैथी सप्ताह के तहत ग्लोबल इवेंटस ऑगेर्नाइजेशन ट्रस्ट एवं वैली पब्लिक स्कूल पंचकूला द्वारा संयुक्त रूप से स्वास्तिक विहार पंचकूला स्थित डॉक्टर वसुंधराज होम्योपैथी एडवांस होम्योपैथिक हेल्थकेयर सेंटर एवं वैली पब्लिक स्कूल में 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक निशुल्क चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। ग्लोबल



इवेंटस ऑगेर्नाइजेशन ट्रस्ट की उत्तरी भारत डाक्टर सैल की प्रधान डा. वसुंधरा ने बताया कि कैंप में मरीजों को परामर्श एवं निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएगी। ट्रस्ट के प्रदेश प्रवक्ता तरुण वधवा ने बताया कि ग्लोबल इवेंटस ऑगेर्नाइजेशन ट्रस्ट समय-समय पर मानवता भलाई के कार्य करता रहता है। ट्रस्ट द्वारा निशुल्क चिकित्सा कैंप के साथ-साथ जरूरतमंदों को कंबल वितरित करना, पौधारोपण अभियान चलाना, आमजन को पानी की बचत करने बारे जागरुक करना सहित कई सामाजिक कार्य किए जाते है। ट्रस्ट के चेयरमैन एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने बताया कि ग्लोबल इवेंटस ऑगेर्नाइजेशन ट्रस्ट विदेश में भी कार्य कर रही है।

## माता शैलपुत्री स्वरूप की उपासना की गई

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ धाम में नवरात्रि के प्रथम दिन आराध्या देवी माता शैलपुत्री स्वरूप की उपासना की गई। माता का यह रूप सती, पार्वती, दुर्गा, उमा, अपूर्णा, गोरी, शिवांगी, सुभांगी, पर्वतवासिनी आदि अनेक नामों से प्रसिद्ध हैं। नवरात्री के शुभारंभ पर महंत शक्तिनाथ महाराज के सान्निध्य में मंदिर परिसर में हवन किया गया। महंत शक्तिनाथ महाराज ने बताया कि नवरात्रों में प्रतिदिन सुबह छह बजे आरती होगी और नौ बजे हवन होगा, शाम चार से छह बजे तक महिला मंडली द्वारा भजन संगीत कार्याक्रम होगा।

## ओ.पी. जिन्दल के विचार प्रेरणा देते रहेंगे: तेजिंद्र

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** इस्पात जगत के पुरोधा पूर्व बिजली मंत्री ओ.पी. जिन्दल की पुण्यतिथि पर जिन्दल पार्क में झांसा रोड पर कार्यक्रम हुआ। सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष तेजिंद्र खैहरा गोल्डी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और आमजन ने ओ.पी. जिन्दल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं उनके समाजसेवा के कार्यो को याद किया। जिलाध्यक्ष तेजिंद्र खैहरा ने कहा कि ओ.पी. जिन्दल शख्स नहीं बल्कि शख्सियत थे, क्योंकि शख्सियत हमेशा अमर रहती है और बाऊजी के विचार सदा प्रेरणा देते रहेंगे। राजनीति में आने का उनका मकसद समाज की सेवा था। जिन्होंने सभी वर्गो के लोगों के कल्याण के



लिए कार्य किए। उन्होंने शून्य से शुरू हुए सफर को शिखर तक पहुंचाया। इतने बडे उद्योगपति होने के बावजूद भी उनका जुड़ाव जमीन से रहा। उन्हीं के दिखाए रास्ते पर चलते हुए सांसद नवीन जिन्दल अपनी व्यस्तताओं के बावजूद भी अपने संसदीय क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक कार्यो में पूर्ण रुचि से कार्य कर रहे हैं। सांसद नवीन जिन्दल का पूर्ण प्रयास है कि बाऊजी की दिखाई राह के अनुरूप गरीब व पिछडे.वर्ग के युवा हर प्रकार से व्यवसाय, शिक्षा और जनसेवा में आगे आकर समाज को समृद्ध बनाएं। महंत राजेंद्र पुरी, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल पाली, कुरुक्षेत्र मंडलाध्यक्ष नरेंद्र जांगड़ा, ज्योतिसर मंडलाध्यक्ष रमेश सैनी बाहरी, थानेसर मंडलाध्यक्ष विवेक रावत, अभिमन्युपर मंडलाध्यक्ष सुनील चंद्रभानपुरा,

याद किया

**ओ.पी. जिन्दल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं उनके समाजसेवा के कार्यो को याद किया**

प्रदीप शर्मा मंडल अध्यक्ष इस्माईलाबाद, जिला उपाध्यक्ष रोशन बेंदी, गुरिंद्रजीत नत, पार्षद गौरव भट्ट, पार्षद कवि बजाज, पार्षद पंकज खन्ना, पार्षद दुष्यंत बक्शी, देवी दयाल शर्मा, अनिल धवन पेहवा, सुरेश राणा बीबीपुर, पूर्व जिप सदस्य सुरेंद्र माजरी, गौरव मुर्तजापुर, जगपाल बनवाला, ज्ञानचंद संधौली, प्रदीप सैनी मंझाड़ा, रामदत्त सैनी, दर्शन खन्ना, सचिन गुप्ता एडवोकेट मौजूद रहे।

## जिंदगी बने आसान विषय पर कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** ब्रहमाकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम, 36-37, दयाल बाग, अंबाला कैंट द्वारा ब्रह्माकुमारी अंबाला सब जोन डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रहमाकुमारी आशा दीदी के मार्गदर्शन में बी पी एस प्लेनेटेरियम हॉल, अंबाला कैंट में "जिंदगी बने आसान" विषय पर बहुत सुंदर विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता राजयोगी ब्रह्माकुमार सूरज भाई जी जोकि विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता है, जिन्होंने योग के माध्यम से लाखों लोगों के सकारात्मक परिवर्तन में मदद की है जी ने कहा जीवन को आसान बनाने के लिए अपनी नेचर को



आसान बनाना है। जितना ईजी हमारा नेचर होगा, हमारे जीवन में उतनी ही सरलता सहजता आएंगी। जीवन में आने वाली सभी चुनौतियों का सामना करना बहुत सहज लगेगा। अध्यात्म का अर्थ परमात्मा के समीप अपने को पहुंचाना है। जो कुछ भी आज हमारे पास है, वह सब प्रभु देन है। हमारा नाम बहुत हो रहा है, हमें बहुत मान शान मिल रहा है, उसे प्रभु में लगा दे, उस मान शान का स्वयं में अहंकार ना आने दे। जो झुक कर चले वही महान। सुख, शांति, प्रेम आपके परिवार की शोभा बन जाए। संकल्प करना मुझे अपने घर में खुशियां बिखेरनी है। भाई जी ने कहा आज सभी को जिंदगी आसान बनाने के लिए इस कार्येक्रम से

संकल्प

**जितना ईजी हमारा नेचर होगा, हमारे जीवन में उतनी ही सरलता सहजता आएंगी: ब्रह्माकुमार सूरज भाई**

मुख्य 3 बातें अपने साथ लेकर जानी है, पलाइट्नेस, सॉफ्टनेस, स्वीटनेस। जो कुछ हम दूसरों को देते हैं वही हमारे पास डबल होकर वापिस आता है। किसी को कड़वा बोलने की आदत हो, उसे छोड़ दे। हमारी स्वीटनेस सबको प्रिय होगी। कोई कैसा भी व्यवहार करे हमें हमारी स्वीटनेस नहीं छोड़नी। हमारे हर संकल्प में पावर ऑफ अट्रैक्शन है, इसलिए हमें कोई भी नेगेटिव संकल्प नहीं करना। जो हम सोचते हैं, वही हमारे साथ होता है। इसलिए सुबह आंख खुलते ही पहले 10 मिनट मोबाइल या न्यूजपेपर ना देखें, क्योंकि उस समय हमारा अवचेतन मन एक्टिव होता है, सुबह आंख खुलते ही पहले 10 मिनिट मेडिटेशन से अपने मन को चार्ज करें, संकल्प करें हम भगवान के बच्चे है, जो हम भूल गए भगवान है, मैं सर्वशक्तिमान की संतान हूं, दुनिया में भी अगर किसी के संबंध किसी पावरफुल व्यक्ति से होते है तो उसे उसका बड़ा नशा रहता है, हमारे जीवन में इससे बड़ा नशा ओर क्या होगा कि सारी सृष्टि का रचयिता स्वयं मेरा परमात्मा बाप है।

## साइबर अपराधों से बचने के जागरुकता ही सबसे बड़ा हथियार : वरुण सिंगला

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र,** आमजन को साईबर अपराधों और उनसे बचने के बारे में जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा प्रयास लगातार जारी है । पुलिस अलग-अलग तरीकों से आमजन को जागरूक करने में जुटी है । पुलिस ने इस विषय बारे अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। पुलिस विभाग द्वारा जहां शिक्षण संस्थानों में विधार्थियों को जागरूक कर रही है वहीं आम लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण



सिंगला ने बताया कि साईबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है। फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग । बदलते वक्त के साथ साईबर ठगों ने अपने पैंतरे भी बदले हैं। साईबर ठग इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों के पास किसी कभी एप्लीकेशन के माध्यम से फ्रैंड रिक्वेस्ट भेजते हैं, कभी पेंसन स्कीम का लालच देते हैं, कभी फर्जी लोन एप्प के माध्यम से, कभी बिना आर्डर का पार्सल भेजकर तो कभी कॉल फॉरवर्डिंग करके और कभी किसी व्यक्ति की ई-मैल, व्यटसअप, फेसबुक आईडी को हैक करके शातिर उनको साईबर ठगी का शिकार बनाने से नहीं चुकते। आजकल साइबर ठग इन्स्टाग्राम पर ग्रुप बनाकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं । ऐसे में आमजन को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें।

# युवा पीढ़ी जितना संस्कारवान होगी, उतना देश करेगा तरक्की: डॉ अरविंद शर्मा

**शिक्षा पद्धति**

**योग्यता अनुसार शिक्षा ग्रहण कर राष्ट्र, समाज को मजबूत बनाने का अवसर दिया: डॉ अरविंद शर्मा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मैकाले शिक्षा पद्वति को बदल कर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करके देश के युवाओं को रुचि और योग्यता अनुसार शिक्षा ग्रहण कर राष्ट्र, समाज को मजबूत बनाने का अवसर दिया है। आज हमारी युवा पीढ़ी जितना संस्कारवान होगी, उतना ही देश तरक्की करेगा। बीती देर शाम गीता विद्या मंदिर विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे थे। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई शैक्षणिक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अपने मुख्यातिथि



संबोधन में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने विक्रमी सम्वत नववर्ष व नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि हमारा युवा रचनात्मक बने, संस्कारवान बने। इसके लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करते हुए इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को तेजी से लागू करते हुए अन्य राज्यों के सामने मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री खुद नवाचार और अनुसंधान पर जोर दे रहे हैं और इसके लिए उन्होंने बजट में भी आवश्यक प्रावधान किया है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद युवाओं से जुड़ते हैं, उनसे परीक्षा पर चर्चा करते हुए उनको प्रोत्साहित करते हैं। इसलिए उनका मकसद है कि देश की युवा पीढ़ी ज्ञानवान व संस्कारवान बने। तभी देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने में उनकी भागीदारी हो सकेगी। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने शिक्षकों व अभिभावकों से आह्वान किया कि वो युवाओं के साथ जुड़ें और उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने खुशी जताई कि गीता विद्या मंदिर विद्यालय गोहाना इलाके में 46 सालों से शिक्षा की अलख जगा रहा है। आज अलग-अलग क्षेत्र में इस विद्यालय से पढ़कर युवा अच्छे पद पर जा कर जनसेवा, देशसेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य वक्ता विद्या भारती हरियाणा के प्रांत शैक्षणिक प्रमुख शेषपाल, नगर परिषद चेयरपर्सन रजनी विरमानी, इंद्रजीत विरमानी, बलराम कौशिक, गीता विद्या मंदिर विद्यालय अध्यक्ष तिलकराज, प्रबंधक डॉ मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष मजोज झा, कोषाध्यक्ष मुकेश सहवाल, पूजा सैनी, कमलेश भाटिया, दिनेश तनेजा, महेन्द्र भारद्वाज, प्रदीप कुमार, शशि भूषण, धीरज, श्यामलाल प्रधान, सत्यनारायण सैनी, हेमंत शर्मा, भूपेंद्र मुदगिल आदि उपस्थित रहे।

# गांव पाली व खुडाना तीन सौ एकड़ जमीन देने के लिए तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र के गांव पाली के सती माता के मंदिर में रविवार को गांव खुडाना और पाली की पंचायतों व क्षेत्र के लोगों की आईआईटी को लेकर बैठक हुई। बैठक में सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। सभी वक्ताओं ने कहा कि आईआईटी जैसा बड़ा संस्थान खुलने से पूरे जिलेभर को फायदा होगा। दोनों गांव तीन सौ एकड़ जमीन देने के लिए तैयार है। दोनों गांवों के लोगों ने एकमत होकर एक ही बात रखी कि सरकार आईआईटी बनाने के लिए जितनी जमीन लेना चाहे ले। दोनों गांव जमीन देने के लिए तैयार है। सभी का मत था कि आईआईटी बनवाने के लिए अगर एक बड़ा अभियान चलाए जाने की आवश्यता हुई तो वह भी करेंगे। इसके लिए जल्द ही एक कमेटी बनाकर अभियान को गति देने का



निर्णय लिया गया। इसके लिए एक कमेटी को भी गठन किया गया हैं। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी, नगर परिषद नारनौल के पूर्व वाइस चेयरमैन कैलाश सोनी पहलवान, सर्व समाज मंच अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम गोमला, यादव महासभा प्रधान अभयराम एडवोकेट, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक डॉक्टर एचडी यादव, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह यादव, पंचायत समिति महेंद्रगढ़ के पूर्व चेयरमैन सूरत सिंह, पंचायत समिति महेंद्रगढ़ के पूर्व चेयरमैन मंगल सिंह, समाजसेवी रामनिवास पाटोदा, अजय सिगाडिया, समाजसेवी बलवान सिंह फौजी, पाली गाव के सरपंच देशराज, खुडाना के सरपंच नरेश कुमार, विनोद पाली, सत्यवीर मानपुरा, यादराम गोमला, सुरेंद्र गाहडा, अनिल कुमार, वीरेंद्र सरपंच सहित कई वर्तमान व पूर्व सरपंच मौजूद थे

**न्यूज फ्लैश**

## फूलों में सज रहे हैं मेरे श्याम खाटू वाले...पर झूमे श्यामप्रेमी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत** : खाटूश्याम जी के प्रचार प्रसार को समर्पित नगर की विख्यात संस्था समस्त श्यामप्रेमी परिवार,कुरुक्षेत्र द्वारा रविवार सांय महादेव गौशाला बाहरी में 545वां भव्य श्री श्याम संकीर्तन व भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि नव संवत उत्सव के उपलक्ष्य करवाए गए इस संकीर्तन में गौशाला प्रधान सुरेन्द्र गोयल सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्यों और नगर के गणमान्य लोगों ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। श्याम दरबार की आभा देखते ही बन रही थी। पुष्प श्रृंगार और इत्र की खुशबू से वातावरण महक उठा। इस दौरान गायक नायब सिंह सिरसला और पीहू दासी ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें कर दी बाबा ने पवित्र मेरी झोंपड़ी..., हारे के सहारे आ जा, तेरा दास पुकारे आ जा..., लो आ गया अब तो श्याम मैं शरण तेरी..., फूलों में सज रहे हैं मेरे श्याम खाटू वाले और घर आए बाबा श्याम दीवानी हो गई मैं.... इत्यादि भजनों पर सभी भक्त भावविभोर होकर झूम उठे। श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की। संकीर्तन के पश्चात आरती हुई और आरती के बाद श्याम जी का पुष्प श्रृंगार भक्तों को प्रदान किया गया,मान्यता है कि पुष्प श्रृंगार से सभी बाधाएँ दूर होती हैं। भंडारे में सभी भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्याम आरती में सतीश शर्मा, इंजी.सी पी गुप्ता,संजय गर्ग,हरीश गुप्ता,अनिल मित्तल सुनेहड़ी,गौरव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गोभक्त शामिल हुए।

## ब्रह्मसरोवर तट पर नव वर्ष के कार्यक्रम में के०यू० कैंपस के लोग हुए भाव विभोर



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : गत दिवस नव संवत नव वर्ष अभिनंदन समारोह का आयोजन श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान से स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में किया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश भर के सभी सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने अपना पूर्ण सहयोग दिया। इसी अंतर्गत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से भी पंजाबी सभा के प्रधान रूपेश खन्ना ने परम पूज्य श्री ज्ञानानंदजी महाराज के आशीर्वाद से विश्वविद्यालय कैंपस से भी समस्त लोगों को परिवार सहित इस कार्यक्रम में अपने साथ ले जाकर सभी की भागीदारी की जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर ब्रह्मसरोवर पर महाआरती, भजन संध्या तथा भंडारे का आनंद लिया तत्पश्चात रूपेश खन्ना ने सभी लोगों से उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर मास्टर गरीबदास, विक्रम मंडल, रामकुमार गुर्जर ,प्रमोद शर्मा, अनिल लोहट, राजेश अरोड़ा, नितिन गिरधर, धर्मेंद्र, रामेश्वर शर्मा, मुकेश मिश्रा, अनिल दहिया, प्रताप राम, अशोक शर्मा, राम सहाय, कैप्टन जसविंदर सिंह, विकास, रीना संगवाल, नीलम, सुनीता धमीजा, आशु, सीमा, हमबिरिया, रितु, सत्यभामा, दर्पण, रेखा, राजरानी, भागीरथी, मनीषा, उषा आदि उपस्थित थे

# जनता दरबार में उमड़ी भीड़, विधायक देवेंद्र ने मौके





**गन्नौर।** सोमवार को विधायक देवेंद्र कादियान के निजी कार्यालय में जनता दरबार लगा। बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। विधायक ने सभी शिकायतें गंभीरता से सुनीं। कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। कुछ शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजा गया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं का प्राथमिकता से निपटारा करें। जनता दरबार में बिजली, पानी, पंचायत, बुजुर्ग पेंशन और बीपीएल कार्ड से जुड़ी शिकायतें आईं। विधायक ने कहा कि गन्नौर को विकसित करने का सपना पूरा करेंगे। जनता से किए वादे सरकार के सहयोग से निभाएंगे। हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराना उनका कर्तव्य है। गन्नौर हलका उनका परिवार है। जनता ने जो विश्वास जताया है, उसका कर्ज विकास कार्यों से चुकाएंगे। जनता दरबार में पुरखास धीरान गांव के नफीस, सलीम और हारून ने कब्रिस्तान की चारदीवारी, रास्ता, सफाई, नलकूप और शेड की मांग रखी। अगवानपुर गांव के सरपंच मंजीत ने राजपुरा रजबाहा अगवानपुर को पक्का करवाने की गुहार लगाई। कहा कि इससे किसानों की परेशानी दूर होगी। उद्देशीपुर गांव के लोगों ने गंदे पानी की निकासी के लिए नाला बनवाने की मांग की। बताया कि गांव में निकासी की व्यवस्था नहीं है। गंदा पानी

# धोली सड़क निर्माण के लिए सांसद ने लिखा सीएम को पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** नांगल माला से धोली सड़क निर्माण के लिए पॉलिसी में रियायत देने के लिए सांसद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि नांगल माला से धोली सड़क के निर्माण के लिए वर्ष 2018 में बजट मंजूर किया गया था। परंतु छह वर्ष से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी इस सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। ये रास्ता लगभग 5.22 किलोमीटर लंबा है। नांगल माला की तरफ से लगभग 3.60 किलोमीटर तक तो रास्ता छह करम है परंतु उससे आगे लगभग 1.6 किलोमीटर का हिस्सा चार करम ही चौड़ा है। इस 1.6 किलोमीटर के हिस्से को पूरा पांच करम करने के लिए इस रास्ते के साथ लगते किसानों की जमीन खरीदने के लिए भी सरकार ने लगभग 67 लाख रुपये मंजूर किए थे। इसके लिए 36 रजिस्ट्री होनी थी। जिसमें से 10 रजिस्ट्री तो हो चुकी हैं, परंतु बाकि की जो रजिस्ट्री बची हैं, उनका होना बहुत मुश्किल हो रहा है। कुछ मामलों में तो हिस्सेदारों की संख्या 50 से भी अधिक है तथा कुछ मामले ऐसे भी हैं जिसमें जमीन के मालिक नाबालिग हैं।

# उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने जिला जेल का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सोमवार को जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला जेल में स्थित बैरंगों में बंदियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। उपायुक्त ने कहा कि अगर किसी को पैरोल या अन्य कोई समस्या है। तो वह उन्हें बता सकते हैं। यहां उन्होंने कैदियों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां भी ली। इसके बाद उपायुक्त ने जेल परिसर स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने जेल अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैदियों के लिए एक अलग से मैड़िकल चैकअप कैंप लगाया जाए।

# ईद पर उमंग, विधायक कादियान ने दी बधाई, कहा- भाईचारे का पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: रविवार** को ईद का चांद दिखने के बाद सोमवार को कस्बे में ईद उल फितर का पर्व पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। विधायक देवेंद्र कादियान गन्नौर गांव के शमसुल उलूम मदरसे पहुंचे। वहां उन्होंने लोगों को ईद की बधाई दी। गन्नौर के अलावा ग्यासपुर, रसलूपुर, गढ़ी कलां, भौरा, खेड़ी गुर्जर, गढ़ी झंझारा, देवडू, बिंलदपुर, और बेगा गांवों में भी ईद का पर्व मनाया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि ईद पवित्रता और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व आपसी प्रेम और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति पूरी दुनिया के लिए मिसाल है। यहां सभी धर्मों के



लोग एक-दूसरे के त्योहारों में श्रद्धा और उत्साह से भाग लेते हैं। ईद भी ऐसा ही पर्व है, जिसे सभी जाति और धर्म के लोग मिलकर मनाते हैं। हमें इसके मूल उद्देश्य को नहीं भूलना चाहिए, जो मानवता और भाईचारे की सीख देता है। इस मौके पर उन्होंने देश में अमन, चैन और सौहार्द की दुआ मांगी। इस अवसर पर मो. सबीर, सलीम, यासीन प्रधान, शौकीन, डा. जावेद, अरशद मौलाना, इमाम इमरान, सोनू खान, इकबानल, इनाम सरपंच, नूरहसन, सलीम नंबरदार, नदीम कासना, युसुफ नंबरदार, अली हसन, अदीब अली, सरफराज और गय्यूर खान, अंकित मल्होत्रा मौजूद रहे।

## महिला चिकित्सक से मारपीट में पति समेत पांच नामजद

**जींद।** शहर थाना सफीदों में महिला चिकित्सक व उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई। विवाद को समाप्त करवाने के लिए चिकित्सक को बुलाया गया था। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सफीदों के वार्ड नंबर आठ निवासी एमबीबीएस भारती वर्मा ने बताया कि उसने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मारपीट करने, दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में शहर थाना सफीदों में शिकायत दी थी। इसको लेकर उनको 29 मार्च को थाने में बुलाया गया था।

# महिला से मारपीट, अकेली देखकर घर में घुसा व्यक्ति

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सेक्टर 32-33 थाना क्षेत्र के विकास कॉलोनी में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि रामपाल नामक व्यक्ति ने उसके घर में घुसकर गाली-गलौज की और फिर मारपीट की। इस दौरान महिला अकेली थी और उसने मदद के लिए शोर मचाया, जिसके बाद पड़ोसियों ने आकर उसे बचाया। महिला ने मामले की सूचना डायल 112 पर दी और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रामपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है।



पीड़िता रामरती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 मार्च को देर शाम को जब वह अपने घर में अकेली थी, तभी रामपाल वहां आया। वह पहले भी घर से कुछ सामान लेने आया था, लेकिन उस समय घर पर कोई नहीं था। जब वह दोबारा आया तो उसने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। महिला ने जब इसका विरोध किया तो रामपाल ने हाथापाई शुरू कर दी और मारपीट करने लगा। महिला ने बताया कि जब रामपाल ने उसके साथ मारपीट शुरू की तो उसने शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के पड़ोसी दौडकर आए और किसी तरह मामले को शांत कराया। इसके बाद महिला ने तुरंत रामपाल की पत्नी गीतिका को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी और बताया कि उसके पति ने बदसलूकी और मारपीट की है। घटना के तुरंत बाद रामरती ने पुलिस हेल्पलाइन डायल 112 पर कॉल कर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। इसके बाद महिला ने थाना सेक्टर 32-33 में जाकर रामपाल के खिलाफ लिखित शिकायत दी, जिसमें उसने पूरी घटना का ब्योरा दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रामपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी योगेश ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# संविधान दिवस: 15 दिन तक चलेंगे विशेष कार्यक्रम:नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र जिले में संविधान दिवस के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में लगातार 15 दिन विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह 14 अप्रैल से शुरू किए जाएंगे और इन कार्यक्रमों का समापन 28 अप्रैल को होगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्य सचिव के आदेशानुसार देश में संविधान को अडॉप करने के 75 वर्ष पूरे हो चुके है। इस उपलक्ष में सरकार के आदेशानुसार संविधान दिवस 26 नवंबर 2014 मनाया गया। अब सरकार के आदेशानुसार संविधान दिवस के उपलक्ष में 15 दिनों के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है, इसलिए 14 अप्रैल से लेकर 28 अप्रैल तक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसका बकायदा शैडयूल भी तैयार किया जाएगा। पंचायतों में संविधान स्वाभिमान यात्राएं निकाली जाएंगी, इसके लिए मॉय भारत स्वयं सेवक अहम भूमिका अदा करेंगे। इस यात्रा के दौरान 14 अप्रैल को हर गांव में भारत रत्न डा.बीआर अंबेडकर को याद किया जाएगा।

# नवनिर्वाचित महापौर कोमल सैनी ने विधिवत ग्रहण किया अपना कार्यभार

**शुभकामनाएं**

**हरियाणा के मंत्रियों, विधायकों सहित जिला अध्यक्ष और पार्षदों और गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
नवनिर्वाचित महापौर कोमल सैनी ने द्वितीय नवरात्र के शुभ अवसर पर विधिवत समारोह में अपना कार्यभार ग्रहण किया । इस अवसर पर पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और नगर निगम आयुक्त पंकज यादव विशेष रूप से मौजूद रहे । समारोह में हरियाणा के मंत्रियों, विधायकों सहित जिला अध्यक्ष और पार्षदों और शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं दी । शहर के प्रतिष्ठित पंडितों ने सनातन विधान के अनुसार मंत्रोच्चारण करते हुए महापौर कोमल सैनी को अपना



सफलतापूर्वक अपना कार्यकाल पूरा करने का आशीर्वाद दिया और वैदिक मंत्रों व श्लोक उच्चारण व वंदेमातरम की ध्वनि से नगर निगम मेयर का नया कार्यालय गूँज उठा। समारोह में पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने मेयर कोमल सैनी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता और सरकार के बीच कोई सीमा रेखा नहीं होती कोई भी फरियादी किसी भी वक्त अपने निकट के जन प्रतिनिधि से सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का समाधान करवाने का अधिकार रखता है । लोगों की स्थानीय समस्याओं का तत्काल समाधान करने के लिए ही नगर निगम और नगर पालिकाओं की लोकल बॉडी स्थापित की गई हैं इसलिए लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाए। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि महापौर का पद अत्यधिक महत्वपूर्ण और संवेदनशील होता है सैंकड़ों नागरिक अपनी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए प्रतिदिन कार्यालय में आते हैं इसलिए सभी जन प्रतिनिधि और सभी अधिकारी जनता की समस्याओं का शीघ्रता से समाधान करें । यदि उनके समक्ष यदि कोई गंभीर समस्या आ रही है तो जिला प्रशासन के माध्यम से हरियाणा सरकार के संज्ञान में लाए । पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि शहर की सभी बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं जिन पर विकास कार्य तेजी से चल रहा है । अब नगर निगम के सहयोग से इन योजनाओं को समय से पूर्व पूरा करने में और अधिक मदद मिलेगी उन्होंने कहा कि महापौर कोमल सैनी धार्मिक विचारों की मृदु भाषी उच्च शिक्षित महिला हैं और इनकी कार्यशैली और इनकी लोकप्रियता का ही परिणाम है कि मेयर के चुनाव में जीत के मार्जिन के मामले में कोमल सैनी ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए नया इतिहास रच दिया है।

# जिले में युमना नदी पर लगाए जाएगे 173 सीमा स्तंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** हरियाणा-उत्तर प्रदेश सीमा विवाद को सुलझाने के लिए हरियाणा के उत्तर प्रदेश के साथ सीमा सांझा करने वाले जिलों में सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सीमा स्तंभ लगाए जाने है। जिसके संदर्भ में सोमवार को एसीएस होम डॉ. सुमिता मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्सम से संबंधित जिलो के उपायुक्तों एवं आला पुलिस अधिकारियों के साथ कार्य को लेकर समीक्षा बैठक करते हुए उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। वीसी के उपरांत उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को पीलर लगाने के कार्य को तेजी से करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा-उत्तर प्रदेश सीमा विवाद को सुलझाने के लिए उत्तर प्रदेश के साथ सीमा सांझा करने वाले जिलों में संदर्भ स्तंभ, सब संदर्भ स्तंभ एवं सीमा स्तंभ लगाए जाने है। इसी कड़ी में सोनीपत में युमना नदी पर हमारे द्वारा 173 सीमा स्तंभ लगाए जाने है। जो कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा शुरू कर दिया गया है। स्तंभ लगाने के कार्य को पूरा करने की अतिंम तिथि 30 जून है। स्तंभ लगाने का कार्य 30 जून से पहले ही पूर्ण कर लिया जाएगा।



# दिल्ली कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शीला दीक्षित की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दिल्ली कांग्रेस कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शीला दीक्षित की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पार्टी कार्यकर्ता और समर्थकों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री डॉ नरेंद्र नाथ, किरण वालिया, मीडिया कम्युनिकेशन अध्यक्ष अनिल भारद्वाज, जतिन शर्मा, जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ राव, धर्मपाल चंदेल, राजकुमार जैन, हर्ष चौधरी, आदेश भारद्वाज, डॉ पीके मिश्रा, जेपी पावर, सुनील कुमार एडवोकेट, आभा चौधरी, अशोक भसीन



शामिल हुए। देवेंद्र यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शीला दीक्षित को याद करते हुए कहा कि स्व. शीला दीक्षित आधुनिक दिल्ली की शिल्पकार थीं। उनके नेतृत्व में दिल्ली ने बुनियादी ढांचे, सार्वजनिक परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनका दृष्टिकोण हमें निरंतर प्रेरित करता रहेगा। शीला दीक्षित को श्रद्धांजलि देते हुए देवेंद्र यादव ने अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार की असफलताओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने प्रशासन पर भ्रष्टाचार को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया और बेरोजगारी, महंगाई, कचरा प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण और सार्वजनिक परिवहन जैसे मुद्दों की अनदेखी करने के आरोप भी लगाए। उन्होंने भाजपा सरकार की लोकलुभावन घोषणाओं, जैसे 2,500 मासिक भत्ता, सस्ती एलपीजी, गर्भवती महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता और स्वास्थ्य योजनाओं के विस्तार पर सवाल उठाते हुए कहा कि इन योजनाओं को लागू करने के लिए कोई ठोस राजस्व उत्पन्न करने की योजना नहीं है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने अपनी 75% संसदीय घोषणाओं को पूरा करने में विफलता दिखाई है और हमें आशंका है कि भाजपा की दिल्ली सरकार का यह बजट भी केवल एक 'जुमला' बनकर रह जाएगा।



वार्ड-17 भलस्वा के निगम पार्षद अजीत यादव ईद के मौके पर वार्ड-17 भलस्वा की मस्जिद और ईदगाह और जे ब्लॉक मस्जिद पर जाकर लोगों को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद देते हुए।

## भारत का नवनिर्माण: शिक्षा में स्वत्व' विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवी संस्था संस्कार ने सोमवार को रोहिणी के सेक्टर-14 स्थित टेक्नीया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के प्रांगण में भारत का नवनिर्माण: शिक्षा में स्वत्व विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाने के साथ ही पूर्व की भांति शिक्षा और ज्ञान का अग्रणी वैश्विक केंद्र बनाने के लिए हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को परंपरागत स्वरूप में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ना होगा। इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने शिक्षा प्रणाली में आत्मविश्वास और स्वदेशी ज्ञान




को प्राथमिकता दें। वक्ताओं ने इसके लिए युवाओं को भारत की संस्कृति, परंपराओं और इतिहास से जुड़ने के महत्व को समझाया। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता और समावेशिता पर जोर देते हुए कार्यक्रम में यह बात भी सामने आई कि कैसे नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)2020 छात्रों को अधिक स्वतंत्र और बहुआयामी तरीके से सोचने-समझने की क्षमता प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है। इसका उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करना है, बल्कि उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने का भी है। संस्कार की उत्तरी दिल्ली शाखा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता विशाल थे। अपने संबोधन में विशाल ने बताया कि वास्तव में नई शिक्षा नीति भारत के संस्कारों को केंद्र में रखकर बनाई गई है लेकिन उसके अतिरिक्त भी कुछ और प्रयत्न किए जाने चाहिए जिनका समावेश संस्कार ने किया है। संस्कार के संस्कृति और परंपरा से जुड़े विषयों को न केवल देश के सभी शिक्षण संस्थानों, विद्यालयों और अन्य संस्थानों में लेकर जाने की आवश्यकता है बल्कि विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों के बीच भी पहुंचाने की जरूरत है। संस्कार का प्रारंभ परिवार से ही होता है और उन्नति एवं प्रगति के लिए शिक्षण और संस्कार का निर्माण लगातार जारी रहना चाहिए क्योंकि यह रुकते ही अधोपतन और संकुचन आरंभ हो जाता है।

## मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र में विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और जनकल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। इसी चरण में दिल्ली सरकार के खाद्य आपूर्ति, पर्यावरण और उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र में लगभग 1.5 करोड़ रुपये की लागत से कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इन विकास कार्यों के तहत लगभग 30 लाख रुपये की लागत से नई पानी पाइपलाइन, संत नगर एक्सटेंशन (गली नंबर



5 के पास) और श्याम नगर एक्सटेंशन मेन रोड में डाली जा रही है। इसके अलावा, लगभग 82 लाख रुपये की लागत से विष्णु गार्डन और टीसी कैंप में सीवर लाइन के नवीनीकरण कार्य की शुरूआत हुई। जिससे इन इलाकों में सफाई और स्वच्छता की स्थिति में सुधार आएगा। "नई पानी पाइपलाइन बिछने से लोगों को साफ और शुद्ध पेयजल मिलेगा, जिससे गंदे पानी की समस्या खत्म होगी। वहीं, सीवर लाइन के नवीनीकरण से गंदगी और जलभराव की समस्या कम होगी, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी कम होंगे। इसके अलावा, लगभग 28 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर 96 में छह से अधिक गलियों की सड़कों के सुधार और मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है। इसमें तीतरपुर, डी ब्लॉक एक्सटेंशन, टैगोर गार्डन और राजौरी गार्डन के प्रमुख स्थानों को शामिल किया गया है।

मंत्री ने बताया कि इन सुधारों से सड़कों की स्थिति बेहतर होगी, जल निकासी की समस्या दूर होगी और नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।



ईद के मौके पर वार्ड-18 जहांगीर पुरी क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों से मिलकर उनको ईद की मुबारकबाद देते हुए निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा।

## वजीरपुर जेजे कॉलोनी में धूमधाम से मनाई गई ईद







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के वजीरपुर जेजे कॉलोनी इलाके के एल ब्लॉक में भाजपा नेता अकील खान की ओर से ईद पर ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. महेन्द्र नागपाल, केशवपुरम जोन के चेयरमैन योगेश वर्मा, समाज सेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी, भाजपा नेता प्रमोद कश्यप, नियाज अहमद, सद्दाम, नवाब ईदरिशी, अली अख्तर, सलीम, चुन्नू, सुलेमान, राजाबाबू, फहीम, जाफर अली, असलम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर सभी ने एक-दूसरें को गले मिलकर ईद की बधाई दी।

## आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनने पर सिद्धार्थ राव को लोगों ने दी बधाई







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी का जिला अध्यक्ष बनने पर सिद्धार्थ राव को बधाई देने वालों का तांता उनके निवास व कार्यालय पर लगा हुआ है। उनको बधाई देने वालों में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता गौरी शंकर शर्मा, प्रदुमन सिंह, बालेराम, सरफुदीन, सुमित प्रकाश, अमित कौशिक, संजय यादव, संतलाल, कुलजीत सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने सिद्धार्थ राव को बधाई दी। इस मौके पर बालेराम ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि सिद्धार्थ राव संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगें और कांग्रेस की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचाते हुए लोगों को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने का कार्य करेगें। उन्होंने कहा कि मैं उनको जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई देता हूं। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी सिद्धार्थ राव को बधाई दी और अपने-अपने विचार रखें।

## राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का हुआ भव्य आयोजन

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधानसभा के सदस्य डॉ. अनिल गोयल, रविंद्र सिंह नेगी और रविकांत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा, नेहरू युवा केंद्र संगठन, दिल्ली के राज्य निदेशक लाल सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक सर्वण कटारिया, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी संजय बेनीवाल, आईआईटीएम की निदेशक डॉ. रचना राणा और




गीतकार अनिरुद्ध पांडे भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। युवा संसद में दिल्ली के विभिन्न जिलों से चयनित 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ये प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के माध्यम से चुने गए थे। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सार्थक अरोरा (प्रथम स्थान), लावण्या कार्की (द्वितीय स्थान), दिव्यांशी पांडा(तृतीय स्थान) प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो भारतीय संसद में आयोजित होगी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुई। जहां महाराजा अग्रसेन स्कूल के छात्रों ने गणेश स्तुति प्रस्तुत की। इस युवा संसद का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व कौशल, नागरिक सहभागिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समझ को विकसित करना है। अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के नेतृत्व विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र संगठन और दिल्ली विधानसभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह युवा संसद प्रधानमंत्री के उस सपने को साकार करने की दिशा में एक कदम है, जिसमें भारत की राजनीति में 1 लाख युवा नेताओं को लाने की परिकल्पना की गई है। उन्होंने आगे कहा कि भारत के युवा केवल विकास के लाभार्थी नहीं, बल्कि इसके भविष्य के निमार्ता भी हैं। विकसित भारत@2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप यह युवा संसद नई पीढ़ी को नीतियों और समाधान-आधारित सोच के प्रति जागरूक बनाने का कार्य कर रही है।

नेहरू युवा केंद्र संगठन, दिल्ली के राज्य निदेशक लाल सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए दिल्ली विधानसभा और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह मंच युवाओं को अपने विचार प्रस्तुत करने, नेतृत्व कौशल विकसित करने और लोकतंत्र को समझने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।



राणा प्रताप बाग धार्मिक मंच द्वारा आयोजित माता रानी की चौकी में जाकर आशीर्वाद लेते हुए निगम पार्षद व डिप्टी जोन चेयरमैन सुशील जोंटी व अन्य।

# अनधिकृत ई रिक्शा के खिलाफ चलेगा अभियान

## मुख्यमंत्री ने बैठक में अफसरों को दिया था संदेश-सुरक्षा व कानून व्यवस्था सरकार की पहली प्राथमिकता

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों हुई बैठक में अफसरों को संदेश दिया था कि सुरक्षा व कानून व्यवस्था सरकार की पहली प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगी। कई घटनाओं में अनधिकृत ई-रिक्शा व ऑटो की संलिप्तता पाई गई है। अभियान चलाकर इस पर हर हाल में अंकुश लगाया जाए। इस आदेश के बाद परिवहन आयुक्त ने समस्त पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान को पत्र लिखा था। यह अभियान पूरे प्रदेश में मंगलवार से शुरू होगा। नाबालिगों के हाथों में नहीं दिखेगी



स्टेयरिंगसड़क दुर्घटनाओं को लेकर चिंतित मुख्यमंत्री ने कहा था कि किसी भी गाड़ी की स्टेयरिंग नाबालिगों के हाथों में न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। टेंपो, ई-रिक्शा चालकों का वेरीफिकेशन कराया जाए। जनपदों में गठित टास्क फोर्स में परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी शामिल किया जाए। इन सभी निर्देशों के पालन और उचित क्रियान्वयन के लिए यह विशेष

**सख्ती**

**किसी प्रकार की लापरवाही या खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगी। अनधिकृत ई-रिक्शा की संलिप्तता पाई गई**

अभियान मंगलवार से प्रारंभ किया जा रहा है। मुख्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्तपरिवहन विभाग द्वारा अभियान की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। मुख्यालय में अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन संजय सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वे प्रतिदिन मुख्यालय से जनपदों की मॉनिटरिंग करेंगे। इस अभियान में मुख्यालय के साथ जनपद स्तर के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की गई है। परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के लिए विगत दिनों बैठक ली थी। इसमें उन्होंने अनधिकृत रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध अभियान चलाने का निर्देश दिया था। यह अभियान पहली अप्रैल (मंगलवार) से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। मुख्यालय स्तर से इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग होगी। इसके लिए अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# योगी सरकार बरेली में खोलेगी 132 परियोजनाओं का खजाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**बरेली: मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ के बरेली आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार है। पुलिस लाइन रवींद्रालय में बैठक कर जिम्मेदारियां सौंपी गई। वहीं रिहर्सल भी किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से लाभार्थियों को बसों द्वारा लाया जाएगा। सीएम बरेली कॉलेज में जनसभा को संबोधित करेंगे, विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और नवाबगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय की नई इमारत का उद्घाटन करेंगे। सीएम योगी के दौरे को देखते हुए एडीजी जोन रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह और डीएम रविंद्र कुमार व एसएसपी अनुराग आर्य आदि ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



प्रशासन ने डायवर्जन प्लान लागू किया है दिल्ली-रामपुर से बदायूं: बड़ा बाईपास, नवदिया इरादा, फतेहगंज पूर्वी, पीलीभीत से बदायूं: जहानाबाद, किच्छा, बहेड़ी, लखनऊ-दिल्ली मार्ग: फरीदपुर, इन्वर्टिस तिराहा, बड़ा बाईपास, बदायूं से बरेली: भमोरा, दातागंज, फतेहगंज पूर्वी।

**132 परियोजनाओं का होगा शिलान्यास :** सीएम 932.59 करोड़ रुपये की 132 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। वे "स्कूल चलो अभियान" और "संचारी रोग जागरूकता अभियान" की रैली को हरी झंडी दिखाएंगे और लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ वितरित करेंगे। एसएसपी अनुराग आर्य ने नागरिकों से यातायात प्लान का पालन करने और असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### एचएमएसआई ने होंडा मानेसर हाफ मैराथन के तीसरे संस्करण का समापन किया

**गुरुग्राम ।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने गर्व के साथ तीसरे संस्करण के होंडा मानेसर हाफ मैराथन - सड़क सुरक्षा के लिए दौड़ के सफल समापन की घोषणा की। यह कार्यक्रम एचएमएसआई के ग्लोबल रिसोर्स फैक्ट्री, आई एम टी मानेसर, गुरुग्राम से प्रारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। यह कंपनी के वैश्विक लक्ष्य के अनुरूप है, जिसमें 2050 तक




होंडा मोटरसाइकिल और ऑटोमोबाइल से संबंधित शून्य सड़क दुर्घटनाओं का सपना साकार करना शामिल है। यह समर्पित पहल एक सुरक्षित भारत को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास का प्रतिनिधित्व करती है, जहां प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए प्रत्येक कदम सड़क सुरक्षा का संदेश फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। होंडा मानेसर हाफ मैराथन में 6,000 से अधिक दौड़ने के शौकीनों ने हिस्सा लिया, जो इस महान उद्देश्य के लिए एकजुट हुए। यह आयोजन तीन श्रेणियों में आयोजित किया गया - 5 किमी फन रन, 10 किमी रन, और 21.1 किमी हाफ मैराथन - जिसे सभी कौशल स्तरों के धावकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया। आईएमटी मानेसर क्षेत्र के भीतर सावधानीपूर्वक तैयार किए गए मार्ग ने सभी प्रतिभागियों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित किया। प्रतिभागियों की खेल भावना को प्रोत्साहित करने के लिए हाफ मैराथन के विजेताओं को नई होंडा क्यूसी 1 प्रदान की गई, जबकि हाफ मैराथन और 10 किलोमीटर रन के शीर्ष धावकों को एचएमएसआई डिस्काउंट कूपन दिए गए। इसके अतिरिक्त, सभी आयु वर्गों के लिए होंडा क्यूसी 1 का मेगा लकी ड्रॉ भी आयोजित किया गया। महिला श्रेणी में मिस सीमा ने 1 घंटे 29 मिनट 29 सेकंड के समय के साथ हाफ मैराथन (21.1 किमी) में जीत हासिल की, जबकि पुरुष श्रेणी में श्री मनोज सिंह ने 1 घंटे 12 मिनट 35 सेकंड में दौड़ पूरी कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। 10 किमी वर्ग में, पुरुष श्रेणी में श्री रवि (31 मिनट 08 सेकंड) और महिला श्रेणी में मिस कविता (41 मिनट 37 सेकंड) ने जीत दर्ज की।

### पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा ।** पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड (कंपनी), जो द्वापार्क्ह ब्रांड के तहत 13 एनएबीएच मान्यता प्राप्त मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का नेटवर्क संचालित करती है, ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु 2) की पेशकश के माध्यम से रु12600 मिलियन (रु 1260 करोड़) तक के फंड जुटाने की योजना बनाई है। रयन (रु 960 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम (ताजा निर्गम) और विक्रय शेयरधारकों द्वारा कुल ?3000 मिलियन (रु 300 करोड़) तक का बिक्री प्रस्ताव (बिक्री प्रस्ताव) शामिल है। पार्क मेडी वर्ल्ड उत्तर भारत में दूसरी सबसे बड़ी निजी अस्पताल श्रृंखला है, जिसकी कुल बिस्तर क्षमता 3,000 बिस्तरों की है, और बिस्तर क्षमता के मामले में हरियाणा में सबसे बड़ी निजी अस्पताल श्रृंखला है, जिसमें 30 सितंबर, 2024 तक 1,600 बिस्तर हैं। (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट)। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। (लिस्टिंग विवरण) नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड, सीएलएसए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड और इंटेंसिव फिस्कल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। (बीआरएलएम)

## किन्नरों को भी दिया जाय आरक्षण: कौशल्या नंद गिरी

**प्रयागराज: देश** के संविधान में सभी को आरक्षण दिया गया है। लेकिन थर्ड जेन्डर को अभी तक कोई आरक्षण नहीं दिया गया है। जिससे समाज में किन्नरों की स्थिति ठीक नहीं है। हमारी मांग है कि हमारे समाज को भी आरक्षण दिया जाय। यह बात सोमवार को किन्नर दिवस के मौके पर जुलूस निकालने के बाद किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी ने मीडिया से कही। उन्होंने कहा कि किन्नरों को भी पीएम आवास, शिक्षा सहित अन्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। आदित्यनाथ से मांग है कि दिव्यांगो की तरह किन्नर समाज को भी सरकारी सुविधाएं दी जाय।

# ईद पर विश्वनाथ की नगरी में बही सौहार्द की बयार, नमाजियों पर हुई पुष्पवर्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: श्री** काशी विश्वनाथ की नगरी में सोमवार को उल्लास और भाईचारे के साथ ईद-उल-फितर (ईद) का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। खुशनुमा पल यह रहे कि जहां प्रदेश के कुछ जिलों में हंगामे की खबर आई, वहीं काशी में सौहार्द की बयार बही। जब मस्जिद से ईद की नमाज पढ़ कर लौट रहे लोगों पर सनातनी युवकों ने गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई। इससे आल्हादित नमाजियों ने पुष्पवर्षा करने वाले युवकों को आगे बढ़ कर गले लगाया और ईद की मुबारकबाद दी। इससे ईद के पर्व पर गंगा जमुनी तहजीब के साथ भाईचारे और खुशियों का रंग गाढ़ा



दिखा। खास बात यह है कि महादेव की नगरी में मुस्लिम युवा भी सावन माह के सोमवार और महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों के ऊपर पुष्पवर्षा कर उनकी अगवानी करते हैं। शहर के मस्जिदों और ईदगाहों में अकीदत के साथ मुस्लिम बंधुओं ने कड़ी सुरक्षा के बीच ईद की नमाज अदा की। खुदा की बारगाह में अपने और अपने परिवार के साथ देश में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिले। सुबह से ही लोग स्नान कर, नए कपड़े पहन और इत्र की खुशबू बिखेरते हुए नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों की ओर रवाना हो गए थे। बच्चों और युवाओं का उत्साह पर्व पर देखते बन रहा था।

**बयार**

**खुशनुमा पल यह रहे कि जहां प्रदेश के कुछ जिलों में हंगामे की खबर आई, वहीं काशी में सौहार्द की बयार बही**

जिले के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह 6:30 बजे से 10:30 बजे के बीच ईद की नमाज पढ़ी गई। सबसे अंत में नई सड़क स्थित मस्जिद लंगड़े हाफिज में ईद की नमाज अदा की गई। इसके अलावा नगर के ईदगाह लल्लापुरा, फातमान, लोहता और चौखंभा स्थित आलमगीर मस्जिद, ज्ञानवापी, मस्जिद खजूर वाली नई सड़क, काशी विद्यापीठ स्थित ईदगाह में भी नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों ने भी नमाजियों को गले मिलकर ईद की बधाई दी। बच्चे पुलिस अधिकारियों को ईद की शुभकामनाएं देते रहे और अधिकारी उन्हें गोद में उठाकर स्नेह लुटाते रहे।

# एक्सएलआईआरआई ने पीजीडीएम और पीजीडीएम (एचआरएम) 2023-25 बैच के लिए प्लेसमेंट हासिल किया जो एक रिकॉर्ड है

**टीम एक्शन इंडिया**
**जमशेदपुर:** जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट - XLRI ने पीजीडीएम (बीएम) और पीजीडीएम (एचआरएम) 2023-25 बैच के लिए अपने अंतिम प्लेसमेंट को सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया है, जो भारत के प्रमुख बिजनस स्कूल के रूप में अपनी विरासत को मजबूत कर रहा है। XLRI जमशेदपुर और XLRI दिल्ली एनसीआर कैम्पस से कुल 591 विद्यार्थियों ने इस प्रक्रिया में भाग लिया, जिसमें 172 भर्तीकताओं ने 600 से अधिक ऑफर दिए, जिनमें दो अंतरराष्ट्रीय ऑफर और 41 नए भर्तीकर्ता शामिल थे। बाजार की चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बावजूद, मीडियन (माध्यिका) वेतन 29 लाख रुपये प्रति वर्ष तक पहुँच गया, शीर्ष 10% ने औसत 52.03 लाख रुपये प्रति वर्ष हासिल किया और शीर्ष 25% ने 44.35 लाख रुपये प्रति वर्ष हासिल किया। उच्चतम अंतरराष्ट्रीय ऑफर 1.10 करोड़ रुपये का था, जबकि उच्चतम घरेलू पैकेज 75 लाख रुपये प्रति वर्ष तक पहुँच गया। उद्योग जगत से संबंधित लोग XLRI प्रतिभा पर भरोसा करते हैं प्लेसमेंट सीजन में 34.17% विद्यार्थियों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए, जो इंटर्नशिप के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन का प्रमाण है। कंसल्टिंग, बीएफएसआई और सेल्स एंड मार्केटिंग भर्ती के शीर्ष क्षेत्रों के रूप में उभरे हैं, जिसमें एक्सेंचर स्ट्रैटेजी, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, ए पार्थेनन, PwC इंडिया, रिलायंस और कोटक महिंद्रा बैंक जैसी प्रमुख कंपनियाँ सबसे ज्यादा ऑफर दे रही हैं। कंसल्टिंग : बैच के 26% विद्यार्थियों को मैकिन्से, इज़्ड बेन एंड कंपनी, एक्सेंचर स्ट्रैटेजी, ए पार्थेनॉन। कियर्नी, ढ्ढ3, क्द्वअउ, इंफोसिस।

## डिप्रेशन के शिकार किसान ने गोली मारकर की खुदकुशी

**जालौन: उरई** कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात को एक किसान ने गोली मारकर खुदकुशी कर ली है। सोमवार को मामला सामने आने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार राय ने बताया कि मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी किसान मुकेश श्रीवास्तव (55) रविवार देर रात अपने कमरे में गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। रात में ही गांव बिनौरा से लौटे थे। सोमवार को घटना की जांच को पहुंची पुलिस ने पूछताछ की। भाई अवधेश श्रीवास्तव ने बताया कि वह पिछले 30 सालों से डिप्रेशन में थे। झांसी, कानपुर, ग्वालियर से लेकर कई शहरों में उनका इलाज कराया गया।

# योजनाओं से बदल रही हर दिव्यांग की तकदीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: योगी** सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विशेष रूप से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। योगी सरकार दिव्यांगजन समाज को मुख्यधारा से जोड़कर सम्मानजनक जीवन जीने और उनके अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। योगी सरकार प्रदेश के 11 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को पेंशन का न सिर्फ लाभ दे रही है, बल्कि उनकी रुचि के अनुसार विभिन्न कौशलों से जोड़ने का कार्य कर रही है।बीते आठ वर्षों में योगी सरकार ने दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया है। शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार दिव्यांगजनों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। प्रदेश में दिव्यांग छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए दो प्रमुख विश्वविद्यालय डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ और जगद्गुरु रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट संचालित किए जा रहे हैं। इन संस्थानों में दिव्यांग छात्रों को विशेष सुविधाओं के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल रहा



**आत्मनिर्भर**

**दिव्यांगजन के प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत**

है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप के अनुसार योगी सरकार दिव्यांगजनों को उनकी रुचि के अनुसार विभिन्न कौशलों से जोड़ने का कार्य कर रही है। सामाजिक संस्थाओं और स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से उन्हें विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं, जिनके तहत दिव्यांगजनों को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता भी दी जा रही है।

# सनातनी संस्कृति में समय मापने के लिए कई सम्वतों का उपयोग

## भारतीय सम्वतों का महत्व और प्रासंगिक, सम्वत और कैलेंडर दो अलग-अलग शब्द

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: भारत** में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से भारतीय नवसंवत्सर 'सिद्धार्थी' की शुरुआत हो गई है। भारत में समय मापने के लिए कई सम्वतों का उपयोग किया जाता है, जिनमें से प्रत्येक का अपना विशिष्ट महत्व और प्रासंगिकता है। विक्रम सम्वत, महर्षि पराशर का पंचांग, शालिवाहन शाक और कलियुग जैसे सम्वतों का अपने-अपने संदर्भ में गहरा महत्व है। भारत एक विविध और समृद्ध संस्कृति वाला देश है, जहां विभिन्न बौद्धिक जातियों और समुदायों के लोग रहते हैं। ऐसी विविधता के बीच समय को मापने

**पंचांग**

**यह पंचांग महर्षि पराशर द्वारा बनाया गया था और इसका उपयोग हिंदू पंचांग में व्यापक रूप से किया जाता है**

के लिए सम्वतों का उपयोग न केवल परम्परा है, बल्कि यह हमारे सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हमारे देश में कितने सम्वत हैं और उनकी शुरुआत कैसे होती है? शोधार्थी डॉ श्वेतांक मिश्र बताते है कि देश में विभिन्न सम्वतों की शुरुआत का तरीका भी अलग-अलग है। कुछ सम्वत पूर्णिमा से शुरू होते हैं, जबकि अन्य अमावस्या से शुरू होते हैं। इसका कारण यह है कि विभिन्न सम्वतों का अपना एक विशिष्ट तरीका और महत्व होता है। विक्रम सम्वत सूर्य सिद्धांत पर आधारित है, जबकि महर्षि पराशर का पंचांग चंद्रमा की गति पर आधारित है। शरद पूर्णिमा का महत्व भी महर्षि पराशर के पंचांग में विशेष रूप से उल्लेखित है। इन सम्वतों का निर्माण और उनका महत्व समझने से हमें भारतीय संस्कृति और परम्पराओं की गहराई में जाने का अवसर मिलता है। डॉ मिश्र बताते हैं कि विक्रम सम्वत की शुरुआत चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है, जो आमतौर पर मार्च या अप्रैल में आती है। यह राजा विक्रमादित्य द्वारा शुरू किया गया था और इसका उपयोग उत्तर भारत में व्यापक रूप से किया जाता है। इसी तरह महर्षि पराशर के पंचांग की शुरुआत आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है, जो आमतौर पर सितम्बर या अक्टूबर में आती है। यह पंचांग महर्षि पराशर द्वारा बनाया गया था और इसका उपयोग हिंदू पंचांग में व्यापक रूप से किया जाता है।

# मेरठः नमाज के बाद एक ही समुदाय के दो लोगों में मारपीट-पथराव, कई घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मेरठ: ईद** के नमाज के बाद सोमवार को एक ही समुदाय के दो लोगों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। पथराव और फायरिंग हुई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस अधीक्षक देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि यह मामला सिवालखास कस्बे का है। यहां के निवासी जाहिद और नाजिम में रविवार को किसी



बात को लेकर कहासुनी हुई थी। स्थानीय लोगों ने दोनों को समझा दिया था। सोमवार को नमाज के बाद जाहिद और नाजिम आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे को देखते ही गाली-गलौज करने लगे। दोनों में मारपीट होने लगी। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग एकत्र हो गए और पथराव शुरू हो गया। फायरिंग भी की गई।

## संयम की देवी ब्रह्मचारिणी के दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: काशीपुराधिपति** की नगरी में वासंतिक चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर श्रद्धालु आदिशक्ति के दरबार में दिव्य शक्ति के प्रति अटूट विश्वास का नजारा दिख रहा है। जिलेभर के देवी मंदिरों में दर्शन और पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। देवी का दरबार पवित्र और दिव्य आभा से भरा नजर आ रहा है। आस्था, भक्ति और श्रद्धा का यह पर्व देख विदेशी पर्यटक चकित है। चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन (सोमवार) को परंपरागत रूप से नौ गौरी के दर्शन-पूजन की परंपरा का पालन करते हुए श्रद्धालुओं ने ज्येष्ठा गौरी के नखास, काशीपुरा स्थित दरबार में हाजिरी लगाई। नवदुर्गा के पूजन के क्रम में ब्रह्माघाट स्थित ब्रह्मचारिणी देवी के दरबार में भी भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। दरबार में रात तीन बजे के बाद से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना शुरू हो गया था। काशी में मान्यता है कि माता भगवती के ब्रह्मचारिणी रूपी अलौकिक स्वरूप के दर्शन से पापों का नाश होता है। उनके दिव्य स्वरूप की आराधना से भक्तों में तप, त्याग, सदाचार, संयम और वैराग्य की भावना निरंतर बढ़ती है। देवी के दोनों प्रमुख मंदिरों के साथ-साथ नगर के सभी प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।

# यूपी में सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर नहीं पढ़ी गई नमाज: डीजीपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने सोमवार को कहा कि यूपी में सार्वजनिक स्थानों पर नमाज नहीं पढ़ी गई है। ये सब धर्मगुरुओं और शासन की अपील पर हुआ है। त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा रहा है। डीजीपी ने कहा कि शासन के निर्देश का पूरा पालन किया गया है। ईद-उल-फितर (ईद) की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराई गई है। इसमें जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने अहम भूमिका



निभाई है। इस बार सड़कों पर नमाज अता नहीं की गई है, ये सब शासन के निर्देश और धर्म गुरुओं के कहने पर हुआ है। इसका सभी ने पालन किया है। 31 हजार स्थानों पर नमाज अता की गई है। डीजीपी ने यह भी कहा कि शाम के वक्त अक्सर देखा जाता है कि कुछ नए युवक तेजी से बाइक चलाते हैं। स्टंटबाजी करते हैं, उनसे अपील की गई है ऐसा न करें। इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस बल को मुस्तैद किया गया है, चौकसी बरती जा रही है। डीजीपी ने सभी को ईद-उल-फितर की सभी को शुभकामनाएं और बधाई दी है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 01 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### कुट्टू का आटा खाने से लोगों के बीमार होने पर सक्रिय हुई पुलिस

टीम एक्शन इंडिया

**हरिद्वार।** प्रदेश की राजधानी देहरादून व हरिद्वार में कुट्टू के आटे का सेवन करने से लोगों के बीमार होने के बाद पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस ने जनपद में किराना की दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाया और लोगों से कुट्टू के आटे की प्रमाणिकता जानने के बाद ही सेवन करने की अपील की। नवरात्र पर कुट्टू के आटे का सेवन से कुछ लोगों के लक्सर क्षेत्र में बीमार होने की सूचना पर एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने जनपद में विशेष अभियान चलाया। पुलिस ने नकली, मिलावटी कुट्टू के आटे के क्रय, बिक्रय की शिकायत पर शहर से लेकर देहात तक दुकानों में चेकिंग की। पुलिस ने इसके साथ ही आमजन को जागरूक किया व दुकानदारों, चक्की वालों को नकली, मिलावटी आटा न बेचने की हिदायत दी। पुलिस ने कुट्टू के आटे का सेवन न करने और अपने आसपास के लोगों को भी सचेत करने तथा कुट्टू के आटे की प्रमाणिकता के उपरांत ही उसका सेवन करने की अपील की।

### अता की गई ईद की नमाज, देश में अमन की मांगी दुआ

**हल्द्वानी।** ईद-उल-फितर का त्योहार पूरे देश में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। रमजान के पवित्र महीने के बाद यह त्योहार खुशियों, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। ईद-उल-फित्र के मौके पर हल्द्वानी में हजारों लोगों ने ईदगाह में नमाज अदा कर अल्लाह से देश व दुनिया में शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। हल्द्वानी ईदगाह में सुबह से ही रोजेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां ईद उल फित्र की नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी हल्द्वानी ईदगाह में ईद की नमाज के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। हजारों की तादाद में पहुंचे रोजेदारों ने अल्लाह के सामने हाथ फैलाकर अपने गुनाहों की माफी मांगी और देश में अमन-चैन की दुआ की। इस मौके पर सभी ने एक-दूसरे को ईद मुबारक कहकर भाईचारे का संदेश दिया।

### राजस्थान: आज से हॉस्पिटलों में ओपीडी का समय बदलेगा

टीम एक्शन इंडिया

**जयपुर।** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में ओपीडी का समय एक अप्रैल से बदल जाएगा। सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल सहित सभी जिला अस्पताल, उपजिला, सैटेलाइट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में ओपीडी अब सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगी।

# यूपी: औद्योगिक प्राधिकरणों का बनेगा डाटाबेस

## सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर प्रदेश के सभी प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरणों का विस्तृत डाटाबेस होगा तैयार

**नोडल एजेंसी**

▸▸ प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ पूरा करने के साथ ही भूमि की मौजूदा स्थिति जानने में मिलेगी मदद



टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार की नीतियां सकारात्मक रूप दिखा रही हैं। सीएम योगी के विजन अनुसार पिछले कुछ वर्षों से जिस प्रकार उत्तर प्रदेश उद्यम प्रदेश के रूप में अपनी पहचान भारत समेत पूरी दुनिया में स्थापित कर रहा है। इस पहचान को और पुख्ता करने के लिए योगी सरकार द्वारा नित नए कदम उठाए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों में एक नवीन प्रयास के तौर पर प्रदेश के औद्योगिक प्राधिकरणों के विस्तृत डाटाबेस बनाने की प्रक्रिया भी शामिल है। प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने और ट्रैक करने के लिए नोडल एजेंसी के तौर पर कार्य करते हुए इन्वेस्ट यूपी अब प्रदेश के सभी प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरणों के विस्तृत डाटाबेस बनाने की प्रक्रिया जल्द शुरू करने जा रही है। इससे भूमि आवंटन प्रक्रिया को पारदर्शिता पूर्वक पूरा करने के साथ ही विभिन्न प्राधिकरणों में रिक्त प्लॉट्स तथा आवंटित भूमि पर उद्योग स्थापना तथा क्रियान्वयन की मौजूदा स्थिति को जानने में मदद मिलेगी।

**प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरणों का विस्तृत डाटाबेस होगा तैयार**

सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरणों का विस्तृत डाटाबेस तैयार करने की प्रक्रिया जल्द ही इन्वेस्ट यूपी की देखरेख में शुरू होने वाली है।

जिन प्राधिकरणों में इस प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा उनमें उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा), उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा), यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा), ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण, नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा), गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) तथा सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण (सीडा) प्रमुख हैं।

न सभी औद्योगिक प्राधिकरणों में चिह्नित लैंड बैंक पर नजर रखते हुए पहले से आवंटित प्लॉट्स के आक्यूपेंसी स्टेटस, इन प्लॉट्स पर लगाए जाने वाले औद्योगिक इकाइयों की प्रगति व वर्तमान स्थिति तथा रिक्त प्लॉट्स के प्रकार व उनसे जुड़ी अन्य जानकारियों के संचयन व संकलन के लिए दक्ष सर्वे एजेंसियों की नियुक्ति के माध्यम से कार्यों को पूरा किया जाएगा।

**सर्वे एजेंसियों द्वारा डाटाबेस निर्माण की प्रक्रिया होगी पूरी**

**प्रदेश** के औद्योगिक प्राधिकरणों में भूमि आवंटन प्रक्रिया निर्बाध रूप से पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़े, इस उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी की निगरानी में डाटाबेस निर्माण के कार्य को पूरा किया जाने की योजना है। इसके लिए इनवेस्ट यूपी दक्ष सर्वे एजेंसियों की नियुक्ति की प्रक्रिया को जल्द पूरा करेगी जो प्राधिकरणों के ऑफसाइट व ऑनसाइट लैंड पूल की निगरानी, उनसे जुड़े विभिन्न तथ्यों के संकलन तथा मासिक रिपोर्ट के माध्यम से विभिन्न प्राधिकरणों में औद्योगिक भूखंडों पर इकाई संचालन, निर्माण व विकास कार्यों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएगी। ये एजेंसियां इस बात को देखेंगी कि किसी भी औद्योगिक भूखंड का इस्तेमाल तयशुदा मदों के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य में न हो। ऐसा होने की सूरत में यह अपनी रिपोर्ट के माध्यम से इन्वेस्ट यूपी को जानकारी उपलब्ध कराएंगी और आगे इन्वेस्ट यूपी द्वारा इस मद में कार्रवाई सुनिश्चित करने की प्रक्रिया को बल मिलेगा।

# हिमाचल में अनाथ बच्चों के लिए एक और सौगात



**प्रमाण पत्र**

▸▸ संस्थानों में रह रहे अनाथ बच्चों को अब बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा

टीम एक्शन इंडिया

शिमला/चमन शर्मा

**हिमाचल** प्रदेश सरकार ने अनाथ बच्चों के अधिकारों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घोषणा की है कि राज्य में पिछले 15 वर्षों से बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे अनाथ बच्चों को अब बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। अब तक इस तरह की कोई व्यवस्था न होने के कारण अनाथ बच्चे कल्याणकारी योजनाओं और सरकारी नौकरियों के लिए पात्र नहीं हो पाते थे। लेकिन सरकार के इस निर्णय से वे भी अन्य नागरिकों की तरह सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने खुद लिया था संज्ञान

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने 30 अक्तूबर, 2024 को शिमला स्थित बाल आश्रम टुटीकंडी के दौरे के दौरान इस समस्या को समझा था। उन्होंने उपायुक्त, शिमला को इस विषय की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। विस्तृत अध्ययन और समीक्षा के बाद सरकार ने इन बच्चों को बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण-पत्र जारी करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू अनाथ बच्चों के प्रति संवेदनशील रहे हैं। यही कारण था कि मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने सचिवालय जाने से पहले टुटीकंडी बाल आश्रम का दौरा किया और बच्चों से संवाद किया।

**मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना बनी सहारा**

**प्रवक्ता** ने कहा कि अनाथ बच्चों को शिक्षा, देखभाल और आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना लागू की है। इसके तहत अनाथ बच्चों को कई सुविधाएं दी जा रही हैं, जिनमें भारत भ्रमण और शैक्षिक यात्राओं का अवसर 14 वर्ष तक के बच्चों को 1,000 रुपये मासिक सहायता, 15 से 18 वर्ष के बच्चों और एकल महिलाओं को 2,500 रुपये प्रतिमाह सहायता, जेब खर्च के रूप में हर महीने 4,000 रुपये, स्टार्टअप के लिए 2 लाख रुपये की आर्थिक मदद और आवास निर्माण के लिए 3 बीघा भूमि और 3 लाख रुपये की सहायता राशि शामिल है।

### सरकार से कोई नाराजगी नहीं: किरोड़ी

टीम एक्शन इंडिया

**कोटा। कृषि** मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि पर्ची का मुद्दा पुरानी बात हो गई, आई-गई बात को क्यों कुरेदते हो। सरकार से कोई नाराजगी नहीं थी और अब दिल्ली हाईकमान के निर्देश पर पिछले पांच-छह दिनों से सक्रिय हुआ हूं। मीणा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सीट हारने पर नैतिकता के नाते मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। इसलिए काम नहीं कर पाया। अब नेतृत्व से आदेश मिला है काम करो। जो नौ महीने में नुकसान हुआ है, उसकी जल्द से जल्द भरपाई करेंगे।

## 16 गोल्फ कार्ट्स का संचालन शुरू कराएगी योगी सरकार

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में नागरिकों को उत्तम सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार जल्द ही राजधानी लखनऊ में गोमती रिवरफ्रंट तथा जनेश्वर मिश्र पार्क में कुल 16 गोल्फ कार्ट्स का संचालन शुरू कराने जा रही है। सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने गोमती रिवर फ्रंट पर दो तथा जनेश्वर मिश्र पार्क में चार स्थानों पर 10 गोल्फ कार्ट्स के संचालन की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। इससे यहां आने वाले आगंतुकों के लिए उच्च गुणवत्ता युक्त निर्बाध परिवहन सेवाओं का संचालन सुनिश्चित हो सकेगा। इन चिह्नित स्थानों पर गोल्फ कार्ट के संचालन, स्टेशन प्रबंधन, रखरखाव समेत अन्य संबंधित प्रक्रियाओं को जल्द पूरा करने पर एलडीए का फोकस है।



**गोमती रिवरफ्रंट पर 6 तथा जनेश्वर मिश्र पार्क में 10 गोल्फ कार्ट्स का होगा संचालन**

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार, गोमती रिवर फ्रंट पर दो तथा जनेश्वर मिश्र पार्क में चार स्थानों पर 10 गोल्फ कार्ट्स के संचालन की प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जाएगा। गोमती रिवरफ्रंट पर दाहिनी व बाईं तरफ 3-3 गोल्फ कार्ट्स का संचालन किया जाएगा जबकि जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर 1 व 2 पर 5 गोल्फ कार्ट्स तथा गेट नंबर 6 व 7 पर 5 गोल्फ कार्ट्स का संचालन नियमित तौर पर किए जाने की योजना है।

**संचालन**

▸▸ दो तथा जनेश्वर मिश्र पार्क में चार स्थानों पर 10 गोल्फ कार्ट्स के संचालन की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा

## कांग्रेस के लिए राजनीति विकासवादी नहीं, व्यक्तिवादी है : महेंद्र भट्ट

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून। आज** की राजनीति विशेषकर उत्तराखंड की राजनीति मुद्दाविहीन और व्यक्तिवादी हो गई है। कांग्रेस की ओर से जो भी मुद्दे उठाए जाते है, वह जनहित से न जुड़े होकर व्यक्तिगत आरोपी प्रत्यारोप के हैं। कांग्रेस के लोग यदि जन समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करें तो और अच्छा हो। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सांसद महेंद्र भट्ट पत्रकारों से बातचीत में यह कहा।

उन्होंने विपक्ष को सलाह दी कि हमें अपनी बात सयंमपूर्वक रखनी चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा कार्य के साथ-साथ अपनी रिपोर्ट प्रतिवर्ष जनता तक पहुंचाती हैं। सरकार के तीन साल पूर्ण होने पर तीन साल की रिपोर्ट जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। महेंद्र भट्ट ने स्पष्ट किया कि हमने जनता से जो वायदे किए थे वह निभाये गए हैं। जिनमें यूसीसी जैसा महत्वपूर्ण कानून भी शामिल है। बलपूर्वक अथवा लालच देकर कराया गया धर्मांतरण, लैंड एवं लव जेहाद, कठोर भू-कानून, नकल अध्यादेश जैसे जनोपयोगी विषयों पर सरकार ने प्रभावी ढंग से कार्यवाही की है। प्रयास रहता है कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरा जाए।

**साधा निशाना**

▸▸ कांग्रेस के लोग यदि जन समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करें तो और अच्छा हो: महेंद्र भट्ट







## सीएम ने 08 को प्रदान किये नियुक्ति पत्र

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में परिवहन विभाग के अंतर्गत सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) पद पर नियुक्त 08 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह आपके जीवन की नई शुरूआत है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नव चयनित अभ्यर्थी अपने कार्यक्षेत्र में नवाचार करेंगे और परिवहन विभाग में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाला राज्य है। राज्य में परिवहन के क्षेत्र में बहुत चुनौतियां हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वाहनों की फिटनेस जांच, मोटर वाहन अधिनियम और नियमों के पालन कराने और सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यों में सम्भागीय निरीक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।



### राजस्थान के टोंक में नमाजियों ने की नारेबाजी

टीम एक्शन इंडिया

**जयपुर।** नमाज पढ़कर जुलूस के रूप में लौटते समय नमाजियों ने धार्मिक नारेबाजी की, इससे टोंक के मालपुरा कस्बे के केकड़ी रोड पर जाम लग गया। जुलूस में करीब तीन हजार लोग थे। इस दौरान पुलिस और भीड़ के बीच नोंकझोंक भी हुई। करीब आधा घंटे की नारेबाजी के बाद पुलिस के समझाने पर लोग माने और जाम खोल दिया। मामला टोंक के मालपुरा कस्बे का है।सोमवार की सुबह नमाज पढ़कर करीब तीन हजार की संख्या में नमाजी धार्मिक नारेबाजी करते हुए लौट रहे थे।

**जीवन स्तर** दुग्ध उत्पादक महिला सहकारी सभा समितियां, जो पहले सीमित संसाधनों के साथ काम कर रही थीं

## दुग्ध उत्पादक क्षेत्र में गुमराला महिला सहकारी सभा की नई सफलता

टीम एक्शन इंडिया

मंडी। हिमाचल प्रदेश सरकार के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास अब परिणाम दिखाने लगे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा किए गए निर्णयों से दुग्ध उत्पादकों को विशेष लाभ मिल रहा है। दुग्ध उत्पादक महिला सहकारी सभा समितियां, जो पहले सीमित संसाधनों के साथ काम कर रही थीं, अब आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो चुकी हैं। दूध के दाम में ऐतिहासिक वृद्धि से इन उत्पादकों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है और दूध उत्पादन में भी लगातार वृद्धि हो रही है। सराज विधानसभा क्षेत्र के घुमराला स्थित महिला दुग्ध उत्पादक और क्रय विक्रय सहकारी सभा समिति ने अपने कठिन संघर्षों के बाद उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। समिति के सचिव सुशील कुमार ने बताया कि 2003 में इस सहकारी सभा की स्थापना की गई थी, जब गांव के कुछ लोगों ने मिलकर इस संस्था की शुरूआत की थी। उस समय केवल 7 लीटर दूध एकत्रित किया जाता था, लेकिन आज यह सहकारी सभा सराज विधानसभा क्षेत्र में दुग्ध उत्पादक क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। सुशील कुमार ने बताया कि इस दुग्ध उत्पादक केंद्र में करीब 20 वर्षों से कार्य हो रहा है। पहले सरकारें दूध के दामों में केवल 1 से 2 रुपये की वृद्धि करती थीं, लेकिन 2022 में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने दुग्ध उत्पादकों के लिए कई सकारात्मक कदम उठाए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने दुग्ध उत्पादकों की समस्याओं को समझा और उनके लिए 13 रुपये की एक साथ वृद्धि की। इसके बाद इस वर्ष के बजट में 6 रुपये की और वृद्धि की गई, जिससे अब गाय के दूध का समर्थन मूल्य 51 रुपये और भैंस के दूध का समर्थन मूल्य 61 रुपये हो गया है। इस केंद्र की कार्यप्रणाली को लेकर भी कई सकारात्मक बदलाव हुए हैं।

